# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 10 मार्च 2025




## टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती

### न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, रोहित की कप्तानी में 9 महीने में दूसरा आईसीसी खिताब

**दुबई** । इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। 9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा आईसीसी खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए। रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा।

**खबर संक्षेप**

### वक्फ बिल पर मदनी का केंद्र को अल्टीमेटम



**नई दिल्ली**। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वक्फ (संशोधन) बिल को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने रविवार को कहा है कि अगर वक्फ बिल पारित हो जाता है तो उनके संगठन की सभी राज्यों की इकाइयां अपने-अपने हाई कोर्ट में इस कानून को चुनौती देंगी। मुसलमानों की नुमाइंदगी करने का दावा करने वाले इस संगठन ने कहा है कि मुसलमानों को अपने हक को हासिल करने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उधर, तमाम विरोध प्रदर्शनों के बीच मोदी सरकार वक्फ बिल को लेकर मजबूती से आगे बढ़ रही है। बताना होगा कि वक्फ संशोधन बिल को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है और पिछले महीने ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जेपीसी द्वारा वक्फ संशोधन बिल के सभी प्रस्तावित 14 संशोधनों को मंजूरी दे दी थी।

### इजराइली पर्यटक रेप केस में दो गिरफ्तार



**बेंगलुरु**। कर्नाटक में इजराइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ रेप मामले में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और तीसरे की तलाश में टीमें जगह-जगह ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। घटना गुरुवार रात करीब 11:30 बजे की है। कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हंपी के पास सनापुर झील है। यहां आरोपियों ने 27 वर्षीय इजराइली महिला पर्यटक और 29 वर्षीय होमस्टे संचालिका के साथ दुष्कर्म किया।

### गैस पाइपलाइन में रिसाव, तीन जख्मी



**मुंबई**। अंधेरी इलाके में रविवार को एक गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लगने से तीन लोग जख्मी हो गए। इस घटना में दो वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने बाद में बयान में बताया कि पाइपलाइन 'जेसीबी से अनियंत्रित खुदाई के कारण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई। अंधेरी (पूर्व) इलाके के तक्षशिला में गुरुद्वारे के पास शेर-ए-पंजाब सोसायटी में सड़क के बीच से गुजरने वाली महानगर गैस लिमिटेड की पाइपलाइन से रिसाव होने से देर रात आग लग गई।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा-नर्मदा के संपूर्ण तट पर धार्मिक आयोजनों के लिए किया जाएगा घाट निर्माण

# उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर बनेगा 'ओंकारेश्वर लोक'

मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर में मां नर्मदा की पूजा अर्चना की, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए

मुख्यमंत्री पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ओंकारेश्वर/ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को ओंकारेश्वर पहुंचे थे। उन्होंने ब्रह्मपुरी घाट पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में महाकाल की तर्ज पर भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर बनाया जाएगा। उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर 'ओंकारेश्वर लोक' बनाया जाएगा। मार्च माह के बाद एक अप्रैल से चिंहित सभी तीर्थस्थलों पर शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। उन्होंने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के लिए जल महत्वपूर्ण है। मानव शरीर में जिस प्रकार धमनियों में रक्त का प्रवाह होता है उसी प्रकार धरती पर नदियां बहती हैं इसलिए उन्हें पवित्र रखना ज़रूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा' कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर जीवनदायिनी मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

*सीएम ने कहा कि मार्च माह के बाद एक अप्रैल से चिन्हित सभी तीर्थ स्थलों पर शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा*

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को पवित्रता के साथ उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है



### धार्मिक पर्यटन बढ़ाने का हर संभव प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र नदियों का मायका है, जिसमें मां नर्मदा का स्थान सभी नदियों में सबसे अलग है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार स्वच्छता के माध्यम से विकास के कार्य को भी नए मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने प्रदेशवासियों से मां नर्मदा के संरक्षण और संवर्धन के लिए संकल्प लेने का आह्वान भी किया है।

### कन्याओं और बटुकों के साथ किया भोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने ओंकारेश्वर महादेव से प्रदेश की समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे। मुख्यमंत्री को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के ट्रस्टी राव देवेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य ट्रस्टी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति प्रतीक चिन्ह स्वरूप भेंट की।

**केमिकल युक्त खेती करने से अनेक बीमारियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि केमिकल युक्त खेती करने से फसल का उत्पादन तो होता है, लेकिन जीवन में अनेक बीमारियां होती हैं, इससे बचने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा। प्राकृतिक व जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### हनी सिंह के कॉन्सर्ट का लाखों का सामान जब्त

# 2 से 3 ट्रकों में भरकर ले गई इंदौर नगर निगम की टीम





टैक्स में 50 लाख का जुर्माना चुकाने का जारी किया था नोटिस

मेयर ने नियमों का पालन न करने पर चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

शनिवार को हनी सिंह के कॉन्सर्ट के बाद इंदौर नगर निगम ने मनोरंजन कर की चोरी के मामले में कॉन्सर्ट का सामान जब्त कर लिया। नगर निगम ने आयोजन स्थल से एलईडी और साउंड सिस्टम जब्त किया है। कंसर्ट स्थल से 2 से 3 ट्रकों में भर कर इवेंट से जुड़े सामान नगर निगम की टीम ले गई।

भाजपा पार्षद निरंजन सिंह चौहान गुड्डू ने रविवार को बताया कि आयोजकों द्वारा पूरा मनोरंजन कर नहीं चुकाए जाने के कारण सामान जब्त किया गया। आयोजकों को पूरा टैक्स चुकाकर अपना सामान वापस लेने का विकल्प दिया गया है। दरअसल, 8 मार्च को इंदौर में हनी सिंह का कॉन्सर्ट आयोजित हुआ था। कॉन्सर्ट खत्म होने के बाद इंदौर नगर निगम ने आयोजकों द्वारा मनोरंजन कर की पूरी राशि नहीं चुकाने पर कार्रवाई की।

**78 लाख रुपए के टिकट बिके थे**

इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कहा था कि जब तक मनोरंजन कर का भुगतान नहीं किया जाता, हनी सिंह को कॉन्सर्ट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने (आयोजकों ने) कहा कि अब तक केवल 78 लाख रुपए के टिकट बिके हैं, जो विश्वसनीय नहीं था। मेयर भार्गव ने पहले ही कहा था कि वे सभी का इंदौर में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्वागत करते हैं, लेकिन नियमों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ का भी इंदौर में शो हुआ था और आयोजक बिना टैक्स चुकाए चले गए थे।

### अमेरिका की खैर नहीं!

## किम जोंग ने तैयार की खतरनाक पनडुब्बी



**प्योंगयांग**। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए नई टेंशन खड़ी कर दी है। नॉर्थ कोरिया ने एक खतरनाक पनडुब्बी बनाई है, जोकि अमेरिका और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के लिए खतरा मानी जा रही। इससे अब ट्रंप के अगले कदम या फिर प्रतिक्रिया का इंतजार होने लगा है। हाल ही में उत्तर कोरिया ने पहली बार न्यूक्लियर पावर से चलने वाली पनडुब्बी का अनावरण किया। जिसमें इसे परमाणु ऊर्जा से चलने वाली रणनीतिक निर्देशित मिसाइल पनडुब्बी कहा गया है।

सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले दक्षिण कोरियाई पनडुब्बी विशेषज्ञ मून क्यून-सिक ने कहा कि यह नौसैनिक पोत 6,000 टन या 7,000 टन श्रेणी की लग रही है, जो लगभग 10 मिसाइलें ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि रणनीतिक निर्देशित मिसाइलों शब्द के इस्तेमाल का मतलब है कि यह परमाणु-सक्षम हथियार ले जाएगी। मून ने कहा, यह हमारे और अमेरिका के लिए पूरी तरह से खतरा होगी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने कहा कि हम इन दावों से अवगत हैं और इस समय हमारे पास देने के लिए अतिरिक्त जानकारी नहीं है।

### हालात तनावपूर्ण

## मणिपुर के कुकी इलाकों में हिंसा के बाद बंद

**इंफाल**। मणिपुर के कुकी-बहुल इलाकों में रविवार को जनजीवन प्रभावित रहा, क्योंकि कुकी-जो संगठनों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के विरोध में अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया था। शनिवार को कांगपोकपी जिले में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुई थीं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे. हालांकि, रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत बनी रही। शनिवार को हुई हिंसा के बाद, चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों के कुकी-बहुल इलाकों में भी प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर और सड़कें ब्लॉक कर विरोध जताया।



### पानी टंकी की सफाई करते समय हादसा

## 5 मजदूरों की दम घुटने से मौत इमारत में चल रहा था निर्माण

◆ टंकी में उतरते ही हो गए थे बेहोश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दक्षिण मुंबई में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे हुई। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी)और स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच जारी है। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पांच मजदूर पानी की टंकी में साफ-सफाई करने के लिए उतरे थे, लेकिन इस दौरान वे बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि निर्माण स्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। पांच लोगों को टंकी से निकालकर सरकारी जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मरने वालों की हुई पहचान**

पानी की टंकी करते हुए जिन चार मजदूरों की मौत हुई और जिसका मजदूर का इलाज चल रहा है। उसकी पहचान हो गई है। मृतकों में हसिपाल शेख, 19 वर्ष, राजा शेख, 20 वर्ष जियाउल्लाह शेख, 36, इमांडू शेख, 38 हैं। बचाए गए एक मजदूर का नाम पुरहान शेख (31) है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी)और स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच जारी है।

### तापमान 1850 से 1900 की तुलना में 1.59 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया

# सवा सौ साल में तीसरी सबसे गर्म रही फरवरी हार्ट-फेफड़े और मस्तिष्क के लिए नुकसानदायक

नौ मार्च को राजधानी दिल्ली में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अप्रैल मई में इसके और बढ़ने की आशंका

होली आने में अभी भी कुछ दिन शेष हैं पर देश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। सिर्फ गर्मियों की शुरुआत ही नहीं हुई है, फरवरी महीने में ही तापमान ने रिकॉड्र्स तोड़ दिए हैं। यूरोपियन कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) के अनुसार, पिछले महीना यानी फरवरी 125 साल में अब तक का तीसरा सबसे गर्म फरवरी का महीना था। इस दौरान सतह के पास तापमान 1850 से 1900 की तुलना में 1.59 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

**स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने किया अलर्ट**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट करते हुए कहा है कि अभी से ही देश के कई हिस्सों में जिस तरह की गर्मी महसूस की जा रही है, ये मई-जून में रिकॉर्ड तोड़ सकती है। बढ़ती गर्मी कई गंभीर बीमारियों का भी कारण बन सकती है, जिसको लेकर पहले से ही सावधान रहने की जरूरत है।

**बढ़ती गर्मी के कई गंभीर दुष्प्रभाव**

*नौ मार्च को राजधानी दिल्ली में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अप्रैल-मई में इसके और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। जून तक तापमान 45 से ऊपर चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं उच्च तापमान से न सिर्फ हीट स्ट्रोक और रक्तचाप से संबंधित समस्याओं का खतरा रहता है साथ ही ये मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उच्च गर्मी में शरीर पसीने का उत्पादन करके और रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करके स्वयं को ठंडा करने की कोशिश करता है। हालांकि जब आप लंबे समय तक अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहते हैं तो यह मस्तिष्क के रसायनों जैसे सेरोटोनिन और डोपामाइन के काम करने के तरीके को भी बदल सकती है।*

**फरवरी-मार्च में ही गर्मी तोड़ रही है रिकॉर्ड**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि देश ने 2025 में अब तक की तीसरी सबसे गर्म फरवरी का सामना किया। 26 फरवरी 2025 को मुंबई में तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो सामान्य से करीब 5.9 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसकी वजह से समय से पहले हीटवेव की चेतावनी जारी करनी पड़ी।




# महाकुंभ में संगम का पानी नहाने के योग्य था

## रिपोर्ट में सांख्यिकीय विश्लेषण का इस्तेमाल किया, 7 अप्रैल को होगी मामले की सुनवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को अपनी नई रिपोर्ट सौंपी है। सीपीसीबी ने एनडीटी को बताया कि महाकुंभ में नदी का पानी नहाने लायक था। रिपोर्ट में सांख्यिकीय विश्लेषण का इस्तेमाल किया गया। ऐसा इसलिए क्योंकि अलग-अलग जगहों और समय पर पानी के नमूनों में अंतर था। इसलिए ये नमूने पूरी नदी की गुणवत्ता नहीं दिखाते थे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नई रिपोर्ट में प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान नदी की पानी की गुणवत्ता का आंकलन किया गया है।

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पेश की नई रिपोर्ट**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण को दी जानकारी



### नमूनों में अहम बदलाव भी पाए गए

बोर्ड की 28 फरवरी की तारीख वाली इस रिपोर्ट को 7 मार्च को एनजीटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। बोर्ड ने 12 जनवरी से लेकर अब तक प्रति सप्ताह दो बार, जिसमें स्नान के शुभ दिन भी शामिल है। गंगा नदी पर पांच स्थानों तथा यमुना नदी पर दो स्थानों पर जल निगरानी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न तिथियों पर एक ही स्थान से लिए गए नमूनों के लिए विभिन्न मापदंडों जैसे पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कोलीफॉर्म काउंट (एफसी) के परिमाण में अहम बदलाव देखे गए है। एक ही दिन एकत्र किए गए नमूनों के लिए उपर्युक्त मापदंडों के परिमाण भी अलग-अलग स्थानों पर भिन्न होते हैं।

### रिपोर्ट में इन प्रमुख बिंदुओं को किया गया शामिल

जल में ऑक्सीजन की मात्रा या डीओ, जल में कार्बनिक पदार्थों को खंडित करने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा को मापता बीओडी, तथा सीवेज संदूषण का सूचक एफसी जल की गुणवत्ता के प्रमुख संकेतक हैं।

- एक विशेषज्ञ समिति ने 'आंकड़ों में परिवर्तनशीलता' के मुद्दे की जांच की और कहा कि 'आंकड़ा एक विशिष्ट स्थान और समय पर जल गुणवत्ता का तत्कालिक स्थिति को दर्शाता है और यह ऊपरी धारा में मानवजनित गतिविधियों (मानव क्रियाकलापों), प्रवाह की दर, नमूने की गहराई, नमूने का समय, नदी की धारा और धाराओं का मिश्रण, नमूना स्थान और ऐसे कई अन्य कारकों के आधार पर काफी भिन्न हो सकता है।
- ये मान उस सटीक समय और स्थान पर जल गुणवत्ता मापदंडों को दर्शाते हैं, जहां से ये जल नमूने एकत्र किए गए थे, तथा ये नदी की समग्र विशेषताओं को पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं कर सकते हैं, इसलिए, जरूरी नहीं है कि ये नदी के पूरे क्षेत्र में समग्र जल गुणवत्ता को प्रदर्शित करें।
- कहा गया है कि परिवर्तनशीलता के कारण, प्रमुख मापदंडों के लिए विभिन्न निगरानी स्थानों के जल गुणवत्ता डेटा का सांख्यिकीय विश्लेषण 12 जनवरी से 22 फरवरी तक 'सामूहिक स्नान' के 10 स्थानों पर किया गया और 20 दौर की निगरानी की गई।
- यह प्रस्तुत किया गया है कि उपर्युक्त सांख्यिकीय विश्लेषण के अनुसार, निगरानी किए गए खंडों के लिए पीएच, डीओ, बीओडी और एफसी का औसत परिमाण (आंकड़ों की केंद्रीय प्रवृत्ति) संबंधित मानदंडों/अनुमेय सीमाओं के भीतर है।
- एफसी का औसत परिमाण 1,400 था, जबकि स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 मिली है, जबकि डीओ पांच मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक के निर्धारित मानक के मुकाबले 8.7 था, तथा बीओडी 3 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम या उसके बराबर की निर्धारित सीमा के मुकाबले 2.56 था।
- सीपीसीबी ने 17 फरवरी को एक रिपोर्ट में एनजीटी को सूचित किया कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में विभिन्न स्थानों पर फीकल कोलीफॉर्म का स्तर स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं था। एनजीटी इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को करेगी।

---

## खबर संक्षेप

### परिसीमन पर संसद में आर-पार के मूड में द्रमुक



**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के सांसदों ने रविवार को एक अहम बैठक की। इस दौरान 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में परिसीमन का मुद्दा उठाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने बैठक की अध्यक्षता की। अन्ना अरिवालयम में बैठक में पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों ने भाग लिया।

### सुरंग हादसे में एक शव मिला, मशीन लगाई गई



**नगरकुरुनूल।** तेलंगाना में सुरंग हादसे में एक शव बरामद हुआ है। जो शव बरामद हुआ है, वह एक मशीन में फंसा हुआ था। फिलहाल बचाव दल मशीन को काटकर शव निकाला। अभी 7अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। बचाव अभियान में केरल के खास खोजी कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। हादसे को 15 दिन से ज्यादा का समय बीत गया है।

### मेडिकल छात्रों की रैगिंग और पिटाई, मामले दर्ज



**भावनगर।** गुजरात के भावनगर में सरकारी मेडिकल कॉलेज के दो प्रशिक्षु छात्रों को सोशल मीडिया पर चुटकुले साझा करना भारी पड़ गया। प्रशिक्षु छात्रों के वरिष्ठों और बैच के साथियों ने दोनों को बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज लिया है। कॉलेज प्रशासन ने घटना को रैगिंग मानते हुए चारों आरोपी छात्रों तो बर्खास्त कर दिया है।

### बजट सत्र के दूसरे चरण में हंगामे के आसार



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें तीखी बहस होने की संभावनाएं हैं। विपक्ष मतदाता सूचियों में कथित हेरफेर, मणिपुर में हिंसा और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के संबंधों जैसे मुद्दों को उठाएगा जबकि सरकार का फोकस अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी प्राप्त करने, बजटीय प्रक्रिया पूरी करने, मणिपुर बजट का अनुमोदन पर है।

### राजा भैया पर पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। राजा भैया पर उनकी पत्नी ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और पत्नी की शिकायत पर राजा भैया के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज हुई है। भानवी सिंह ने दिल्ली पुलिस में गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दी है।

---

### वित्त मंत्री सीतारमण ने जीएसटी दरों में बदलाव का दिया संकेत

# स्लैब की समीक्षा की जा रही, दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए हम जल्द लेंगे 'अंतिम फैसला'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि टैक्स स्लैब को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जीएसटी रेट्स में और कमी आ सकती है। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि फिलहाल देशहित में वे काम कर रही हैं।

## *मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने ऐसी संभावना जताई*

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) दरों में बदलाव का संकेत दिया है। जीएसटी स्लैब में बदलाव पर भी विचार हो रहा है। वित्त मंत्री ने जल्द ही इस बारे में अंतिम फैसला आने की बात कही। एक खास बातचीत में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर अंतिम फैसला जल्द ही लिया जाएगा। स्लैब के पुनर्गठन की समीक्षा की जा रही है। इससे जीएसटी दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ी है। इसके साथ ही सरकार ने टैक्स स्लैब को और तर्कसंगत बनाने पर जोर देने की बात कही है। दरअसल, मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भविष्य में जीएसटी दरों में कटौती के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स स्लैब को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जीएसटी रेट्स में और कमी आ सकती है। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि फिलहाल देशहित में वे काम कर रही हैं। फिलहाल किसी भी वस्तु पर टैक्स नहीं बढ़ाया गया है।

**जीएसटी दरें और कम होंगी**

*देश को नई दिशा मिलेगी आर्थिक सुधार भी होगा*



**खास बातचीत में किया ऐलान**

ऐसा माना जा रहा जीएसटी दरें और कम हो सकती हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस ओर इशारा किया है। एक साथ खास बातचीत में उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों के तर्कसंगत अंतिम निर्णय पास है। उन्होंने बताया कि इनके स्लैब को फिर से तय करने की समीक्षा चल रही है। इससे जल्द ही देश को नई दिशा मिलेगी और आर्थिक व्यवस्था में सुधार होगा।

**हम परिवर्तन की तैयारी कर रहे**

वित्त मंत्री सीतारमण ने संकेत दिए हैं कि जीएसटी सिस्टम में जल्द ही बड़े बदलाव होने वाले हैं। जीएसटी दरों में कमी और टैक्स स्लैब्स को सरल बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि सरकार जीएसटी दरों और स्लैब में कटौती पर जल्द फैसला लेगी। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वो खुद हर जीएसटी ग्रुप के काम की समीक्षा कर रही हैं ताकि बदलाव देश हित में हों।

### बैंकों में सरकारी हिस्सेदारी होगी कम

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अपनी हिस्सेदारी घटाने और खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों और माइक्रो-क्रेडिट सेक्टर में भी स्थिति में सुधार हुआ है।

**भारत की दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था**

निर्मला सीतारमण ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था पर विश्वास जताते हुए कहा कि 2021 के बाद से भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

### जीएसटी से टैक्स कलेक्शन में आई स्थिरता

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी से टैक्स कलेक्शन में स्थिरता आई है। जीएसटी के बाद किसी भी वस्तु पर टैक्स नहीं बढ़ा है। आगे भी जीएसटी दरें कम होंगी। सरकार का लक्ष्य जीएसटी सिस्टम को और आसान बनाना, टैक्स दरें कम करना और टैक्सपेयर्स को राहत देना है।

### वित्त मंत्री ने खुद लिया समीक्षा का जिम्मा

सीतारमण ने कहा कि मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने इस विषय पर शानदार कार्य किया है, लेकिन उन्होंने स्वयं जीएसटी काउंसिल में प्रस्तुत किए जाने से पहले उनकी सिफारिशों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य टैक्स स्लैब को सरल बनाना और उद्योग जगत की आवश्यकताओं का समाधान निकालना है।

### व्यापारियों और आम जनता को मिलेगा इसका लाभ

अगर जीएसटी दरों में कटौती होती है, तो इसका सीधा फायदा व्यापारियों और आम जनता को मिलेगा। इससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आ सकती है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। अब सभी की निगाहें जीएसटी काउंसिल के अगले फैसले पर टिकी हैं।

---

### पीएम मोदी और यादव ने उत्साह जताया

# हम सदैव जानवरों की रक्षा करने में सबसे अग्रणी रहेंगे

मध्य प्रदेश को अपना नौवां बाघ अभयारण्य मिला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश को अपना नौवां बाघ अभयारण्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस उपलब्धि को लेकर उत्साह जताया है, जिससे देश की समृद्ध जैव-विविधता और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित हुई है। पीएम मोदी ने इसे वन्यजीव प्रेमियों के लिए आश्चर्यजनक खबर बताते हुए भारत की जानवरों की रक्षा करने की परंपरा पर गर्व जताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत वन्य जीव विविधता से समृद्ध है और यहां की संस्कृति वन्य जीवों का सम्मान करती है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यादव के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा, वन्यजीव प्रेमियों के लिए आश्चर्यजनक खबर! भारत वन्य जीव विविधता और वन्य जीवों का जश्न मनाने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा जानवरों की रक्षा करने में सबसे आगे रहेंगे।

**वन्यजीव प्रेमियों और संरक्षणवादियों को बधाई: भूपेंद्र**

यादव ने एक्स पोस्ट पर लिखा है कि भारत पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण में लगातार बड़ी प्रगति कर रहा है। यह घोषणा करते हुए रोमांचित हूं कि देश ने अपने 58वें टाइगर रिजर्व को अपनी सूची में शामिल कर लिया है, जिसमें नवीनतम प्रवेश मध्य प्रदेश के माधव टाइगर रिजर्व का है। यह मध्य प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व है। मैं सभी वन्यजीव प्रेमियों और संरक्षणवादियों को बधाई देता हूं। यह विकास हमारे वन अधिकारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है जो निस्वार्थ भाव से इस उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं।

### माधव उद्यान बाघ अभयारण्य घोषित

शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान को बाघ अभयारण्य घोषित किया गया है। यह पहला ऐसा अभयारण्य है, जहां निर्माण प्रक्रिया 6 महीने के भीतर पूरी की गई। यह शिवपुरी में स्थित है और 37,523.344 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यहअभयारण्य 1751 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका मुख्य क्षेत्र 375 वर्ग किलोमीटर और बफर जोन 1276 वर्ग किलोमीटर है। माधव राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1956 में हुई थी। 10 मार्च को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता माधवराव सिंधिया की जयंती है। इसलिए उद्घाटन उसी दिन निर्धारित किया। वर्तमान में, मध्य प्रदेश में आठ रिजर्व सतपुड़ा, पेंच, बांधवगढ़, कान्हा, संजय दुबरी, पन्ना, रानी दुर्गावती और रातापानी हैं।

---

### कर्नाटक के चित्रदुर्ग में हादसा

# कार और ट्रक की भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौत पर मौत



एजेंसी ▶▶ चित्रदुर्ग

कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 5लोगों की मौत हो गई। यह हादसा जिले के मुख्यालय के बाहरी इलाके में स्थित सिबार गांव के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना चित्रदुर्ग तालुका के सिबार गांव में हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। दुर्घटनाग्रस्त कार बेंगलुरु से आ रही थी और उसमें सवार सभी लोग बेंगलुरु के ही निवासी थे। हालांकि,मृतकों की पूरी पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस उनके परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

### शोभा यात्रा में राधा और कृष्ण



**पटना।** पटना में रविवार को श्री श्याम फागुन पवित्र ध्वजा निशान शोभा यात्रा में राधा और कृष्ण के रूप में सजे कलाकार भाग लेते हुए।

---

### ट्रंप ने गरीब व विकासशील देशों को धमकाकर लोकतंत्र खत्म किया

# रामदेव ने ट्रंप की नीति को आर्थिक और टैरिफ आतंकवाद करार दिया



- औरंगजेब और मंदिर पर हमले पर भी सुनाया

एजेंसी ▶▶ नागपुर

पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक रामदेव ने रविवार को कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत को धार्मिक आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए पहल करनी चाहिए। नागपुर में मिहान में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क के उद्घाटन पर यह बात कही। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत का जिक्र मामले पर यह कहा। ट्रंप की टैरिफ नीति पर पूछे गए सवाल पर रामदेव ने दावा किया कि यह आर्थिक आतंकवाद और टैरिफ आतंकवाद है। यह दुनिया को अलग युग में ले जा रहा है। दुनिया में बन रहे खतरनाक हालात के बीच हमें भारत को शक्तिशाली और विकसित बनाने की जरूरत है।

### बौद्धिक उपनिवेशवाद का एक नया युग शुरू

ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ वाले फैसले पर योग गुरु ने कहा कि बौद्धिक उपनिवेशवाद का एक नया युग शुरू हो गया है। जब से ट्रंप सत्ता में आए हैं, उन्होंने 'टैरिफ आतंकवाद' का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने गरीब और विकासशील देशों को धमकाकर लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में भारत को विकास की जरूरत है। हम सभी को एक मजबूत राष्ट्रके लिए एकजुट होना चाहिए और विनाशकारी शक्तियों को जवाब देना चाहिए।

---

### बिहार के इस गांव में 250 साल से नहीं मनी होली

# होली मनाने से विपत्ति आएगी, व्यंजन भी नहीं बनाते

## मुंगेर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर असरगंज का सजुआ गांव

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में होली एक अहम त्योहार है, जिसे पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लेकिन मुंगेर जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर असरगंज के सजुआ गांव में 250 सालों से होली नहीं मनाई गई है। गांव वालों का मानना है कि होली मनाने से विपत्ति आती है। यह मान्यता एक प्राचीन कथा और धार्मिक परंपरा से उपजी है। गांव में करीब 2,000 लोग रहते हैं, फिर भी कोई भी रंगों के त्योहार में हिस्सा नहीं लेता। गांव के लोग होली को अभिशाप मानते हैं। वे पूरे महीने में पुआ जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाने से बचते हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि ऐसा करने से उनके परिवार पर विपत्ति आ सकती है।

**एक दुखद घटना के कारण माना अभिशाप**



**14 अप्रैल को होलिका दहन**

इस घटना के बाद कुछ ग्रामीणों ने सती माता को समर्पित एक मंदिर बनवाया और पूजा करने लगे। तब से सजुआ गांव में होली नहीं मनाई जाती। वे 14 अप्रैल को होलिका दहन मनाते हैं। राजीव सिंह बताते हैं कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। फाल्गुन में पुआ या व्यंजन बनाने के कारण घर में अचानक आग लग जाती है।

**परंपरा से जुड़ा यह गांव**

चंदन कुमार बताते हैं कि विभिन्न जातियों के लोग होने के बावजूद सजुआ गांव में कोई भी होली नहीं मनाता। सभी लोग पुरानी परंपरा का पालन करते हैं। होली के दिन, ग्रामीण किसी भी अन्य दिन की तरह ही साधारण भोजन बनाते हैं और उत्सव की गतिविधियों में शामिल नहीं होते।

### ऐतिहासिक मान्यताएं और परंपराएं

250 साल पहले हुई एक दुखद घटना के कारण इस गांव को सती गांव के नाम से भी जाना जाता है। महेश सिंह बताते हैं कि होलिका दहन के दिन सती नाम की एक महिला के पति की मृत्यु हो गई थी। वह अपने पति के शव के साथ खुद को जलाकर सती होना चाहती थी, लेकिन गांव वालों ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। सती को एक कमरे में बंद कर दिया गया था, जबकि शव दाह संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था। शव बार-बार अर्थी से नीचे गिर रहा था। जब सती को मुक्त किया गया, तो वह सती होने की इच्छा व्यक्त की। चमत्कारिक रूप से, उनकी अंगुली से आग निकली और दोनों एक साथ आग की लपटों में जल गए।

---

### झारखंड में बर्ड फ्लू का खतरा बढ़ा

# अब बोकारो में दस्तक, 250 पक्षियों की मौत, 46 को मारा

एजेंसी ▶▶ बोकारो

झारखंड के रांची में बर्ड फ्लू के कारण 5,500 पक्षियों के वध के लगभग 1 माह के बाद बोकारो जिले में इस संक्रमण के मामले सामने आए हैं। अधिकारी ने बताया कि इस संक्रमण की आधिकारिक पुष्टि 7मार्च को हुई जब केंद्र ने झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र जारी किया। यहां सेक्टर-12 में एक सरकारी कुक्कुट केंद्र में इस संक्रमण का पता लगा है जहां 250 पक्षियों की मौत हो चुकी है। बोकारो प्रशासन ने शनिवार को 46 पक्षियों को मार दिया और 506 अंडों को नष्ट



कर दिया। इसके अलावा संक्रमित और निगरानी क्षेत्र घोषित करना, प्रभावित परिसरों में प्रवेश प्रतिबंधित करना, जैसे कदम भी उठाए गए हैं। पशुपालन अधिकारी डॉ. मनोज मणि ने बताया कि कुक्कुट केंद्र के 46 पक्षियों को मार दिया गया और 506 अंडे तथा पक्षियों का 1,717 किलोग्राम आहार नष्ट कर दिया गया।

जबलपुर
सोमवार, 10 मार्च 2025
- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-11
- वर्ष : 19, अंक : 305
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यून.15

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 गुलाम कश्मीर की वापसी ही समाधान





मैट्रो
14 अब दिन में धूप तेज रात में ...


## रीवा के सरकारी अस्पताल में सरेआम गुंडागर्दी

### अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि कमेटी बनाकर व सीसीटीवी देखकर जांच कर कार्रवाई की जाएगी

# मां का एक्सरे कराने आए बेटे को एक्स-रे रूम में बंद कर इतना पीटा कि बेहोश हुआ, तोड़ दी हड्डी-पसली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पतालों में से एक संजय गांधी अस्पताल से अस्पताल में गुंडागर्दी की शर्मनाक तस्वीरें सामने आई हैं।

यहां, अपनी मां का इलाज कराने आए एक बेटे को एक्स-रे रूम के कमरे में बंद कर तब तक पीटा गया, जब तक लड़का बेहोश नहीं हो गया। बताया जाता है कि मारपीट करने वालों में एक्स-रे डिपार्टमेंट की दो लड़कियां भी शामिल थी। मारपीट के बाद अस्पताल प्रबंधन ने लड़के का सीटी स्कैन कराया है। मारपीट से भाई के बेहोश होने के बाद बीच बचाव करने आई बहन को भी पीट दिया गया। इस घटना में बेहोश हुए युवक की बहन ने बताया कि भाई की हालत गंभीर बनी हुई है।

- युवक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने रिपोर्ट जल्दी मांगा थी
- इस पर 4 कर्मचारी हैवान बनकर टूट पड़े, मां-बहन बिलखती रहीं
- रेडियोलॉजी विभाग के स्टाफ ने दिया वारदात को अंजाम



### जांच से पहले ही अधीक्षक ने माना- पीड़ित ही गुनहगार

वहीं, घटना के बाद अब अस्पताल प्रबंधन कमेटी बनाकर जांच के बाद कार्रवाई की बात कर रहा है। संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। हालांकि, उनकी नजर में पीड़ित ही गुनहगार है। लेकिन, उन्होंने ये भी स्वीकार किया कि मारपीट में दो लड़कियां (नर्स स्टाफ) भी शामिल थी। वहीं, इस पूरे मामले पर संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक ने कहा कि कमेटी बनाकर सीसीटीवी और तमाम बातों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे मामले को लेकर रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर संजीव शर्मा ने कहा कि मारपीट की जानकारी मिली है। एक कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच करेंगे। इस दौरान जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

यह है पूरा मामला

### मां ने बताया कि एक्स-रे रूम में खून ही खून हो गया था

घायल युवक की मां फूलमती शुक्ला ने बताया कि वह पिछले शनिवार को संजय गांधी अस्पताल आई थी। उसका पैर टूट गया था, तब डॉक्टर ने उसके पैर में प्लास्टर बांध दिया था और इस शनिवार को बुलाया था। इस शनिवार वह अपने बेटे देवेंद्र नाथ शुक्ला और बेटी शशि मिश्रा के साथ अस्पताल में एक्स-रे कराने आई थी। लंबे समय तक उसको एक-रे रूम के बाहर बैठाया गया, उसका एक्सरे करने के लिए कोई तैयार नहीं था। किसी तरीके से एक्स-रे किया गया और उसके बाद रिपोर्ट देने में आनाकानी की जाने लगी, जिसके चलते उनके बेटे ने एक्स रे रिपोर्ट मांगी तो कुछ कहा सुनी हुई। इसके बाद चार-पांच लोग मेरे बेटे को एक्स-रे रूम के अंदर खींच कर ले गए और इतना मारा कि एक्स-रे रूम में खून ही खून हो गया और मेरा बेटा बेहोश हो गया। अपने भाई को बचाने के लिए जब मेरी लड़की शशि मिश्रा एक्स-रे रूम का दरवाजा पीट रही थी, तो उसके साथ भी मारपीट कर उसे बाहर कर दिया गया।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पुरीः समुद्र किनारे बन रहा आध्यात्मिक रिसॉर्ट



**पुरी।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के एक पुजारी आलीशान रिसॉर्ट बना रहे हैं। कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि वह पवित्र शहर में आध्यात्मिकता पर केंद्रित 300 कमरों वाला एक आलीशान रिसॉर्ट बना रहे हैं। पुजारी ने रविवार को कहा कि समुद्र तट पर बनने वाला यह प्रोजेक्ट शुद्ध शाकाहारी और शराब रहित होगा।

### मंडला में बस खेत में पलटी, 9 यात्री घायल



**मंडला।** जिले में रविवार को टाटरी चौकी क्षेत्र के कामता के पास कैलाश ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। बस में करीब 30-35 यात्री सवार थे। हादसे में 9 यात्री घायल हुए हैं। टाटरी पुलिस ने 5 घायलों को 108 एम्बुलेंस से बम्हनी अस्पताल पहुंचाया। 4 यात्री खुद निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचे।

### मंडला-बालाघाट सीमा पर महिला नक्सली ढेर



**मंडला।** जिले में एक बार फिर नक्सलियों की धमक से हड़कंप मच गया है। मंडला-बालाघाट की सीमा पर लगे चिमटा फॉरेस्ट कैंप में रविवार को हॉक फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोपहर से शुरू हुई देर शाम तक जारी है, इस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा ने नक्सली के मारे जाने की पुष्टि की है।

### पंद्रह दिन के सत्र में होंगी 9 बैठकें, 11 को आएगा दूसरा पूरक बजट

# विधानसभा का बजट सत्र आज से, 12 मार्च को पेश होगा बजट

**सत्र के लिए 1785 ऑनलाइन ऑफलाइन आए 1154 सवाल**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार 10 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है। 24 मार्च तक चलने वाले इस 15 दिवसीय सत्र में कुल 9 बैठकें होंगी। सत्र की शुरुआत राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से होगी और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा 12 मार्च को वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेंगे। बजट 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो सकता है। इससे पहले 11 मार्च को दूसरा पूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दिन प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण भी आएगा। 13 मार्च को प्रश्नकाल के बाद राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर चर्चा होगी। सत्र के लिए विधायकों ने 2939 सवाल लगाए हैं। विधानसभा सचिवालय को 1785 सवाल ऑनलाइन मिले हैं जबकि 1154 प्रश्न ऑफलाइन लगाए गए हैं। सत्र के दौरान ही होली और रंगपंचमी पर्व पड़ेंगे, इस कारण सदन में अवकाश रहेगा।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधायकों को निर्देश दे चुके हैं कि वे आंकड़ों के साथ विधानसभा पहुंचें। किस योजना से उनके क्षेत्र और प्रदेश में क्या बदलाव आए हैं, उसे सदन के पटल पर रखें।
- डॉ. यादव ने यह भी कहा है कि विधायक प्रश्न लगाने के साथ ही विषय की तैयारी करके विधानसभा में अपनी बात रखें। विपक्ष के झूठे आरोपों का तथ्यों के साथ जवाब दें।

*विपक्ष की ज्वलंत मुद्दों पर घेरने की तैयारी, सत्तापक्ष भी मुस्तैद*

**खास बातें**
- बजट 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो सकता है
- राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 15 लाख करोड़ रुपए के आसपास हो सकता है



### सत्तापक्ष और विपक्ष ने की व्यापक तैयारी

बजट सत्र को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष ने व्यापक तैयारी की है। कांग्रेस सदन के अंदर परिवहन घोटाला, कपास और धान उपार्जन घोटाला, भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, लाड़ली बहना योजना की राशि न बढ़ाए जाने, बेरोजगारी, महिलाओं


▶▶ शेष पेज 2 पर


### बजट में लोगों की आकांक्षाओं का ध्यान रखाः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि बजट सत्र की सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बजट मध्य प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम कर रही है। बजट तैयार करने में भी इसका ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल विभिन्न विभागों में किए गए कार्यों के आधार पर एक पूरा रोडमैप तय किया है।

### बजट में हमारे विधायकों को कुछ नहीं देती सरकारः पटवारी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कहा कि बजट में कांग्रेस विधायकों को कुछ नहीं मिलता। भाजपा और उसकी सरकार लोकतंत्र की मर्यादा नहीं मानती।

### बजट में होगा गरीब किसान, महिला एवं युवा पर फोकस

बजट का फोकस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुसार प्राथमिकता वाली चार जातियों- गरीब, किसान, महिला एवं युवा पर रहेगा। इस बार का बजट 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का होगा। वर्ष 2028 में होने जा रहे सिंहस्थ के लिए विशेष बजटीय प्रावधान किए जाएंगे। सरकार पूंजीगत व्यय को और बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपए से अधिक कर सकती है। आर्थिक सर्वेक्षण में साल 2024-25 में राज्य सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति, राज्य की विकास दर, प्रति व्यक्ति आय से लेकर विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया जाएगा। राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 15 लाख करोड़ रुपए के आसपास हो सकता है।



### कटनी में नहर में नहाने के दौरान हादसा

# चार बच्चियां डूबीं, 1 को बचाया दो के शव मिले, एक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नहर में नहाने गईं चार बच्चियां डूब गईं। एक बच्ची को वहां मौजूद ग्रामीण ने बचा लिया। बाकी तीनों गहरे पानी में डूब गईं। दो बच्चियों के शव को पुलिस और होमगार्ड ने रेस्क्यू कर लिया है। तीसरी बच्ची की तलाश में रेस्क्यू टीम जुटी हुई है।

घटना उमरियापान थाना क्षेत्र के परसवा गांव में रविवार दोपहर की है। चारों बच्चियां बरगी दाईं तट पर नहाने पहुंची थी। सिद्धिका (12) और मानवी (8) पिता मनोज लोधी, अंशिका (13) पिता बसंत पटेल और अनन्या (12) पिता अजय पटेल निवासी परसवारा नहर में नहाने गई थीं। जहां पर नहाते वक्त सिद्धिका, मानवी और अंशिका नहर में डूब गईं। होमगार्ड की रेस्क्यू टीम ने सिद्धिका और अंशिका के शव को बाहर निकाल लिया। वहीं मानवी का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। सिद्धिका (12) सातवीं और मानवी (8) कक्षा तीसरी की छात्रा थी। उसका एक 4 साल का छोटा भाई है। दोनों के पिता मनोज लोधी मुंबई में वहीं मजदूरी करते हैं। मां घर में थी।

*तीसरी बच्ची की तलाश में रेस्क्यू टीम जुटी हुई*

### एक बच्ची दिख रही थी, उसे लोगों ने बचा लिया

प्रत्यक्षदर्शी दीपचंद दहिया ने बताया कि रानी अवंतिबाई नहर के पास ही मेरा खेत है। मैं वहा धनिया काट रहा था। गांव की एक बहू मेरे पास दौड़ते हुए आई। उसने कहा कि चाचा, जल्दी चलिए, नहर में लड़की डूब रही है। मैं तत्काल दौड़ते हुए आया। इसमें एक लड़की ऊपर दिख रही थी। उसे सुरक्षित निकाला। मैंने शोर मचाकर गांव वालों को इकट्ठा किया। गांव वाले आए। दो बच्चियों के शव निकाल लिए।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता यादव की मौत

# शादी कार्यक्रम के दौरान अचानक गिरे, डॉक्टरों ने बताया हार्ट अटैक



विश्व जल योगी के रूप में थी विशेष पहचान सीएम ने जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी यादव का निधन हो गया है। वे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य भी रह चुके थे। एक शादी समारोह के दौरान अचानक वे गिर पड़े थे जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। लक्ष्मी यादव खजुराहो में स्थित एक होटल में आयोजित भाजपा नेता रविंद्र सेठी के भतीजे के शादी समारोह में शामिल हुए थे। सतना शहर के कोलगवा क्षेत्र के निवासी लक्ष्मी यादव विश्व जल योगी के रूप में जाने जाते थे।

### पति के साथ गुरुग्राम आई थी सितंबर में

# गुरुग्राम में जापानी महिला 14वीं मंजिल से गिरी, मौत



महिला कैसे गिरी जांच में स्पष्ट नहीं

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

जापान की एक महिला 14वीं मंजिल की बालकनी से गिरकर मृत पाई गई। महिला की पहचान जापान निवासी मडोको थामानो (34) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह पिछले साल सितंबर में अपने पति के साथ गुरुग्राम आई थी। वह अपने पति और दो बच्चों के साथ यहां एक सोसाइटी में रह रही थी। घटना शुक्रवार की सुबह को हुई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तब महिला की खून से सनी लाश जमीन पर पड़ी थी। गुरुग्राम के सेक्टर-53 थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि गुरुग्राम के पार्क प्लाजा सोसाइटी की 14वीं मंजिल से गिरकर जापान की रहने वाली 34 वर्षीय महिला मेडोका थामानो की संदिग हालात में मौत हो गई।

उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात भर्ती किया गया था

# पीएम पहुंचे एम्स, उपराष्ट्रपति धनखड़ का हालचाल जाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हालचाल जाना। उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात 2 बजे एम्स में भर्ती कराया गया था। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा- 'एम्स जाकर उपराष्ट्रपति धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी लेने एम्स पहुंचे थे। गौर हो कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी समस्या के चलते बीती रात 2 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद एम्स लाया गया, जहां उनका तत्काल इलाज शुरू किया गया। एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में जगदीप धनखड़ क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती किया गया और डॉक्टरों के अनुसार, स्टेंट को भी प्रत्यारोपित किया गया। अब उपराष्ट्रपति की हालत स्थिर बनी हुई है। उपराष्ट्रपति धनखड़ को भर्ती करने के बाद एम्स में एक टीम बनाई गई है जो उनकी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी कर रही है।



■ पीएम ने शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की

### जयपुर में आईफा 2025 का भव्य आयोजन

# आइफा में रहा ओटीटी का कब्जा, विक्रांत मैसी से कृति सेनन तक कई सितारों को मिला अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ जयपुर

पिंक सिटी जयपुर में आईफा 2025 का भव्य आगाज हुआ। पहला दिन डिजिटल सितारों के नाम रहा। इस खास सेगमेंट को 'शोभा डिजिटल रियल्टी अवॉर्ड्स' नाम दिया गया, जहां ओटीटी प्लेटफॉर्म के टॉप कलाकारों और वेब सीरीज को सम्मानित किया गया। अमेजन प्राइम वीडियो की हिट वेब सीरीज 'पंचायत3' को सबसे ज्यादा अवॉर्ड्स मिले। इसमें जितेंद्र कुमार (बेस्ट लीडिंग रोल – मेल), फैसल मलिक (बेस्ट सपोर्टिंग रोल – मेल), दीपक कुमार मिश्रा (बेस्ट डायरेक्टर – सीरीज) जैसे अवॉर्ड शामिल हैं।

वेब सीरीज 'पंचायत 3' को सबसे ज्यादा अवॉर्ड्स मिले



### मेन अवॉर्ड्स में दिग्गज सुपरस्टार पहुंचे

8 मार्च को डिजिटल स्टार्स को सम्मानित करने के बाद, 9 मार्च की शाम बड़े बॉलीवुड सितारे शामिल हुए। इस इवेंट को कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान, बॉबी देओल, शाहिद कपूर, करीना कपूर और माधुरी दीक्षित जयपुर पहुंचे। इनकी धमाकेदार परफॉर्मेंस से इस शाम को यादगार बनाया।

### होली के करीब गिरावट की उम्मीद, रतलाम का पारा 38 डिग्री के करीब

हवाएं और पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेशभर में बढ़ रहा तापमान

# भोपाल में दिन 35 तो रात 18 डिग्री पर गर्म, तीन दिन और मामूली 'बढ़त'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़त का सिलसिला जारी है। यह दो से तीन दिन और जारी रहेगा। होली के आसपास तापमान में कुछ गिरावट की उम्मीद है। रविवार को प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा रतलाम में 37.8 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 4.8 डिग्री अधिक है। प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में लगातार दूसरे दिन दो गुना तक अंतर रहा है। दिन का पारा 1.7 डिग्री बढ़कर 34.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक है। रात का तापमान 1.2 डिग्री की वृद्धि के साथ 17.5 डिग्री पर पहुंच गया है।



छोटे तालाब का दृश्य

### प्रदेश में तेज गर्मी का असर

रविवार को प्रदेश में धूप का असर बढने से तेज गर्मी महसूस की गई। सबसे अधिक दिन के तापमान में बढ़त शिवपुरी में 4.8 डिग्री की रही। पारा 36 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 4.8 डिग्री अधिक है। वहीं सबसे अधिक दिन का पारा रतलाम में 37.8 डिग्री रहा। यह भी नॉर्मल से 4.8 डिग्री अधिक है। प्रदेश में दिन और रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही। इससे गर्मी का असर बढ़ा है।

विद्या भारती के पूर्णकालिक कार्यकर्ता वर्ग का समापन

# अपने जीवन में तकनीक को साधन बनाएं, साध्य नहीं : सुरेश सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या भारती के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल व्यक्तिगत या सांगठनिक स्तर तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज और विशेष रूप से शिक्षा जगत में प्रभावी हस्तक्षेप आवश्यक है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग अवश्य करें, लेकिन यह ध्यान रखें कि यह हमारी मौलिक बुद्धिमत्ता को कमजोर न करे। तकनीक को साधन बनाएं, साध्य नहीं। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कही। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता वर्ग का भव्य समापन शनिवार को राजधानी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, शारदा विहार में हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कार्यकर्ताओं को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। समारोह के दौरान विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष दूसी रामकृष्ण राव ने पांच दिवसीय अभ्यास वर्ग (3 से 8 मार्च) की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रारंभ में डॉ. राम कुमार भावसार ने अतिथियों का परिचय कराया, जबकि प्रांत अध्यक्ष मोहन लाल गुप्ता एवं सचिव डॉ. शिरोमणि दुबे ने स्वागत किया। देशभर से आए 700 से अधिक पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं ने इस अभ्यास वर्ग में भाग लिया, जिनमें विद्या भारती के शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल हुए।





**मानव की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताएं प्रभावित हो रही हैं: सोनी**

वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव और उससे उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि तकनीक की प्रगति से मशीनों की क्षमता बढ़ रही है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों के चलते मानव की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताएं प्रभावित हो रही हैं। डिजिटल युग की प्रवृत्तियों पर चिंतन करते हुए उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति यात्रा भले ही विमान, बस या कार में कर रहा हो, लेकिन उसका मन वर्चुअल दुनिया में विचरण कर रहा होता है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे व्यक्ति को वास्तविकता से दूर ले जा रही है, जिससे समाज और पारिवारिक जीवन पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

## विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठता स्थापित कर रहे: मुख्यमंत्री

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में भगवान राम और लक्ष्मण पर महर्षि विश्वामित्र के विश्वास का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महर्षि ने असुरों के संहार के लिए राजा दशरथ से विशाल सेना नहीं मांगी, बल्कि उन्होंने भगवान राम की गुरुकुल में प्राप्त शिक्षा और संस्कारों पर भरोसा जताया। इस संदर्भ में विद्या भारती के गुरुकुलों और सरस्वती शिशु मंदिरों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां से अध्ययनरत विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठता स्थापित कर रहे हैं।

### भोपाल में दो प्रमुख द्वारों का निर्माण किया जाएगा

*मुख्यमंत्री ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि भोपाल नगर में दो प्रमुख द्वारों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें एक राजा भोज के नाम पर और दूसरा राजा विक्रमादित्य के नाम पर रहेगा। यह निर्णय देश के गौरवशाली इतिहास और परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।*

### राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प, विचार, व्यवहार व संगठनात्मक कार्यशैली पर गहन मंथन

*विद्या भारती के इस अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता वर्ग में विचार, व्यवहार एवं संगठनात्मक कार्यशैली पर गहन मंथन हुआ। विभिन्न सत्रों में शिक्षा, समाज एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अभ्यास वर्ग ने कार्यकर्ताओं को नवीन दृष्टिकोण, प्रभावी रणनीति और समर्पण भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर ने आभार प्रदर्शन किया और अंत में वंदे मातरम् का गान हुआ।*

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी मंच आज करेगा विस का घेराव

**भोपाल।** स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारियों की मांगों को लेकर मप्र कर्मचारी मंच सोमवार को विधानसभा का घेराव करेगा। कर्मचारी अपनी मांगों का ज्ञापन भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपेंगे। यह निर्णय शनिवार को मप्र कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति ने लिया है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि स्थाई कर्मियों सातवां वेतनमान का लाभ देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने और अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्ण कार्य कलेक्टर रेट का वेतन देने की मांगों की अनदेखी की जा रही है, इसलिए निर्णय लिया है कि विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

### जल संसाधन कर्मचारियों की बैठक आज

**भोपाल।** नियमितीकरण, वेतन वृद्धि, कार्यभारित को चौथा समयमान वेतनमान, अनुबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटरों को संविदा नियुक्ति, न्यायालयीन निर्णय का पालन करने समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार को जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों की बैठक होगी। मप्र कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व सदस्य वीरेंद्र खोंगल, प्रांताध्यक्ष सुरेंद्र निगम की अध्यक्षता में जल संसाधन विभाग, तुलसी नगर में बैठक कर कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर उनके निराकरण की रणनीति बनाई जाएगी।

### एनएसयूआई ने टॉर्च जलाकर जताया विरोध

**भोपाल।** एबीवीपी के पूर्व संगठन मंत्री भगवान सिंह राजपूत (मेवाड़ा) द्वारा आदिवासी बच्ची के साथ किए गए रेप की घटना के विरोध में मध्यप्रदेश एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में आक्रोश मशाल मार्च निकाले जाने की तैयारी थी। इसी दौरान मौके पर तैनात भारी पुलिस बल ने मशाल जुलूस निकालने से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को रोका तो उन्होंने मोबाइल की टॉर्च जलाकर विरोध जताया। साथ ही नारेबाजी की। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए। इस मौके पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि यह घटना न केवल शर्मनाक है, बल्कि सरकार और प्रशासन की विफलता को भी उजागर करती है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के वाहन किए रवाना

# सीएम ने राज्य स्तरीय विजेताओं को दी एक-एक लाख रुपए की सम्मान निधि

**सीहोर के समूह सदस्यों को 200 ई-साइकिल वितरित**

## महिलाओं को अधिकार देने से समाज में आते हैं सकारात्मक बदलाव: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिलाओं को अधिकार देने से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। भारत विश्व का एक मात्र ऐसा देश है जो अनादिकाल से मातृ शक्ति का सम्मान करता रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 19 हजार से अधिक बहनों का कन्यादान सरकार की ओर से किया गया है।

अब तक 115 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। आहार अनुदान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्र में देश में चार करोड़ से अधिक मकान बनने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार भी वितरित किए। सीहोर जिले के समूह सदस्यों को 200 ई-सायकिल वितरित करने के साथ आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के 3 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।





### सभी पुलिस थानों में महिला डेस्क की स्थापना की गई: डीजीपी

*पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि 'हम होंगे कामयाब' अभियान में 984 सार्वजनिक स्थलों का सर्वेक्षण किया गया था। पुलिस विभाग की महिला सुरक्षा शाखा ने अभिमन्यु सर्वेक्षण किया था, जिसमें 48 हजार विभिन्न वर्गों के महिला-पुरुषों की प्रश्नावली तैयार की गई थी। इसका विश्लेषण आईआईएम इंदौर ने किया। एक सुरक्षा ऑडिट भी किया गया है। सभी पुलिस थानों में महिला डेस्क की स्थापना की गई है। कई बार देखा गया है कि दुर्भाग्वश जो संबंध विच्छेद हो जाते है जिनमें महिलाओं के भरण-पोषण एक महत्वपूर्ण समस्या देखी गई है।*

### यह समय 'वुमेन लेड गवर्मेंट' का है: शर्मा

*सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि यह समय 'वुमेन लेड गवर्मेंट' का है। भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने और लैगिंक समानता को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं।*

### माधुरी मोयदे को राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार से किया सम्मानित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए। इसमें सभी विजेताओं को एक-एक लाख रुपए की सम्मान निधि के साथ प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने इंदौर की माधुरी मोयदे को 12 वर्ष की बालिका को बुजुर्ग पड़ोसी के शोषण से बचाने के लिए राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार, वर्ष 2023 के राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार श्योपुर की कोमल किन्नर को दिया गया।

### भारती अग्रवाल को राजमाता विजयाराजे सिंधिया पुरस्कार

*बैतूल की भारती अग्रवाल को शहरी क्षेत्र में 158 और ग्रामीण क्षेत्र में 868 स्व-सहायता समूहों का गठन एवं सेनेटरी पैड्स के निर्माण, वितरण, कौशल उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिए वर्ष 2024 के राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाजसेवा पुरस्कार, मंदसौर जिले की अनामिका फाउंडेशन की संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनामिका जैन को रानी अंवती बाई वीरता पुरस्कार दिया गया।*

### इंदौर के महेंद्र पाठक को मिला सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के महेन्द्र पाठक को विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया। पाठक ने 20 वर्षों से सतत बाल विवाह विरोधी उड़न दस्ते के संयोजक के रूप में कार्य करते हुए 1200 से अधिक बाल विवाह रोके हैं। उनका नाम इसके लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। पुरस्कार स्वरूप उन्हें भी एक लाख रुपए की सम्मान निधि, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। छतरपुर जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना यादव, राजगढ़ जिले की सोलो सायक्लिस्ट सुश्री आशा मालवीय और धार जिले के वन स्टॉप सेंटर की चेतना राठौर को भी उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

### जैविक हाट बाजारों का शुभारंभ सिंगल क्लिक से किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के छह प्रमुख शहरों भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं धार में जैविक हाट बाजारों का शुभारंभ सिंगल क्लिक से किया। मुख्यमंत्री ने वित्तीय साक्षरता अभियान का शुभारंभ, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयूजीकेवाय) के तहत विशेष रूप से युवतियों के लिए 5 प्रशिक्षण बैच, आरसेटी के माध्यम से बालाघाट, डिण्डोरी एवं अलीराजपुर जिलों में पारंपरिक कला एवं शिल्प के प्रोत्साहन के लिए कौशल प्रशिक्षण का डिजिटल शुभारंभ किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि व प्रमुख सचिव महिला बाल विकास रश्मि अरूण शमी, आयुक्त महिला बाल विकास सूफिया फारूख वली भी मौजूद रहीं।

शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित, नक्सली संगठन को लगा झटका

## एक-एक लाख के दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

नक्सली संगठन को एक और झटका लगा है। शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर एक एक लाख के दो ईनामी नक्सलियों ने आतंक का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने आत्मसमर्पण कर दिए हैं। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक 48 ने नक्सलवाद से तौबा कर सरेंडर कर दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान व शासन की पुनर्वास व आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर एक लाख के इनामी



गंगालुर एरिया कमेटी पार्टी सदस्य सुखराम फरसीक पिता पीडे फरसीक उम्र 30 निवासी सरपंच पारा कुरुष थाना गंगालुर व एक लाख के इनामी बुरजी आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष पंडरु फरसीक पिता मेगा फरसीक निवासी गायतापारा कुरुष थाना गंगालुर ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित नक्सलियों को 25-25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई। इधर पुलिस ने अपील की है कि नक्सल विचारधारा में भटके नक्सलियों को उनके घर वाले भी वापस लाना चाहते हैं। हम सभी नक्सली भाई बहनों से अपील करते हैं कि उनके बाहरी लोगों की भ्रामक बातों और विचारधारा से बाहर निकलने का समय आ गया है। अब सामान्य जन जीवन जीने के लिए पुलिस व सुरक्षा बलों के समक्ष किसी भी माध्यम से आकर आत्मसमर्पण करें व छग शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास योजना का लाभ उठाएं।

कोई जनहानि नहीं, पुलिस कर रही वजह की जांच

## धू-धूकर जली पार्किंग में खड़ी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलवे स्टेशन के पार्किंग में खड़ी कार में आग लग गई और देखते ही देखते आग इतनी भड़क गयी कि कुछ ही देर में कार जलकर खाक हो गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं आनन-फानन में आसपास में खड़ी गाड़ियों को जैसे तैसे हटाया गया।

पूरा मामला गंज थाना क्षेत्र का है। फिलहाल आग लगी है या लगाई गई है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। रेलवे स्टेशन के पार्किंग में खड़ी स्कॉर्पियो कार पर आग लगी थी। आग की चपेट में आने से कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग



लगने के कुछ ही देर में कार में लगातार ब्लास्ट होना शुरू हो गया। हालांकि इस घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और आरपीएफ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस अब मामले में जांच में जुटी गई है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग कैसे लगी।

15 दिन से चल रहा था जानलेवा कृत्य

## कन्हर नदी के पानी में मिला रहे जहरीला पदार्थ

**दर्जनों की जान पर मंडरा रहा खतरा, नगर पालिका ने लिया मामले पर संज्ञान**

बलरामपुर ▶▶ रामानुजगंज



एक ओर जहां कन्हर नदी की धार धीरे-धीरे पतली होती जा रही है वहीं दूसरी ओर विगत 15 दिन से लगातार दर्जनों लोगों के द्वारा नदी के पानी में जहरीला रासायनिक पदार्थ मिलाकर मछली मारा जा रहा है जो कभी भी सैकड़ो लोगों की जान पर बन सकता है समय रहते तत्काल प्रशासन को संज्ञान लेते हुए इस और सख्त कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

कन्हर नदी में ग्राम पुरानडीह में स्थित इंटक वेल से लेकर मुक्ति धाम के नीचे तक मछली मारने के लिए दर्जनों लोगों के द्वारा जहरीला रासायनिक पदार्थ पोटीया प्लस को आटे में मिलाकर नदी में डाल दिया जाता है। जिसके बाद मछलियां मरनी शुरू हो जाती है मछलियों के मरने के बाद उन्हें चुनकर लोग ले जाते हैं यह सिलसिला विगत 15 दिन से चल रहा है कभी भी यह खतरनाक स्वरूप ले सकता है एवं दर्जनों लोगों की जान पर आ सकती है रासायनिक जहरीला पदार्थ का महक काफी तेज होता है। जिस कारण इसके नजदीक जाना भी मुश्किल होता है परंतु लोग अपनी जान की बाजी लगाकर मछली मार कर ले जा रहे हैं।

### जहरीला पदार्थ देकर मारते हैं मछलियां

*कनहर नदी में यदि आप घूमने जाएं और अचानक से हजारों की संख्या में मछलियां मरी हुई दिखे तो आश्चर्य में मत पड़िएगा रासायनिक जहरीला खाद्य पदार्थ डालकर इन्हें मार दिया जा रहा है फिर बाद में बिनकर इन्हें बेचते हैं या खाते हैं। जिस प्रकार से प्रतिदिन नदी में रासायनिक पदार्थ डालकर मछली मारी जा रही है इससे कभी भी सैकड़ों लोगों के साथ कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि अधिकांश नगरवासी पीने के लिए इसी पानी का उपयोग करते हैं।*

### मछली पकड़ रहे लोगों को लगाई फटकार

*लोगों के द्वारा जहरीला रासायनिक पदार्थ नदी में डालकर मछली मारने की सूचना जैसे ही नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल को मिली तो उनके निर्देश पर नगर पालिका के विनोद केसरी सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंची एवं पानी में जहरीला पदार्थ डालकर मछली मार रहे लोगों को जमकर फटकार लगाई। नगर पालिका और पुलिस के अमले को देख मछली मार रहे लोग वहां से भाग खड़े हुए।*

उद्यमशीलता और रोजगार सृजन को मिलेगी मजबूती

# सीएम साय ने की उद्यमिता आयोग के गठन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में उद्यमिता आयोग के गठन की घोषणा की है। यह आयोग राज्य में उद्यमशीलता की संस्कृति को मजबूत करेगा और रोजगार सृजन की संभावनाओं का अध्ययन करेगा। इसके तहत युवाओं के कौशल विकास और रोजगार प्रशिक्षण के लिए कार्य किया जाएगा। सीएम साय ने यह घोषणा राजधानी रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए की।

इस अवसर पर उन्होंने मंच की ऐतिहासिक यात्रा को समर्पित पुस्तक 'स्वदेशी की विकास यात्रा' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत @2047' के निर्माण के लिए हमें स्वदेशी को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण



मंच हमेशा से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक विशाल और संपन्न देश है। यहाँ प्रचुर प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, और साथ ही हमारे पास विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है। यह हमें न केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार प्रदान करता है, बल्कि नवाचार और औद्योगिकीकरण के लिए भी असीम संभावनाएँ खोलता है।

### वैश्विक परिदृश्य में आ रहे बदलावों पर फोकस

सीएम साय ने वैश्विक परिदृश्य में आ रहे बदलावों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में आ रहे परिवर्तनों को देखते हुए स्वदेशी जागरण मंच जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति को प्रदेश की प्राकृतिक संपदा और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। इस नीति में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है ताकि उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाया जा सके। स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएँ भी चलाई जा रही हैं।

### स्टार्टअप्स को सरकार हर संभव सहायता देगी

*कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सफल उद्यमियों को 'उद्यमिता प्रोत्साहन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि युवा और नवाचार आधारित स्टार्टअप्स को सरकार हर संभव सहायता देगी। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक आर सुंदरम, अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, देश के प्रतिष्ठित उद्यमी, प्रोफेसर, कुलपति, आर्थिक विशेषज्ञ और स्वदेशी जागरण मंच तथा स्वावलंबी भारत अभियान के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।*

# फर्जी लोन मामले में बैंक अधिकारी को आरोपी क्यों नहीं बनाया

## हाईकोर्ट ने मंडला एसपी और जांच अधिकारी को अगली सुनवाई में उपस्थित होने के दिए निर्देश

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने फर्जी तरीके से लोन स्वीकृत कराने के मामले में मंडला पुलिस अधीक्षक से पूछा है कि इस मामले में बैंक अधिकारी को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया। कोर्ट ने यह भी कहा है कि मामले में सही तरीके से जांच नहीं की गई है। कोर्ट ने एसपी और जांच अधिकारी को अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं। मंडला निवासी खगेश झारिया की ओर से अधिवक्ता परितोष त्रिवेदी ने दलील दी की शिकायतकर्ता महिलाल धुर्वे ने एक आवेदन घुघरी थाने में दिया कि एक्सिस बैंक के एक कर्मचारी खगेश झरिया ने उसे लोन दिलाने का प्रलोभन देकर दस्तावेजों और कोरे चेक में दस्खत करा लिए। महिलाल ने लोन स्वीकृत करवाकर राशि का उपयोग स्वयं ही कर लिया। शिकायतकर्ता का यह कहना था कि वह कभी बैंक गया ही नहीं। यह भीदलील दी गई कि खगेश आउट सोर्सेज कंपनी का कर्मचारी है और वह ग्राहक लाकर बैंक को देता है। लोन स्वीकृत करना बैंक अधिकारियों का काम है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि जब शिकायतकर्ता बैंक गया



ही नहीं तो बिना वेरिफिकेशन के लोन किस बैंक अधिकारी ने स्वीकृत कर दिया। कोर्ट ने आवेदक खगेश को जमानत भी दे दी।

### संविदा आयुष कर्मियों को बोनस अंक देने आदेश

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया में शासकीय अस्पताल, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सार्वजनिक उपक्रम में पदस्थ संविदा आयुष कर्मियों को नियमानुसार बोनस अंक प्रदान करने पर निर्णय लेने के निर्देश सरकार को दिए। कोर्ट ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता बोनस अंक की पात्रता रखते हैं तो 60 दिन के भीतर प्रक्रिया को पूरा करें।

रीवा निवासी डॉ. अवधबिहारी गौतम सहित करीब दो दर्जन से अधिक संविदा कर्मियों ने याचिका दायर कर बताया कि वे वर्षों से विभिन्न शासकीय अस्पतालों या सार्वजनिक उपक्रम के संस्थानों में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत हैं। अधिवक्ता विट्ठल राव जुमड़े ने बताया कि मप्र राज्य सेवा आयोग ने 28 दिसंबर, 2021 को आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी की परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी किया। भर्ती नियम में केवल संविदा आयुष चिकित्सकों को ही अनुभव के आधार पर बोनस अंक देने का प्रविधान है। याचिकाकर्ता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत हैं। याचिकाकर्ताओं के पास बीएएमएस की डिग्री भी है। इस मामले में पूर्व में हाई कोर्ट ने अन्य मामलों में यह निर्धारित किया है कि शासकीय अस्पताल, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सार्वजनिक उपक्रम में पदस्थ संविदा आयुष कर्मियों को भी बोनस अंक का लाभ दिया जाएगा। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने पूर्व निर्णय के अनुसार याचिकाकर्ताओं के प्रकरणों में उक्त लाभ देने का आदेश दिया।

## जांच अधिकारी दोषपूर्ण और दोषमुक्ति के भी दस्तावेज पेश करे

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायाधीश विवेक जैन अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि जांच अधिकारी केस डायरी व आरोप पत्र दाखिल करते समय दोषपूर्ण व दोषमुक्ति के सभी दस्तावेज पेश करें। केस डायरी और आरोप पत्र में केवल अभियुक्त के खिलाफ साक्ष्य ही नहीं, बल्कि वे सभी दस्तावेज और गवाहियां भी शामिल की जाए, जो उसे निर्दोष साबित कर सकती हैं। प्रकरण का विचारण प्रारंभ होने के पूर्व अभियुक्त को जांच के दौरान एकत्र की गई सभी सामग्री की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसरण में मध्य प्रदेश नियम और आदेश (आपराधिक) में संशोधन किए गये है। मध्यप्रदेश नियम और आदेश (आपराधिक) के तहत नियम 117-ए को पूरी तरह लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस नियम के अनुसार अभियुक्त को मुकदमे की शुरुआत से पहले ही जांच अधिकारी द्वारा जब्त किए गए सभी दस्तावेज, भौतिक वस्तुओं, और गवाहों के बयान की सूची दी जानी चाहिए। इस सूची में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि कौन-कौन से दस्तावेज और बयान अभियोजन पक्ष के लिए उपयोगी हैं और किसे बचाव पक्ष लिया जा सकता है। कोई साक्ष्य अभियुक्त के बचाव में है, तो उसे भी केस डायरी और चार्जशीट में शामिल किया जाएगा और अभियुक्त को इसकी कॉपी दी जाएगी। याचिका में कहा गया था कि केस डायरी और चार्जशीट में केवल अभियोजन पक्ष के साक्ष्य रखे जाते हैं। आरोपी को निर्दोष साबित करने वाली सामग्री को नजरअंदाज कर दिया जाता है। जो न्यायिक प्रक्रिया के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। याचिका का निराकरण करते हुए युगलपीठ ने मध्यप्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि बीएनएसएस की धारा 193 के तहत केस डायरी और आरोप पत्र को संतुलित रखें। जिससे अभियुक्त के खिलाफ और उसके पक्ष में मौजूद सभी साक्ष्य पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत किए जा सकें। इस आदेश का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करे और मुकदमे की शुरुआत से पहले अभियुक्त को सभी प्रासंगिक दस्तावेज प्रदान किए जाएं। न्यायिक प्रक्रिया का आधार निष्पक्षता और पारदर्शिता होती है। अगर किसी व्यक्ति पर कोई आरोप लगाया जाता है, तो उसे यह जानने का पूरा अधिकार है कि जांच के दौरान कौन-कौन से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं,चाहे उसके खिलाफ या पक्ष में है। आरोपी को बचाव का पूरा अवसर मिलना चाहिए, और अभियोजन पक्ष द्वारा किसी भी तरह की जानकारी छिपाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जानी चाहिए।

# गढ़ा में नकबजनी का खुलासा

## तीन आरोपियों से 15 लाख के जेवर जब्त

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में सिद्ध नगर कालोनी में एक सूने घर में हुई नकबजनी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उनके पास से नगदी समेत 15 लाख के जेवर जब्त किये हैं। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा ने बताया कि सिद्ध नगर खेरमाई मंदिर निवासी अनिल जैन गत 25 फरवरी को अपने परिवार के साथ धनौरा दमोह गया था। जहां से 2मार्च को वापस लौटा तो घर के दरवाजे का कुंदा टूटा था और घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अनिल ने चेक किया तो पता चला कि 17 लाख रुपये के जेवर व नगदी गायब थे। जिसे कोई अज्ञात चोर ले गया था। जांच के दौरान आरोपियों को पकडऩे एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर घमापुर निवासी अविनाश रैकवार व बरेला निवासी राजकुमार झारिया एवं मयंक बर्मन को संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने साथी अभिषेक के साथ मिलकर नकबजनी को अंजाम देना बताया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 20 हजार नगदी समेत 18 टोला सोने के जेवर, एक डायमंड पैंडल, एक डायमंड अंगूठी, 700 ग्राम चोरी के जेवर जब्त किये। जब्त किये गये नगदी, जेवर का मशरूका 15लाख रुपये बताया गया है।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

जबलपुर।

मप्र उच्च न्यायालय से एक पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक को बड़ी राहत मिली। जस्टिस आशीष श्रोती की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक रवींद्र शुक्ला की याचिका पर पुलिस विभाग को उसके वेतन और पेंशन का निर्धारण ठीक वैसे ही करने का आदेश दिया हैं जैसे सेवाकाल के दौरान उसे कोई सजा न दी गई हो। याचिकाकर्ता जिला अनूपपुर के थाना भालूमाड़ा में हेड कॉस्टेबल के पद से सेवानिवृत्त रवींन्द्र शुक्ला द्वारा याचिका में कहा गया कि सेवा काल के दौरान 1 अप्रैल 2006 को उसे चार्जशीट दी गई थी। जिस पर विभागीय जांच के बाद 30 अक्टूबर 2006 को एक वेतन वृद्धि हमेशा के लिए रोककर पेंशन भी प्रभावित कर दी गई थी। श्री शुक्ला द्वारा याचिका में आरोप लगाया गया कि विभागीय जांच में गंभीर अनियमितता इस तरह की गई कि प्रस्तुतकर्ता अधिकारी की नियुक्ति के बिना जांच अधिकारी ने एक पक्षीय कार्रवाई कर श्री शुक्ला को दोषी ठहराया। जिसका असर उनकी एक वेतनवृद्धि और पेंशन पर पड़ा। यचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत रूद्र प्रसाद चौधरी पुलिस विभाग म.प्र. उच्च न्यायालय एवं एवं सुप्रीम कोर्ट के मंडल विकास निगम वि. गिरजा शंकर पंत 2001 (1) एससीसी 182 के न्याय दृष्टांत प्रस्तुत किया। जिसके बाद न्यायालय ने याचिकाकर्ता रविन्द्र शुक्ला को दी गई सजा को सेवाकाल के दौरान कभी भी कोई सजा न दी गई हो मानते हुये याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय पारित किया। न्यायालय ने श्री शुक्ला को 30 अक्टूबर 2006 को दी गई सजा एवं 9 जुलाई 2007 की संशोधिक सजा को रद्द कर पेंशन पुनः निर्धारित करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से एड. नर्मदा प्रसाद चौधरी एवं अमित चौधरी ने पैरवी की।

### आरक्षक वेतन और पेंशन का निर्धारण करने आदेश

# कंटेनर की चपेट में आए वृद्ध की मौत

## अंधमूक चौराहे पर दुर्घटना से आक्रोश, चकाजाम

**जबलपुर। संजीवनी नगर थाने की धनवंतरी नगर चौकी अंतर्गत रविवार की सुबह साईकल से दूध बांटने जा रहे एक 72 वर्षीय वृध्द की कंटेनर की टक्कर लगने से वृध्द चके की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया, क्षेत्रीय लोगों ने चका जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हुआ।**

घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम सहित पुलिस अधीकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाईश देकर जाम समाप्त कराया. पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया. कंटेनर



चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है. धनवंतरी नगर पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिंडरई गांव के निवासी सुदर्शन सिंह लोधी सुबह करीब 7:30 बजे अपनी रोजाना की तरह साइकिल से दूध बांटने जा रहे थे, तभी अंधमूक चौराहे पर कटनी की ओर जा रहे ट्रक नं. एचआर 55 एएल 8623 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर में सुदर्शन की साइकिल ट्रक के पिछले टायर में फंस गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागने की कोशिश करता, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। हालांकि, पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को ग्रामीणों से बचाते हुए पकड़ लिया। इसके बाद मृतक के परिजनों और आसपास के ग्रामीणों ने विरोध में चक्का जाम कर दिया, जिससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया, जिसके बाद जाम हटाया गया।

### अंधमूक बायपास बना ब्लैक स्पॉट

अंधमूक बायपास शहर के भीतर स्थित एक व्यस्त मार्ग है, जहां भारी वाहनों की आवाजाही बहुत अधिक रहती है। यहां हाईवा और डंपर जैसे भारी वाहनों का जमावड़ा रहता है, जिससे ट्रैफिक की स्थिति दिनभर खराब रहती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर छोटे-बड़े सड़क हादसे होते रहते हैं, जिससे न केवल उन्हें यात्रा करने में दिक्कत होती है, बल्कि इस मार्ग पर डर का माहौल भी बना रहता है।

## ग्वारीघाट में नहाने आए श्रद्धालु के मोबाईल नगदी चोरी

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थानान्तर्गत अपने साथी राजू चतुर्वेदी के साथ नर्मदा स्नान करने आये ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी गोविंद नापित ने नहाने के लिए कपड़े उतार कर घाट पर रखे तखत पर रख दिए थे। इस दौरान उन्होंने ने पंडित जी को कपड़े देखने कहा था। जब गोविंद वापिस घाट पर नहाकर आया तो देखा कि तखत पर रखे उसके पेंट शर्ट, बनियान व स्वेटर गायब थे वहीं पेंट की जेब में रखा वीवो कंपनी का मोबाईल व १५ हजार नगदी गायब था।

## किशोर ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** राझी थानान्तर्गत नई बस्ती झण्डा चौक में एक किशोर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। रांझी पुलिस ने बताया कि नई बस्ती झण्डा चौक निवासी नरेन्द्र सतनामी कल काम करने गया था घर में उसकी माँ दुलारी बाई और पिता नत्थूलाल सतनामी थे। शाम पड़ोसी गेंदालाल ने नरेन्द्रको फोन पर सूचना दी कि तुम्हारे बेटे करण उर्फ शानू सतनामी ने कमरे की शीट वाली छत में लगे राप्टर से साड़ी का फंदा बांधकर फांसी लगा ली।

## नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा 13 मार्च को

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सैकड़ो वर्षों से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा फागुन पूर्णिमा 13 फरवरी गुरुवार सुबह 6:00 बजे 464 वी परिक्रमा संत महात्माओं के सानिध्य में परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में निकाली जाएगी। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज एवं नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा की संरक्षक श्रीमती सुषमा परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण करेंगे. उपस्थिति की अपील नर्मदा महा आरती के संस्थापक एव नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संकीर्तनचार्य पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाब बनी कंछेदी लाल पटेल कैलाश विश्वकर्मा विशाल पंडया आदि ने की है।

## रामनवमीं शोभा यात्रा की बैठक आज

**जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में परंपरानुसार 45 वीं भगवान श्री राम जी के पावन जन्मोत्सव पर इस वर्ष भी भव्य दिव्य और ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा को विशाल बनाने हेतु श्री सनातन धर्म महासभा तथा समस्त सहयोगी मंदिरों संस्थाओं समाजों की प्रथम आवश्यक बैठक आज सोमवार 10 मार्च को सायंकाल 4.30 बजे श्री नरसिंह मन्दिर शास्त्री पुल में रामरंगी द्वाराचार्य नरसिंहपीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित है।

## 317 पाव देशी शराब एवं लोडिंग आटो जप्त

**जबलपुर।** पाटन पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक लोडिंग वाहन और उसमें रखी 317 पाव देशी शराब जप्त की।पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरोंद रोड पर एक नीले रंग की लोडिंग आटो ने अवैध शराब का परिवहन होने की सूचना पुलिस को मुखबिर से मिली थी. इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जरोंद निवासी 36 वर्षीय शुभू प्रसाद उर्फ उर्फ भीम बर्मन और 28 वर्षीय रंजीत पटेल को गिरफ्तार किया. आटो में तीन बोरियों में 317 पाव देसी शराब रखी मिली. शराब की कीमत लगभग 55 हजार रुपये बताई गई है. पुलिस ने लोडिंग आटो अवैध शराब सहित जप्त करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की ।

## रंगदारी नहीं देने पर वाहन मैकेनिक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत रंगदारी वसूलने के विवाद पर फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई. शराब के लिये रुपये नहीं देने पर दो आरोपियों ने एक वाहन मेकेनिक को चाकू मारकर घायल कर दिया. हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचकुईयां निवासी वाहन मेकेनिक 16 वर्षीय जफर कल शाम कटिंग सेलून गया था, वहां से लौटकर सुब्बाशाह मैदान से होते हुये रजा चौक की तरफ जा रहा था. सुब्बाशाह मैदान में जुनैद तथा जुबेर मिले दोनों उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे जुनैद ने चाकू से हमलाकर वायें पैर के घुटने में चोट पहुचा दी. दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है।

## सूने घर से लाखों के जेवर चोरी

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानान्तर्गत गोकुलधाम परिसर गुजराती कालोनी में कल रात अज्ञात चोरों ने एक सूने घर का ताला तोडक़र लाखों के जेवर पारकर दिए। संजीवनी नगर पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि गोकुलधाम परिसर गुजराती कालोनी निवासी श्रीमती रचनापटेल की माँ बीमार होने के कारण सुपरस्पेशिल्टी अस्पताल में भर्ती है। कल रचना अपने भाई अजय काछी के साथ माँ को देखने अस्पताल गयी थी जहां से वापस आकर वह भाई के कहने पर घर में ताला लगाकर अपनी बेटी को लेकर भाई के घर सोने चली गई थी। सुबह साढ़े ६ बजे रचना ने अपने घर जाकर देखा कि गेट का ताला गायब था वहीं कूंडी लगा हुई थी उसने अपने भाई संतोष को बुलाकर अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉक टूटा था वहीं अलमारी में रखे जेवर गायब थे। चोरी गये जेवरों की कीमत लाखों में बतायी जा रही है।

## घूम-घूम कर दो सौ रुपये में बेच रहा था नशीले इंजेक्शन

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने नशीले इंजेक्शन बेच रहे आरोपी को गिरफ्तार करके उसके पास से 50 नशीले इंजेक्शन और बिक्री के 6 हजार 500 रुपये जप्त किये. रांझी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शांति नगर सामुदायिक भवन के सामने आरोपी आकाश चौधरी को दबोचा आरोपी यहां थैले में रखकर नशीले इंजेक्शन नसेड़ियों को बेच रहा था. उसके थैले की तलाशी लेने पर डिब्बे में 25 नग फेनिरामाईन मैलेट इंजैक्शन आईपी एविल 10 एम.एल. के तथा 25 नग बुप्रेनोरफिन इंजैक्शन आईपी ब्यूपिन 2 एम.एल., कुल कीमती 1 हजार 250 रूपये के रखे मिले. पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह 2 सौ रुपये में नशे के इंजेक्शन बेच रहा था. पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8/13 म.प्र.ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## होली में पुलिस के लिये चुनौती बने बाईकर्स ग्रुप, हादसों को दे रहे न्योता

# बाईकर्स का सड़क पर सर्कस नयी चुनौती

जबलपुर।

होली का त्यौहार नजदीक आते ही बाईकर्स ग्रुप पुलिस के लिये चुनौती बन गये है। शहर में लंबे समय से बाईकर्स के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं होने से बाईकर्स लफंगों का आतंक बढ़ गया है। 6-6, 7-7 गाड़ियों के ग्रुप में बेलगाम रफ्तार और तीन-तीन सवारी, मोबाइल पर बात कर वाहन ड्राइव करना आदत में शुमार हो गया है। बाईकर्स के सर्कस से सड़कों पर चलने वाले लोग बेवजह दुर्घटना का शिकार हो रहे है। रफ्तार पर तो कोई लगाम है ही नहीं। लफंगों और शरीफों के बीच अंतर भांपकर पुलिस को मुहिम चलानी होगी, तभी आवारगर्दी करने वालों पर लगाम कसेंगी। जनापेक्षा है कि बाईकर्स सवार लफंगों के खिलाफ भी पुलिस ऑपरेशन चलाया जायें।

### फिर बढ़ा बाईकर्स का आतंक

शहर के गली कूचों से लेकर मुख्य मार्गों पर बाईकर्स



सवार फिर से सर्कसिया करतब दिखाने लगे हैं और पुलिस फिर मूकदर्शक की भूमिका में आ गई। शहर का मुख्य मार्ग हो या तंग गलियां आम आदमी का चलना मुश्किल हो रहा है। *-* सवारी लदकर एक हाथ में मोबाईल और दूसरे हाथ में एक्सीलेटर दबाकर लहराते हुये वाहन चलाने वालों से पैदल चलने वाले बुजुर्ग व महिलायें तंग हो गई हैं। गंजीपुरा चौक, सुपर बाजार, नौदरा ब्रिज, बल्देवबाग, दमोहनाका, होमसाइंस कॉलेज रोड में हाल ही में दो-तीन दिनों में बाईकर्स सवारों के सर्कसिया करतब को लेकर अप्रिय स्थितियां निर्मित हुई। इसी प्रकार गढ़ा, नागपुर रोड, सिविक सेंटर, करमचंद चौक, रानीताल गढ़ाफाटक रोड के आसपास भी बाईकर्स सवारों ने जमकर आतंक मचाना आरंभ कर दिया है। जनापेक्षा है कि पुलिस एक बार फिर आवारागर्दी करने वालों के अराजकता से निपटने के लिये अभियान चलाये।

### ई-चालान से बचने फर्जी नंबर

यूं तो शहर में बिना नंबर के कई वाहन चल रहे है। ई-चालान से बचने लफंगों ने अपने वाहनों में एक-एक नंबर फर्जी डलवा लिये है, ताकि ई-चालान से बचा जा सके। दरअसल पुलिस को सिर्फ चालान करने से मतलब रहता है वाहन चोरी का है या बिना नंबर का इससे कोई सारोकार नहीं, कम से कम होली में बिना नंबर के वाहन जब्त ही कर लेना चाहिए।

# उत्तर-मध्य विधानसभा में विधायक ने पहुंचाया घर-घर गंगाजल

**जबलपुर।**

उत्तर-मध्य विधानसभा में विधायक डॉ. अभिलाष पांडे द्वारा 02 मार्च से 06 मार्च 2025 तक संगठनिक दृष्टि से विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी पांच मंडल में क्रमशः जिनमें चंद्रशेखर आजाद मंडल, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल, आचार्य श्री विद्यासागर मंडल, स्वामी विवेकानंद मंडल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी 20 वार्डों में गंगाजल अभियान के माध्यम से घर-घर पहुंचकर प्रयागराज से लाया हुआ पवित्र गंगाजल प्रदान किया गया। घर-घर गंगाजल अभियान को प्रारंभ करने का ध्येय उन परिवारों और उन लोगों तक मां गंगा का पवित्र गंगा जल पहुंचाना था जो कि किसी भी व्यक्तिगत कारणवश अथवा शारीरिक अक्षमता के कारण प्रयागराज महाकुंभ में जाने से और गंगाजल पाने से वंचित रह गए हैं और उनके मन में किसी भी प्रकार से इस पुण्य प्रदाय यज्ञ में शामिल न हो पाने का क्षोभ न रहे, इसलिए इस अभियान के माध्यम से घर-घर जाकर पवित्र गंगाजल प्रदान किया गया। इस अभियान के लिए प्रयागराज से जबलपुर लगभग 370 किलोमीटर दूर से टैंकर के द्वारा




पवित्र गंगाजल को मंगवाया गया जिसे जबलपुर तक पहुंचने में तीन दिन का समय लगा और ये टैंकर रास्ते में जहां-जहां से भी गुजरा लोगों ने स्वागत और पूजन करके मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि मैं अपने विधानसभा परिवार में 'नेता नहीं बेटा हूं' ये बात मैं हमेशा कहता हूं और ये मेरा कर्तव्य है कि मेरे विधानसभा परिवार में प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुःख और पुण्य कार्य में सदैव उनके साथ शामिल रहूं, विकास के साथ ही धर्म, संस्कृति और संस्कार को भी प्राथमिकता दी जा रही है, जिसका साक्षात उदाहरण हमारा घर-घर गंगाजल अभियान है। बताया गया घर-घर गंगाजल अभियान के दौरान पांच दिन में लगभग 137 किमी पैदल चलकर एवं 45000 घरों तक स्वयं जाकर पवित्र गंगाजल प्रदान किया गया, जिन लोगों तक अभियान के दौरान नहीं पहुंच सके या उन्हें पवित्र गंगाजल प्राप्त नहीं हो सका उनके लिए 10000 बॉटल में पवित्र गंगाजल पहुंचाया जा रहा है। घर-घर गंगाजल अभियान मेरी भावनाओं से जुड़ा है, सनातन एकता और समरसता के पर्याय बन चुके प्रयागराज महाकुंभ में संपूर्ण विश्व के सनातनियों को गौरव की अनुभूति प्रदान की है और इस महायज्ञ में मेरे विधानसभा परिवार का प्रत्येक सदस्य शामिल हो मेरी ऐसी मंशा थी। महाकुंभ के दौरान भी हमने लगभग 63 वाहनों से अपने विधानसभा परिवार के करीब 328 लोगों के साथ प्रयागराज महाकुंभ पहुंचकर पवित्र स्नान किया एवं विधानसभा परिवार में सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। घर-घर गंगाजल अभियान के दौरान विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जल स्त्रोतों में भी मां गंगा का पवित्र गंगाजल मिलाकर उन्हें भी सनातन के इस महायज्ञ महाकुंभ से जोड़ा गया। गंगाजल अभियान में विधानसभा के सभी प्रमुख देवी मंदिरों, शिवालयों और पूजा स्थलों तक पहुंचकर मां गंगा का पवित्र गंगाजल अर्पित किया गया, पवित्र गंगाजल को विभिन्न वृद्धाश्रमों, अनाथालयों और अस्पतालों में भी पहुंचाया जा रहा है, गंगाजल अभियान में समाज के सभी वर्गों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारी बंधुओं और विशेष रूप से बड़ी संख्या में हमारे बुजुर्गों का आशीर्वाद हमें प्राप्त हुआ। घर-घर गंगाजल अभियान में भारतीय जनता पार्टी जबलपुर के जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे, पूर्व महापौर प्रभात साहू, हमारे सभी पार्षद, मंडल अध्यक्ष, जिला मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अभियान में मुझे जो सहयोग प्रदान किया गया जिसके लिए मैं विशेष रूप से आप सभी का आभारी हूं और मां गंगा के इस घर-घर गंगाजल अभियान में सारथी बनने के लिए आप अभी को धन्यवाद देता हूं और आपका अभिनंदन भी करता हूं।

## पुलिस सम्मान समारोह 'जोश' आज

**जबलपुर।** जबलपुर में पुलिस सम्मान समारोह 'जोश' (द्वितीय वर्ष) का आयोजन 10 मार्च को मानस भवन में पूर्वान्ह 11 बजे से किया गया है। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग के समस्त थानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का सम्मान नगद राशि, शील्ड, प्रमाण पत्र प्रदान कर किया जाएगा।



## डॉ. अभिषेक जैन सम्मानित

**जबलपुर।** डॉ. अभिषेक जैन (उपाध्यक्ष) मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर का विधायक अशोक रोहाणी द्वारा उनके सामाजिक हित के कार्यों के लिए सम्मान किया गया। इसमें डॉ. अमित सिसोदिया (राष्ट्रीय अध्यक्ष) के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिजीत जैन, एड. साक्षी भारद्वाज, एड. अमित शर्मा, मनीषा दीक्षित और सभी सदस्य शामिल हुए।



## जागरूक संगठन ने दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में महिलाओं का देश, प्रदेश, समाज, खेल और इस तरह के हर क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान को देखते हुए और उनमें त्याग, बलिदान और समर्पण की भावनाओं को देखते हुए आज शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में प्रधान अध्यापिका छाया जैन के मार्गदर्शन में, वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश श्रीवास के मुख्य आतिथ्य और हरीशचन्द्र वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य पर सभी महिला शिक्षिकाओं को सर्वप्रथम शाला की शिक्षिका अमिता केशरवानी द्वारा तिलक लगाया गया और सभी मंचासीन अतिथियों के द्वारा महिलाओं के सम्मान में सुविचार रखे गए। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर महिला दिवस की बधाई और शुभकमनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर राकेश श्रीवास, हरीश चन्द्र वर्मा, रॉबर्ट मार्टिन, मोनिका सोनी, के. रत्नाकर, मंजुलता सोनी, पूजा सोनकर, अमिता केशरवानी, शबनम कुरैशी, ममता श्रीवास्तव, ममता तिवारी, रिक्ता जैकब, वंदना विश्वकर्मा, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# विश्व महिला दिवस पर मेहरा समाज महासंघ मुख्यालय में कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** मेहरा समाज महासंघ मुख्यालय जबलपुर में विश्व महिला दिवस के अवसर पर मेहरा समाज महासंघ की पदाधिकारी महिलाओं एवं सदस्यों ने मिलकर वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। महिलाओं ने भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका, उनकी भागीदारी और राष्ट्र निर्माण में उनके सहयोग पर अपने-अपने व्याख्यान रखे।
इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मेहरा समाज महासंघ की राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कमला डेहरिया, राष्ट्रीय महासचिव ज्योति मेहरा, पूर्व राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मीना मेहरा और जबलपुर जिले की महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारीगण एवं सदस्य उपस्थित रहीं। मेहरा समाज महासंघ की जिला अध्यक्ष अंजू देहरिया, जिला सचिव मेनका डेहरिया, कोषाध्यक्ष मनोरमा ने



जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ महिला सदस्य उपस्थित हुईं। गिरिजा मेहरा, रामकुंवर हनोतिया, शीला पचलानी, लक्ष्मी बाई झारिया, प्रेमवती नागिया, तारा दास, गायत्री गढ़वाल, मीना मेहरा, मणि महाराज की लाडली बाई डेहरिया, चंद सतवासी सहित प्रमुख रूप से महिलाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तारा दास, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजना हनोतिया, जिला सचिव वर्षा झारिया, मेनका डेहरिया, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ एडवोकेट रजनी झारिया, रायपुर से सविता झारिया, छिंदवाड़ा से कमला डेहरिया सहित वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर किया सुंदर कांड पाठ

**जबलपुर।** महिला दिवस पर आधारताल ड्राइविंग स्कूल के पीछे राम दरबार के समक्ष अंजू पांडे के यहां सुंदरकांड का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंजू पांडे ने बताया कि सम्मान के रखवाले हमारे संकट मोचन हैं इस कलियुग में वह हम सब का आधार हैं तो उनकी आराधना करके हमने अपना महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर रागिनी दीक्षित, वंदना शुक्ला, किरण भारद्वाज, विद्या चतुर्वेदी, अंजना दीक्षित, सुरेखा शर्मा, किरण भारद्वाज, दीपा वैष्णव अग्निहोत्री, आशा आप्टे लखेरा, निर्भय शुक्ला, सुनील शुक्ला, पवन दुबे आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञान और नवाचार में वैश्विक भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है

**जबलपुर।** महान वैज्ञानिक सर डॉ. सी.वी रमन के व्यक्तित्व का स्मरण करने के साथ ही विज्ञान में उनके योगदान को जन मानस तक पहुंचाने और छात्र छात्राओं को विकसित भारत की परिकल्पना में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जाग्रत करने और विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जागरूकता और नवाचार भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शैक्षणिक गतिविधियों में पोस्टर, मॉडल, रंगोली, निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र सिंह संचालक कृषि विज्ञान विभाग रानी दुर्गावती विवि ने नवीनतम वैज्ञानिक आविष्कारों और आधुनिक तकनीक की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित नित्यरंजन खम्परिया ने बताया कि इस वर्ष मुख्य विषय विकसित भारत के लिए ज्ञान और नवाचार में वैश्विक भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। संदीप गोलछा ने विज्ञान और जीवन पर शोध परख दृष्टि से प्रकाश डालते हुए




विकसित भारत की अवधारणा को स्पष्ट किया। इंजीनियर प्रभात दुबे ने छात्र- छात्राओं को नवाचार हेतु आमंत्रित किया और विज्ञान के अनुप्रयोग की उपयोगिता को बताया। प्राचार्य डॉ. नीलेश पांडे ने वैज्ञानिक अनुसंधान में रुचि बढ़ाने और नवाचार के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देने उससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष शिवदत्त मिश्रा ने सभी वक्ताओं का सार बताया और महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संगीता शुक्ला ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चित्रा मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन संगीता शुक्ला द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राध्यापक, डॉ. ममता पाठक, डॉ. पुष्पा शुक्ला, सरिता शर्मा, अंकिता चंसोरिया, नंदिता वर्मा, संदीप परिहार, शुभम मौर्य, लेखा अधिकारी पवन वैद्य एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।
कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न विशिष्ट महिलाओं का उनके क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को करने हेतु सम्मानित किया गया, जिसमें रीता हर्दहा परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, प्राचार्य स्नेह लता श्रीवास्तव, प्राचार्य ज्योत्सना त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. मधुलिखा शुक्ला, प्राचार्य शालिनी मिश्रा और चिकित्सा क्षेत्र से आरती पटेल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रक्त संबंधित निःशुल्क जाँच शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी रक्त परीक्षण कर विभिन्न जांचे की गई जिसमें शुगर, कोलेस्ट्राल, प्रोटीन, कैल्शियम, थायरायड प्रमुख थी।
महिला दिवस के अवसर पर डाक टिकट प्रदर्शनी में महिला सशक्तिकरण की झलक दिखी। डाक टिकट संग्राहक अरविंद मालिक द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर डाक टिकट प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि एवं महिलाओं द्वारा डाक टिकट संग्रह अवलोकन कर प्रशंसा व्यक्त की तथा जानकारी अवलोकन कर जन मानस में जागरूकता हेतु एक अच्छा प्रयास बताया।

### पशु चिकित्सालय के कुत्ते से नगरवासी भयभीत

**पाटन।** पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉ सरला सिंह अपने निवास स्थान घर पर एक कुत्ते को पाल रखा है और इनके कुत्ता का आतंक बहुत ज्यादा आजकल देखने मिल रहा है। पाटन निवासी पवन बर्मन ने बताया कि मैं किसी काम से पशु चिकित्सालय गया हुआ था और कही से कुत्ता आया और मुझे काटने के उद्देश्य से कुत्ता लिपट गया और काटने की कोशिश की गई तो में डर के कारण बस स्टेंड तरफ दौड़ लगाई तब कही कुत्ते से छुटकारा मिला। पवन वर्मन ने एक लिखित शिकायत जिसमें पाटन नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा लिखित शिकायत में हस्ताक्षर कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानवेंद्र सिंह राजपूत एवं पुलिस थाने में शिकायत की गई है जिसमें दीपक जैन पार्षद धर्मेंद्र योगेंद्र सेन भोले सेन चंदू सेन गिरधारी सोमेश वैभव आदि लोगो द्वारा लिखित शिकायत की गई है जिसमें बताया गया है कि इस कुत्ते को टीके लगाए जावे और डॉ साहिबा सरला सिंह कुत्ते को घर के अंदर लोहे की जंजीर से बांधकर रखे।

### आपसी सहमति से हुआ प्रकरणों का निराकरण

**पाटन।** नेशनल लोक अदालत में हुआ आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण जिसमे अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल कोर्ट की 4 खंड पीठों में लोक अदालत का आयोजन किया गया था जिसमें माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। तहसील न्यायालय पाटन में गठित कुल 05 खंडपीठों द्वारा निम्नानुसार प्रकरणों का निराकरण किया गया है । जिसमें 802 प्रकरण रैफर्ड किये गये, 110 प्रकरण निराकृत हुये तथा तथा 73,20,346/- का अवार्ड पारित हुआ।

### आदिवासी संगठन ब्लॉक का स्वागत समारोह

**पाटन।** पंडित दीनदयाल स्टेडियम पूज्य वीरांगना रानी दुर्गावती प्रांगड़ पाटन, जिला जबलपुर मध्य प्रदेश में आदिवासी संगठन ब्लॉक पाटन, सोसायिटी के तत्वाधान में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम जिसमें उपस्थित अतिथि गणों एवं सह अतिथि गणों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया। और आदिवासी संगठन ब्लॉक पाटन ,सोसायिटी द्वारा किए गए स्वागत समारोह कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित सभी अतिथि गण ऑन एवं सगा जनों ने संकल्प ग्रहण किया कि अपनी मातृभूमि जन जंगल जमीन, सगा समाज के मौलिक अधिकारों एवं देश के प्रति सदा समर्पित रहेंगे।

### मन की कमियों को दूर करने पर सफलता निश्चित

**पाटन।** सफलता प्राप्त करने का एक ही मंत्र है हम अपने मन में विद्यमान कमियों को दूर करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें जीवन में कोई भी पद धारण करें पर जीवन में मानवीय संवेदनाओं को भी जीवित रखें। पाटन क्षेत्र के विधायक अजय बिश्नोई ने शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर द्वारा प्राचार्य डॉक्टर समीर शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर एवं जनपद पंचायत पाटन और नगर परिषद पाटन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दिव्यांग जनों के उपकरण वितरण शिविर के अवसर पर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए व्यक्त किए।

### नीरज सिंह के आगमन पर किया स्वागत

**बरगी।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल व बरगी के विधायक नीरज सिंह का नगर आगमन पर बरगी, तिलवारा मंडल में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### हुडदंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश शासन पुलिस विभाग के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन में शनिवार को पुलिस थाना प्रांगण सिहोरा में एसडीएम रुपेश रतन सिंघई,थाना प्रभारी विपिन सिंह,थाना प्रभारी खितौला अर्चना जाट,सीएमओ शैलेन्द्र कुमार ओझा, सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ सुनील लटियार सहित नगर के गणमान्य नागरिकों जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आगामी होली रमजान चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई तथा सभी के सुझाव भी लिए गये। थाना प्रभारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों से सभी को अवगत कराया एवं सभी से आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। होली के मद्देनजर विशेष पेट्रोलिंग दल गठित कर शराबियों हुडदंगियों समाज में अशांति फैलाने वाले लोगों को किसी सूरत में नहीं बक्शा जायेगा।

वार्ड नंबर 6 झंडा बाजार का मामला : बुजुर्ग महिला का काट दिया बिजली कनेक्शन,अंधेरे में रहने को मजबूर

## एक कमरे में एक बल्ब, बिल भेज दिया 2500 रूपए, विद्युत मंडल सिहोरा का कारनामा

**सिहोरा।** टूटे-फूटे कमरे में सिर्फ एक बल्ब की रोशनी में जीवन गुजर रही वृद्ध महिला का बिजली बिल बिजली कंपनी ने 2500 रूपये भेज दिया। बिजली बिल जमा नहीं करने पर कंपनी ने उसका कनेक्शन काट दिया ऐसे में वृद्ध महिला अंधेरे में रहने को मजबूर है। महिला का आरोप है कि उसके घर में नया स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान मीटर लगाने वालों ने अर्थिंग को लूज कर दिया।

### ये है मामला

वार्ड क्रमांक 6 झंडा बाजार में रहने वाली वृद्ध महिला विद्या सोनी ने बताया कि टूटे-फूटे कमरे में रहकर अपना गुजारा कर रही है। पिछले मा बिजली कंपनी द्वारा घरों में बदले जा रहे हैं स्मार्ट मीटर बदलने वालों ने उनके घर में लगे स्मार्ट मीटर को बदला। स्मार्ट मीटर बदलने के दौरान कर्मियों की लापरवाही के कारण अर्थिंग लूज हो गई जिसके कारण उसका जनवरी का बिल 2500 बिजली कंपनी ने भेज दिया। मीटर लगाने वालों की लापरवाही के कारण उसका बिल इतना आया। मेरी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि मैं इतना बिजली बिल साल भर में जमा कर सकूं। बिजली बिल जमा नहीं करने की स्थिति में कंपनी ने उसका बिजली कनेक्शन काट दिया जिसके कारण वह अंधेरे में रहने को मजबूर है। वृद्ध महिला की मांग है कि उसका बिजली बिल आधा कर किस्तों में कर दिया जाए जिससे वह उसे जमा कर सके।

### भेजे जा रहे मन माफिक बिजली बिल

आपको बता दें कि बिजली कंपनी द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को मनमाने तरीके से बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। ऐसे कई उपभोक्ता है, जिनके घरों में सीमित बल्ब या एलईडी जल रहे इसके बावजूद उन्हें भारी भरकम बिल भेजा जा रहा है।

खितौला बस्ती का मामला: आए दिन हो रहे हादसे,16, 17 और 18 वॉर्ड के रहवासी दहशत में, पुलिस-प्रशासन निष्क्रिय, रोज लग रहा जाम

## बायपास होने के बावजूद बस्ती के अंदर से निकल रहे भारी लोड वाहन

**हरिभूमि सिहोरा।**

बायपास होने के बावजूद घनी बस्ती के बीचों-बीच से हाइवा-डंपर सहित दूसरे वाहन धडल्ले से निकल रहे हैं।



बेलगाम भारी वाहनों के कारण बस्ती में आए दिन हादसे हो रहे हैं वहीं दूसरी तरह पुलिस-प्रशासन की निषक्रियता के चलते न तो इन पर कोई कार्रवाई होती है न वाहनों के गुजरने पर रोक लगती। फाटक के उस पार बेलगाम होकर निकल रहे बड़े वाहन धमाचौकड़ी मचाते दुघर्टना को अंजाम दे रहे और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठकर सब देख रही। हालत ये है खितौला बस्ती के 16,17 और 18 के रहवासी दहशत के साए में रहने को मजबूर हैं।

### खितौला में दर्जनों सड़क दुर्घटना हो चुकी घटित

क्षेत्रवासियों ने बताया कि ट्रक और हाइवा से बरा मोहल्ला में अब तक दर्जनों घटनाएं घट चुकी है और इसमें अनेक लोग घायल हो चुके वहीं कुछ लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है जब कोई सड़क दुर्घटना घटती है और लोग इकट्ठा होकर विरोध करते हैं तो उनको केवल आश्वासन मिलता है पर कुछ दिन बाद फिर स्थिति जहां की तहां हो जाती है। इस मामले में क्षेत्रीय नेताओं की निष्क्रियता भी किसी से छुपी नहीं है जो चुनाव के समय जब बोट मागंने जाते हैं तो जनता से हाथ जोड़कर निवेदन करते हैं लेकिन जीतने के बाद जनता को अपने हाल पर छोड़ देते हैं उनकी समस्याओं से उनका कोई सारोकार नहीं रहता हैं जबकि सभी को मिलकर प्रशासन का सहयोग लेकर शहर के अंदर से गुजर रहे बड़े वाहनों पर रोक लगवाना चाहिए।

### थाना प्रभारी तो बदलते रहे पर व्यवस्था नहीं सुधरी

लम्बे समय से देखने में आ रहा है की समय समय खितौला पुलिस थाने के थाना प्रभारी तो बदलते रहे पर आराजक हो चुकी यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ अब नवीन थाना प्रभारी से खितौला वासियों को बहुत अपेक्षाएं हैं। लोगों की मांग है कि पुलिस को खितौला शहर के अंदर से निकलने वाले बड़े हाइवा ट्रक सहित अनेक वाहनों पर टोटल प्रतिबंध लगाना चाहिए। जिससे बेवजह लोग सड़क दुर्घटना का शिकार न हो सके और लोगों की जान की रक्षा की जा सके।

### कब-कब हुए हादसे

- विगत गुरूवार को सीमेन्ट से लदे ट्रक ने 23 साल के युवक को मौत के घाट उतार दिया।
- सितम्बर माह में फनवानी के पास हाइवा की टक्कर से सात मजूदरों की मौत हो गई थी।
- दिसम्बर माह में बरा मोहल्ला के हाइवा बिजली पोल को तोडते हुए घर में घुस गया था।
- खितौला फाटक को भारी वाहन आए दिन तोड देते हैं जिससे जाम की स्थिति बन जाती है।

# मावे ने सिल्वर जुबली 25वां स्थापना दिवस मनाया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश महिला उद्यमी संगठन (मावे) द्वारा अपना 25वां स्थापना दिवस वेलकम बाय आईटीसी में 08 मार्च को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद आशीष दुबे एवं विधायक अशोक रोहानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में माधवी सावरकर द्वारा




लोन महिला उद्यमियों से सभी सरकारी उपक्रमों द्वारा कम से कम 3% की खरीदारी, फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स (जहां कई सारी महिला उद्यमियों की एक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग शहरी सीमा के भीतर) आदि अनेक असंभव कार्यों को सरकार से मनवाने हेतु उन्हें एड़ी चोटी का पसीना लगाना पड़ा है। डॉ. अर्चना भटनागर भारत की महिला उद्यमियों एवं एमएसएमई इंडस्ट्री की

गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात अलग-अलग शहरों से आई हुई मावे की सदस्यों से उनके मावे के विषय में विचार को जाना गया। वॉयस फ्रॉम द फ्लोर के अंतर्गत सभी उपस्थित महिला उद्यमियों हेतु अनेक पुरस्कारों की बरसात हुई रैपिड फायर राउंड के सवालों के साथ। इसके पश्चात मावे सदस्याओं पल्लवी दीवानी, रूद्राणी नायर, आस्था पालन, किंजल शर्मा, समीक्षा मसके द्वारा समूह नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया जिसके पश्चात कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मावे का 25 वर्षों का सफर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म के द्वारा दर्शाया गया।
मावे की फाउंडर प्रेसिडेंट एवं चेयरपर्सन डॉ. अर्चना भटनागर एवं इमेज कोच प्रीति कुमार के बीच एक टॉक शो की प्रस्तुति रही। जिसने सन 2000 में मावे कैसे एवं किन परिस्थितियों में जन्मा एवं आज 2025 में मावे मध्य प्रदेश की सीमाओं को लांघकर पूरे देश में अपना परचम लहरा रहा है। मावे के साथ पूरे देश भर से महिला उद्यमियों के जुड़ने का एक प्रमुख कारण यह है कि मावे ही पूरे देश भर का एकमात्र ऐसा एसोसिएशन है जो अपने सदस्यों को ट्रेनिंग देने के साथ-साथ एक्सपोटर्स सारे डेलिगेशन चाइना, अमेरिका, मालदीव अनेक देशों में जा चुके हैं। आगे की चर्चा में डॉ. भटनागर ने बताया कि बिना किसी कोलैटरल सिक्युरिटी के बैंक
ओर विश्व स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र महिला उद्यमी हैं, जिन्होंने यूनाइटेड नेशन्स न्यूयॉर्क, डब्ल्यूटीओ जेनेवा, कॉम्प्लेक्स यूके सार्क नेपाल, मालदीव, एपीओ जापान, आईटीसी जेनेवा आदि बहुत से अन्य देशों में भी भारत के साथ-साथ मावे का भी नाम रोशन करते हुए एक विशिष्ट पहचान बनाई है।
मावे प्रेसिडेंट भावना मदान द्वारा मावे के 25वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा गया कि सभी लोगों के साथ एवं बढ़ावा के फलस्वरूप ही मावे आज अपने 25 सफल वर्ष पूर्ण कर सका है। इसके पश्चात ITI के विद्यार्थियों, ट्राइबल थीम तथा मावे सदस्यों द्वारा डिजाइन किए गए परिधानों के साथ फैशन शो का आयोजन किया गया। इस फैशन शो का उद्देश्य मावे की सदस्यों द्वारा बनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के परिधानों को लोगों तक पहुंचना एवं नए प्रगतिशील उन्नतिशील महिला डिजाइनर्स को एक प्लेटफार्म प्रदान करना है।
25वें स्थापना समारोह को सफल बनाने में मावे अध्यक्ष भावना मदान, सचिव मोनिका जॉली, संध्या बोरकर, सतरूपा राबरा, पूजा निगम, प्रियंका कौर, बंशिता चौरसिया, बलविंदर बधान, डॉली सूर्यवंशी, ऊषा गुप्ता, चंद्रा महीधर, जीनत खानन, अनिशा चड्डा आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## निधन

**श्री अजय उपाध्याय-** सिहोरा ब्रह्माणपुरा वार्ड नंबर 8 निवासी श्री अजय उपाध्याय का 53 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में पुत्री कुमारी चेतना उपाध्याय के द्वारा किया गया। वे अभय प्रकाश नारायण उपाध्याय के पुत्र थे।



**श्री रामदास वैष्णव-** छापर रामपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री रामदास वैष्णव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रवती गुप्ता-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री भैया लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विजय कुमार पटेल-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री विजय कुमार पटेल (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम बाबू विनोदिया-** बड़ी ओमती निवासी श्री श्याम बाबू विनोदिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोविंद दीवान-** सुहागी पंजाब एंड सिंध बैंक के पीछे निवासी श्री गोविंद दीवान (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बबलू बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दिलीप बंशकार के पुत्र श्री बबलू बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई यादव-** गोराबाजार भूरी बाई का बगीचा निवासी श्री बाबू लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई यादव (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा आहके-** कंचन विहार विजयनगर निवासी श्री रतन लाल आहके की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा आहके (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज बाई शुक्ला-** हनुमानताल निवासी श्री मोहन लाल शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बाई शुक्ला (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अभिराजी बाई राय-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री राम पूजन राय की धर्मपत्नी श्रीमती अभिराजी बाई राय (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम नारायण चौधरी-** कंपनी गेट के पास पोलीपाथर निवासी श्री प्रेम नारायण चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रामकली बाई पटेल-** सेठी नगर गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री हर प्रसाद पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और रिलायंस रही लाभ में




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,10,254.96 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,134.48 अंक या 1.55 प्रतिशत चढ़ा।

### भारत के साथ इटली चाहता है मजबूत व्यापार संबंध



**नई दिल्ली।** इटली के कृषि मंत्री फ्रांसेस्को लोलोब्रिगिडा ने भारत के साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने दोनों देशों की सरकारों के बीच मजबूत संबंधों का हवाला देते हुए कहा है कि व्यापार संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत है। दो दिन की व्यापार संवर्द्धन प्रदर्शनी भारत रोड शो 'विनइटली' की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है।

### आईआईएफएल ने सात शक्ति शाखाएं खोलीं

IIFL FINANCE

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और मुंबई महानगर क्षेत्र में महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित सात नई स्वर्ण-ऋण शाखाएं खोली हैं। मजबूती का प्रतीक हैं, जो अपने समुदायों में सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाती हैं।

### डीपीआईआईटी ने उद्योगों से उत्पादन के आंकड़े मांगे

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
DEPARTMENT FOR PROMOTION OF INDUSTRY AND INTERNAL TRADE

**नई दिल्ली।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विनिर्माण इकाइयों से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की नई श्रृंखला के लिए अप्रैल, 2022 से अपने मासिक उत्पादन के आंकड़े देने को कहा है। विभाग हितधारकों की जरूरतों के अनुरूप देश में औद्योगिक विकास के लिए नीतियां और रणनीतियां तैयार करता है।

### त्योहारी मांग से तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में पाम, पामोलीन के दाम बढ़ने तथा फरवरी में कम आयात के बीच देश में त्योहारी मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह विदेशों में कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन के दाम बढ़े हैं।

### डीएलएफ स्थल विकास पर 6000 करोड़ करेगी निवेश




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ की किराये पर रियल एस्टेट समाधान प्रदान करने वाली इकाई गुरुग्राम में 75 लाख वर्ग फुट के प्रमुख कार्यालय और खुदरा क्षेत्र के निर्माण पर लगभग 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। डेवलपर्स लिमिटेड डीएलएफ और सिंगापुर के सॉवरेन संपदा कोष जीआईसी के बीच एक संयुक्त उद्यम है। इसमें डीएलएफ की हिस्सेदारी लगभग 67 प्रतिशत है। 'डीएलएफ डाउनटाउन, गुरुग्राम' के नए चरण में 55 लाख वर्ग फुट 'ग्रेड ए प्लस' कार्यालय स्थल का निर्माण शुरू कर दिया है।

# चांदी की चमक बरकरार, इस साल दिया 11 फीसदी का रिटर्न

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चांदी भी निवेशकों को निवेश के लिहाज से आकर्षित कर रही है और इसने इस साल अबतक लगभग 11 प्रतिशत का रिटर्न (प्रतिफल) दिया है।

- सोने की तुलना में चांदी में उतार-चढ़ाव ज्यादा है

इसके बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत बुनियाद और अन्य मूल्यवान धातुओं की तुलना में सस्ती कीमतों के साथ, चांदी का प्रदर्शन रिटर्न के लिहाज से अगले दो-तीन साल बेहतर रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सोने की तुलना में चांदी में उतार-चढ़ाव अधिक होता है। इसका कारण यह निवेश परिसंपत्ति के साथ-साथ औद्योगिक धातु के रूप में उपयोगी और आकर्षक है। लेकिन यह सोने की तुलना में अधिक किफायती है, जिससे छोटे निवेशकों के लिए इसे खरीदना आसान हो जाता है।

### पिछले दो साल से चांदी का मजबूत प्रदर्शन

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, '' देश में चांदी की कीमत एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) वायदा में बीते वर्ष 17.50 प्रतिशत चढ़ी है और यह 10 साल के औसत रिटर्न 9.56 प्रतिशत से अधिक है। पिछले दो साल में इसमें मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला है और इस साल भी अबतक इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।''

## चांदी का प्रदर्शन रिटर्न के लिहाज से दो-तीन साल बेहतर रहेगा

### निवेशक संभावनाओं को लेकर सतर्क

कलंत्री ने कहा, '' चांदी के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए निवेशक आने वाले समय में इसमें संभावनाओं को लेकर सतर्क हुए हैं। वर्तमान में, चांदी वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान 25 अप्रैल, 2011 को निर्धारित अपने रिकॉर्ड 50 डॉलर प्रति औंस से लगभग 35 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रही है। कीमत का यह स्तर बाजार में तेजी की उम्मीद करने वालों के लिए निवेश को लेकर एक आकर्षक प्रवेश बिंदु का संकेत हो सकता है।''



### अन्य धातुओं की तुलना में चांदी का प्रदर्शन बेहतर

अन्य कीमती धातुओं की तुलना में मजबूत बुनियाद और सस्ती कीमतों के साथ, अगले दो-तीन साल के परिदृश्य के हिसाब से रिटर्न के मामले में चांदी का प्रदर्शन अन्य कीमती धातुओं से बेहतर रहने की उम्मीद है। इसलिए उच्च रिटर्न को देखते हुए चांदी में निवेश अब भी बेहतर जान पड़ता है।'

*औद्योगिक मांग बने रहेगी : चांदी के भाव में तेजी के कारणों के बारे में पूछे जाने पर माथुर ने कहा, ''इस साल कीमती धातु के रूप में चांदी की कीमत लगातार ऊपर चढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण अमेरिका की अनिश्चित व्यापार नीतियां हैं। इससे इस साल सुरक्षित निवेश के रूप में सफेद धातु में प्रवाह देखा जा रहा है। औद्योगिक मांग बनी रहने के साथ अमेरिका में प्रमुख ब्याज दर के 2025 में नीचे आने की संभावना के साथ चांदी की बुनियाद मजबूत बनी हुई है।*

## भारतीय दवा निर्माताओं पर गंभीर असर पड़ेगा

# अमेरिकी शुल्क का फार्मा पर होगा सबसे ज्यादा असर, वाहन क्षेत्र पर प्रभाव कम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका में फार्मा आयात पर बढ़ाए गए शुल्क से भारतीय दवा निर्माताओं पर गंभीर असर पड़ सकता है क्योंकि इससे उनकी उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले निर्यात कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगा।

कम मार्जिन पर काम करने वाली छोटी दवा कंपनियों पर गंभीर दबाव पड़ सकता है, जिससे उन्हें एकीकरण या कारोबार बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। दूसरी ओर, वाहन क्षेत्र पर इसका बहुत कम प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिका एक छोटा निर्यात बाजार है।

### अमेरिकी दवा पर 10 फीसदी का शुल्क लगता है

भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क दो अप्रैल से लागू होंगे। भारत वर्तमान में अमेरिकी दवाओं पर लगभग 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है, जबकि अमेरिका भारतीय दवाओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगाता है।



- भारतीय दवा निर्माताओं की उत्पादन लागत बढ़ जाएगी
- अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले निर्यात कम प्रतिस्पर्धी होगा
- छोटी दवा कंपनियों पर गंभीर असर पड़ सकता है

*भारत काफी हद तक अमेरिका बाजार पर निर्भर*
*शर्मा ने कहा कि भारत का दवा उद्योग वर्तमान में अमेरिकी बाजार पर काफी हद तक निर्भर है, और इसके कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा लगभग एक-तिहाई है। शर्मा ने कहा कि शुल्क लगाने से अमेरिका अनजाने में अपने घरेलू स्वास्थ्य देखभाल लागत में वृद्धि कर सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा और बदले में स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच दुर्लभ हो जाएगी।*

*बड़े हिस्से की पूर्ति भारतीय कंपनियां करती है*
*अमेरिका में दवा आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा भारतीय दवा कंपनियां करती हैं। साल 2022 में अमेरिका में चिकित्सकों द्वारा लिखे गए पर्चों में 40 प्रतिशत यानी 10 में से चार के लिए दवाओं की आपूर्ति भारतीय कंपनियों ने की थी।*

### अमेरिका दवा उत्पादकों का शुद्ध आयातक रहा

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार अरविंद शर्मा ने कहा कि हाल के इतिहास में, अमेरिका अपनी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए दवा उत्पादों का शुद्ध आयातक रहा है। उन्होंने कहा, ''यदि अमेरिका, भारत से दवा आयात पर भारी शुल्क लगाने का फैसला करता है, तो इसका असर भारतीय दवा क्षेत्र पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा और साथ ही इसकी घरेलू खपत भी बाधित होगी।''

### वाहन क्षेत्र पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा

वाहन क्षेत्र के बारे में विस्तार से बताते हुए इंडसलॉ के साझेदार शशि मैथ्यूज ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की हालिया घोषणाओं का विशेष रूप से भारतीय वाहन क्षेत्र पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''इसका कारण यह है कि भारत में प्रवेश भले ही अच्छी तरह से संरक्षित हो और इस प्रकार भारी कर लगाया जा सकता है, लेकिन अमेरिका में आयात के लिए जवाबी शुल्क, जो कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र के लिए एक छोटा निर्यात बाजार है। हमें ज्यादा प्रभावित नहीं करेगा।''

### वाहन बाजार में शुल्क कम करने की संभावना कम

मैथ्यूज ने कहा कि इसका कुछ प्रभाव, विशेषकर वाहन उपकरण बाजार पर पड़ सकता है। मैथ्यूज ने कहा कि शुल्क को शून्य स्तर तक कम करने के प्रयासों के बावजूद, इस बात की बहुत कम संभावना है कि भारत सरकार निकट भविष्य में शुल्क को उस स्तर तक कम करेगी।

# नागपुर में पतंजलि का नया फूड पार्क उद्घाटित



एजेंसी ⏭ नागपुर

- विदर्भ के किसानों को राहत मिलेगी : गडकरी
- इस अवसर पर बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण रहे उपस्थित

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि नागपुर में नया पतंजलि फूड और हर्बल पार्क विदर्भ क्षेत्र के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में किसान आत्महत्या की कई घटनाएं हुई हैं।

गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर के मिहान में फूड पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक रामदेव और इसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण मौजूद थे। गडकरी ने विदर्भ में संतरा किसानों की भलाई के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र में फलों के उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के साथ ही उपज की अच्छी कीमत सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में भी बताया। नागपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले गडकरी ने कहा, ''नया पार्क विदर्भ क्षेत्र के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा, जहां किसानों की आत्महत्या के कई मामले सामने आए हैं। फडणवीस ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह केंद्र (पार्क) न केवल इस परियोजना के लिए, बल्कि संतरा उगाने वाले सभी किसानों के लिए वरदान साबित होगा।''

### फलों का पूरी तरह से प्रसंस्करण किया जाएगा

फडणवीस ने कहा कि संयंत्र में फलों की छंटाई, ग्रेडिंग और भंडारण का काम किया जाएगा। साथ ही फलों का छिलके और बीज सहित पूरी तरह प्रसंस्करण किया जाएगा।

# रैपिडो 500 शहरों में करेगी विस्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटूपल्ली ने कहा है कि कंपनी इस वर्ष भारत में 500 शहरों में विस्तार करने की तैयारी में है। यह ऐसा बाजार है जहां परिवहन के अवसरों की 'विशालता और गहराई' उच्च वृद्धि की संभावना प्रदान करती है।

इस सवाल पर कि क्या कंपनी निकट भविष्य में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने पर विचार कर रही है, गुंटूपल्ली ने बताया कि रैपिडो अच्छी वृद्धि दर्ज कर रही है, अच्छी तरह से पूंजीकृत है और 'स्थिति के आधार पर निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कंपनी का मुख्य ध्यान वृद्धि पर है।रैपिडो अपनी ऑटो, बाइक टैक्सी और कैब सेवाओं पर हर दिन लगभग 33 लाख लोगों को यात्रा की सुविधा प्रदान करती है। रैपिडो को 'स्थायी रूप से' वृद्धि करने की उम्मीद है।




- रैपिडो ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच है

*एक साल पहले चार पहिया उद्योग में रखा कदम : गुंटूपल्ली ने कहा, "हमने एक साल पहले अपने चार पहिया वाहन उद्योग में कदम रखा है, और हमने जो नवाचार किए हैं, उनसे इस क्षेत्र में भी जबर्दस्त वृद्धि देखी है।" विस्तार का प्रारंभिक चरण तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में है।*

## मसूर दाल के आयात पर लगा 10 फीसदी शुल्क



**नई दिल्ली।** सरकार ने मसूर दाल पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात को तीन महीने यानी इस साल 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस बारे में सरकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के जरिये सरकार ने आठ मार्च से दालों पर पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क और पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) लगाया है। अभी तक दालों के आयात को शुल्क-मुक्त रखा गया था। सरकार ने शुरुआत में दिसंबर, 2023 में पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी और बाद में इसे 28 फरवरी तक तीन बार बढ़ाया था।

# पेप्सिको की भारत में दो और संयंत्र खोलने की योजना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- कंपनी का अगले पांच साल में राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य
- पेप्सिको भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही

पेप्सिको के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी भारत को एक 'प्रमुख बाजार' के रूप में देख रही है, जहां वह अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए 'आक्रामक' निवेश कर रही है। कोटेचा ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि भारत पेप्सिको के लिए वैश्विक राजस्व बढ़ाने में 'वृद्धि का इंजन' होगा, क्योंकि यह कंपनी के लिए शीर्ष तीन बाजारों में से एक है, जहां वह दहाई अंक की वृद्धि दर्ज कर रही है। पेप्सिको खाद्य, नाश्ता और पेय उत्पाद पेश करती है।

### भारत को नौ समूहों में किया विभाजित

कोटेचा के अनुसार, पेप्सिको प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के 2030 के लक्ष्य के अनुरूप है कि भारत तबतक विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। पेप्सिको तीन रणनीतिक स्तंभों पर काम कर रही है, जिन्हें वह 'तेज, मजबूत, बेहतर' कहती है। कंपनी ने स्वाद के आधार पर भारत को नौ समूहों में विभाजित किया है।

**पेप्सिको की बॉटलिंग में वरूण बेवरेजेज में काफी निवेश**
इसके अलावा, पेप्सिको की बॉटलिंग साझेदार वरुण बेवरेजेज लिमिटेड (वीबीएल) भी काफी निवेश कर रही है। यह पेय पदार्थ क्षेत्र में माउंटेन ड्यू, 7अप, पेप्सी, और स्टिंग तथा स्पोर्ट्स पेय उत्पाद गेटोरेड जैसे ब्रांड पेश करता है, जबकि जूस में इसके ट्रॉपिकाना और स्लाइस ब्रांड हैं। कुरकुरे, लेज, क्वेकर और डोरिटोस भी इसके ब्रांड हैं।

# वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, वृहद आर्थिक घोषणाओं और अमेरिकी शुल्क संबंधी घटनाक्रम से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि बाजार प्रतिभागी विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी डॉलर तथा कच्चे तेल की कीमतों पर उनके प्रभाव पर भी बारीकी से नजर रखेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजीत मिश्रा ने कहा, "आगामी कारोबारी सप्ताह छुट्टियों के कारण छोटा रहेगा और बाजार भागीदार प्रमुख घरेलू घटनाओं की अनुपस्थिति में वैश्विक घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इन कारकों में शुल्क वार्ता, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी डॉलर तथा कच्चे तेल की कीमतों की चाल शामिल है।

मिश्रा ने कहा, "विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने नकदी बाजारों में अपनी बिकवाली धीमी कर दी है, लेकिन उनके रुख में कोई भी बदलाव बाजार की दिशा के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक बना रहेगा।"मिश्रा ने कहा कि व्यापक आर्थिक मोर्चे पर, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शुक्रवार को होली के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।



- शुल्क को लेकर चिंता के बीच वैश्विक रुख की भी होगी भूमिका

### पिछले सप्ताह बढ़त में बंद हुआ बाजार

इसके अलावा, कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों का भरोसा और बढ़ाया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार कई सप्ताह की बिकवाली के बाद पिछले हफ्ते आखिरकार बढ़त में बंद हुआ। इसकी मुख्य वजह चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और उपभोग में सुधार है।

*इस सप्ताह जारी होंगे सीपीआई के आंकड़े : इस सप्ताह, अमेरिका और भारत के सीपीआई आंकड़े 12 मार्च को जारी होने वाले हैं। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,134.48 अंक या 1.55 प्रतिशत चढ़ा और एनएसई निफ्टी 427.8 अंक या 1.93 प्रतिशत बढ़ा।*

# टाटा कैपिटल आईपीओ के लिए दाखिल करेगा दस्तावेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्तीय सेवा कंपनी टाटा कैपिटल राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण से टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी मिलने के बाद आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी को इसके लिए एनसीएलटी के अंतिम आदेश का इंतजार है। आईपीओ का आकार करीब दो अरब डॉलर (17,000 करोड़ रुपये) का होगा। सूत्रों ने बताया इस आकार के लिहाज से कंपनी का मूल्यांकन करीब 11 अरब डॉलर बैठेगा। सूत्रों ने कहा कि एनसीएलटी से अंतिम आदेश का इंतजार है, जो चालू वित्त वर्ष के अंत तक मिल सकता है। कंपनी को दस्तावेजों के मसौदे के बारे में भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला है। टाटा कैपिटल को आरबीआई द्वारा ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में मान्यता दी गई है।

- टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी के बाद होगा इस पर काम




*वित्तीय क्षेत्र का सबसे बड़ा निर्गम होगा : यदि सार्वजनिक निर्गम सफल रहता है, तो यह देश के वित्तीय क्षेत्र के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गम में से एक होगा। नवंबर, 2023 में टाटा टेक्नोलॉजीज की सूचीबद्धता के बाद हाल के वर्षों में यह टाटा समूह का दूसरा सार्वजनिक निर्गम होगा। यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सूचीबद्धता जरूरतों को पूरा करने के प्रयास का हिस्सा है।*

## पिछले तीन सप्ताह में कोई बड़ी कंपनी नहीं हुई सूचीबद्ध

# आईपीओ में पिछले तीन सप्ताह से गतिविधियां सुस्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 2024 का साल काफी अच्छा रहा था, लेकिन अब इसमें सुस्ती आती दिख रही है। शेयर बाजारों में गिरावट के बीच पिछले तीन सप्ताह से किसी कंपनी का आईपीओ नहीं आया है।

- आईपीओ के लिए 2024 का साल काफी अच्छा रहा

आईपीओ गतिविधियों में यह नरमी आंकड़ों में दिखती है। जनवरी में केवल पांच कंपनियां और फरवरी में चार कंपनियां सूचीबद्ध हुई हैं, जबकि पिछले साल दिसंबर में 16 कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई थीं। क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट लिमिटेड का आईपीओ हाल ही में आया था, जो 14 फरवरी को तीन दिन की बोली के लिए खुला था।

*नए आईपीओ पर निवेशकों का ध्यान कम: शाह ने इस बात पर जोर दिया कि नए आईपीओ पर निवेशकों का कम ध्यान केंद्रित होने से बाजार की गतिविधियों में सुस्ती आई है। इस सावधानी के बावजूद, आनंद राठी एडवाइजर्स के निदेशक और ईसीएम निवेश बैंकिंग के प्रमुख वी. प्रशांत राव ने बताया कि मजबूत आईपीओ पाइपलाइन के साथ दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।*




### 2024 में निर्गम से 1.6 लाख करोड़ जुटाए

यह बदलाव 2024 के उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद आया है, जिसमें 91 सार्वजनिक निर्गम के जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। पिछले साल आईपीओ गतिविधियां मजबूत खुदरा भागीदारी, मजबूत अर्थव्यवस्था और तेजी से बढ़ते निजी पूंजीगत व्यय से प्रेरित था।

### तीन कंपनियों ने वापस लिया आईपीओ

हालांकि, धीमी गतिविधियों का रुझान स्पष्ट है, क्योंकि कम से कम तीन कंपनियों - एडवांस्ड सिस्टम-टेक, एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज और विनी कॉरपोरेशन ने जनवरी और फरवरी में अपने दस्तावेजों का मसौदा वापस लेकर अपनी आईपीओ की योजना वापस ले ली थी।

### जनवरी व फरवरी में करेक्शन गिरावट का कारण

इक्विरस के प्रबंध निदेशक और निवेश बैंकिंग के प्रमुख भावेश शाह ने बताया कि नरमी मुख्य रूप से द्वितीयक बाजार में, खासकर जनवरी और फरवरी में 'करेक्शन' के कारण है, जिसने कई सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर मूल्यों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। नतीजतन, निवेशकों ने नई सूचीबद्धता की तलाश करने के बजाय अपने मौजूदा पोर्टफोलियो पर ध्यान केंद्रित किया है।

## चिंतन

# खालिस्तान समर्थक विदेशी सरजमीं पर फैला रहे फन

विदेशों में भारत विरोधी ताकतें लगातार फन फैला रही हैं। पांच दिन पूर्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर की गाड़ी को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने घेर लिया। उनमें से एक ने उनकी गाड़ी के सामने आकर देश की शान तिरंगे झंडे को भी फाड़ा। यह कोई सामान्य घटना नहीं थी। अब अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। ये घटना चिनो हिल्स इलाके में हुई। आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारतीय दूतावासों, प्रवासियों और मंदिरों पर हमलों का सिलसिला साफ दर्शाता है कि यह सब सुनियोजित अभियान के तहत हो रहा है, जिसका लक्ष्य पंजाब में अलगाववादी ताकतों को पुनर्जीवित करना है। पश्चिमी देशों को अड्डा बनाकर उग्रवादी प्रचार, वित्तीय अनुदान और हिंसक गतिविधियों को तेज करके पंजाब में दोबारा नफरत की आग लगाने की चेष्टा हो रही है। परेशानी केवल इतनी नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी कर रही हैं, उन्हें सुरक्षा माहौल भी दिया जा रहा है। इस पूरे फसाद की जड़ में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआई का सहयोग साफ दिखाई दे रहा है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़े विदेशी षड्यंत्र का है। खालिस्तानियों पर विदेशों में भी हमारी सुरक्षा एजेंसियां पैनी नजर रखती आई हैं। ऐसे तत्वों के नापाक मंसूबों की जानकारी भी समय-समय पर संबंधित देशों को दी गई, लेकिन इनके खिलाफ कोई गंभीर कार्रवाई नहीं हो पाई। यहां तक कि कनाड़ा में तो वहां की सरकार ही इनके समर्थन में खड़ी नजर आई। कुछ ब्रिटिश गुरुद्वारों में खालिस्तान समर्थकों की ओर से भारत के खिलाफ चंदा इकठ्ठा करने और खालिस्तान को लेकर जनमत संग्रह के बारे में भी भारतीय एजेंसियों ने विदेशी एजेंसियों को आगाह किया। बीते कुछ वर्षों में खालिस्तान समर्थकों ने कई देशों में ऐसे जनमत संग्रह आयोजित किए हैं, जिनमें ब्रिटेन, कनाडा, और अमेरिका शामिल हैं। ये आयोजन अक्सर विवादास्पद होते हैं और भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देते हैं। ऐसे जनमत संग्रह पंजाब को मुक्त करने के नाम पर आयोजित किए जाते हैं। भारतीय एजेंसियां कई षड्यंत्रों का भंडाफोड़ इसलिए नहीं कर पातीं, क्योंकि जिन देशों में ऐसी गतिविधियां संचालित होती हैं, वे खालिस्तान समर्थकों को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा नहीं मानते। इन देशों में अधिकाधिक ध्यान इस्लामिक जिहादी आतंक पर दिया जाता है और रत्ती भर भी खालिस्तान से जुड़ी गतिविधियों पर नहीं रहता। खालिस्तान समर्थकों को खुली छूट है, क्योंकि वे इन देशों के नागरिकों और अधिष्ठानों पर हमले नहीं करते। ऐसे में भारत इन देशों में और क्या करे जिससे हमारे सरोकारों को लेकर जागरुकता और समानुभूति बढ़े? वास्तव में, हमें इस मुद्दे को पश्चिमी देशों के साथ 'सामरिक साझेदारी' और सहयोग का अहम विषय बनाना होगा। जिन देशों ने भारत के साथ 'खुफिया साझेदारी' पर सहमति जताई है, उन्हें खालिस्तानी-पाकिस्तानी मिलीभगत पर केंद्रित संयुक्त कार्रवाई को प्राथमिकता देने के लिए तैयार करना होगा। इन देशों से दो टूक बात करनी होगी कि अगर उनकी सरजमीं पर भारत के खिलाफ कोई गतिविधि होती है तो इसका असर सीधा दोनों देशों के रिश्तों पर होगा। तभी हम इन पर लगाम लगा सकते हैं।

# गुलाम कश्मीर की वापसी ही समाधान



दो टूक
प्रमोद भार्गव

अब हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब कश्मीर के उस हिस्से की वापसी होगी, जिस पर अवैध तौर से पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। इस हिस्से के कश्मीर में आते ही इस समस्या का समाधान पूरी तरह हो जाएगा। पाकिस्तान सरकार गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों को विदेशी मानती है, बावजूद भारतीय कश्मीर को हथियाने की होड़ में लगी रहती है। गुलाम कश्मीर के हिस्से में गिलकिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और मीरपुर आते हैं। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कश्मीर के हालात और भारत सरकार की तरफ से उठाए गए संवैधानिक कदमों के बारे में लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में 'विश्व में भारत का उदय और भूमिका' विषय पर बोलते हुए कहा कि कश्मीर के विवाद का समाधान कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद संभव हो जाएगा। भारत का यह हिस्सा अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। वैसे हमने कश्मीर के सिलसिले में ज्यादातर मुद्दों का हल निकाल लिया है। इस बाबत कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद-370 का समापन पहला कदम था। कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधि और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था।

तीसरा कदम कश्मीर में भारतीय संविधान में निहित लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार चुनाव कराना था। इसमें मत प्रतिशत का अच्छा होना इस बात की तस्दीक है कि जम्मू-कश्मीर की जनता भारतीय लोकतंत्र का समर्थन कर रही है। अब हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब कश्मीर के उस हिस्से की वापसी होगी, जिस पर अवैध तौर से पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। इस हिस्से के कश्मीर में आते ही इस समस्या का समाधान पूरी तरह हो जाएगा। पाकिस्तान सरकार गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों को विदेशी मानती है, बावजूद भारतीय कश्मीर को हथियाने की होड़ में लगी रहती है। गुलाम कश्मीर के हिस्से में गिलकिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और मीरपुर आते हैं। भारत की आजादी के पहले कश्मीर एक स्वतंत्र राज्य था। यहां डोगरा राजपूत वंश के राजा हरिसिंह शासक थे। कश्मीर में मुसलमानों की आबादी अधिक थी। इसलिए पाकिस्तान का मानना था कि कश्मीर उसके अधिकार क्षेत्र में होना चाहिए। इस मानसिकता के चलते पाक ने कश्मीर राज्य पर पाकिस्तान में विलय का नाजायज दबाव बनाया। लेकिन हरिसिंह इस दबाव में नहीं आए। तब 1948 में पाकिस्तान की सेना ने कबाइलियों के वेश में कश्मीर पर हमला कर दिया। किंतु हरिसिंह की समय पर भारतीय सेना ने मदद की और पाक सेना को न केवल खदेड़ दिया, बल्कि संपूर्ण कश्मीर के एक तिहाई हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया। इसी बीच कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में पहुंचा और 5 जनवरी 1949 को युद्ध विराम की घोषणा कर दी गई। युद्ध विराम के वक्त जो सेनाएं जिस भूमि पर थीं, उसे ही युद्ध विराम की रेखा मान लिया गया। यही आज नियंत्रण रेखा (एलओसी) मानी जाती है। इस कारण पीओके जिसे पाक अधिकृत कश्मीर कहा जाता है, वह पाकिस्तान के हिस्से में है और श्रीनगर समेत शेष कश्मीर भारत के हिस्से में है। किंतु अब कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांति और विकास की हवा चल पड़ी है और कश्मीरी स्वयं आतंकियों की घुसपैठ की खबर स्थानीय पुलिस और सेना को देने लगे हैं।

इन युद्धों और आतंकी घुसपैठियों की मदद में पाकिस्तान इतना धन और हथियार बर्बाद कर चुका है कि उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद उसके लिए अब पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए



हमला किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। इन हमलों की जुम्मेबारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे हैं। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है। लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसामुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही, भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गईं हैं कि पाक का ईरान और अफगानिस्तान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्से हैं। बावजूद पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है। इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है। यह आग अस्तोर, दियामिर और हुनजा समेत उन सब इलाकों में सुलगी रहती है, जो शिया बहुल हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया और अहमदिया मुस्लिमों समेत सभी धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। यअहमदिया मुस्लिमों के साथ तो पाक के मुस्लिम समाज और हुकूमत ने भी ज्यादती बरती है। 1947 में उन्हें गैर मुस्लिम घोषित कर दिया गया था। तब से वे न केवल बेगाने हैं, बल्कि हिंदू, सिख व ईसाइयों की तरह मजहबी चरमपंथियों के निशाने पर भी रहते हैं।चीन की एक और बड़ी योजना है, 'चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर' जिसकी लागत 3 लाख 51 हजार करोड़ है। यह गलियारा गिलगिट-बाल्टिस्तान से गुजर रहा है। इस गलियारे के निर्माण में लगे चीनी नागरिकों की आतंकी संगठन बीएलए हत्याएं कर रहा है। चूंकि यह क्षेत्र अधिकारिक रूप से भारत का है, इसलिए भारत भी इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहा है। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है। इन कारणों के चलते यहां के मूल बलूचों की पाकिस्तान के प्रति जबरदस्त नाराजगी है और वे निर्णायक लड़ाई लड़कर भारत में विलय होने की कोशिश में लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि विशेष

हर्षवर्धन पाण्डे



# सावित्रीबाई फुले : देश की पहली महिला शिक्षिका

शिक्षा एकमात्र ऐसा हथियार है जिससे हम अपना और राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। वैसे तो पुरातन काल में हमारे देश में पुरुषों को ही शिक्षा ग्रहण करने की अनुमति दी जाती थी लेकिन सभी पुरानी जंजीरों को तोड़ते हुए महिलाओं को शिक्षा देने के उद्देश्य से समाज के सामने देश की सबसे पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का विलक्षण व्यक्तित्व सामने आता है। एक दौर में जब महिलाओं को घर की चारदीवारी में कैद रखा जाता था, सावित्रीबाई फुले ने समाज की रूढ़िवादी मान्यताओं को चुनौती देते हुए नारी सशक्तिकरण का बिगुल बजाया। महज नौ वर्ष की उम्र में विवाह बंधन में बंधी सावित्रीबाई ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर समाज सुधार के अनेक कार्य किए। वह भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक थीं, जिन्होंने महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए कड़ा संघर्ष किया। उनके प्रयासों से शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और शैक्षणिक क्रांति की नींव पड़ी। सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को पुणे के नजदीक नायगांव में हुआ था। उन्होंने न केवल महिलाओं के शिक्षा अधिकार की वकालत की, बल्कि समाज के उत्पीड़ित वर्गों के लिए भी कार्य किया। सावित्रीबाई ने अपनी शादी के बाद ही शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा और एक नई दिशा की ओर बढ़ी। 1 जनवरी 1848 को सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले ने पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। यह उस समय सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध एक क्रांतिकारी कदम था। इस पहल का रूढ़िवादी समाज ने घोर विरोध किया। उन्हें अपमान सहना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे फुले दंपति ने पुणे और उसके आसपास के गांवों में 18 स्कूलों की स्थापना की। सावित्रीबाई जब पढ़ने स्कूल जाती थीं तो लोग उन्हें पत्थर, कूड़ा और कीचड़ फेंकते थे। वह अपने साथ एक जोड़ी कपड़ा साथ लेकर जाती थीं और स्कूल पहुंचकर गोबर और कीचड़ से गंदे हो गए कपड़ों को बदल लेती थीं। उन्होंने हिम्मत नहीं और और हर चुनौती का सामना किया। पढ़ने के बाद उन्होंने दूसरी लड़कियों और दलितों के लिए एजुकेशन पर काम करना किया। सावित्रीबाई फुले को शिक्षा के क्षेत्र में महान योगदान देने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। सावित्रीबाई फुले ने अपनी शिक्षा प्रणाली में जातिवाद, धर्मवाद और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास किया। उन्होंने सिखाया कि शिक्षा केवल एक व्यक्ति की क्षमता का निर्माण नहीं करती, बल्कि यह समाज को भी एक बेहतर दिशा में मार्गदर्शन देती है। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा और विधवा पुनर्विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सावित्रीबाई ने 1854 में 'सीनियर स्कूल' में दलित बच्चों को भी शिक्षा देने की पहल की थी। इससे यह साबित हुआ कि उनके लिए किसी भी जाति या धर्म के बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार समान था। उन्होंने यह भी सिखाया कि समाज में लैंगिक समानता और अधिकारों की स्थिति को लेकर पुरुषों और महिलाओं को एक समान दृष्टिकोण रखना चाहिए। महाराष्ट्र में 1875 से 1877 के बीच बहुत बड़ा अकाल पड़ा था। सभी बहुत बीमार पड़ रहे थे। सावित्रीबाई ने सत्यशोधक समाज नाम के एक समूह का नेतृत्व किया। इस समूह के लोगों ने बहुत सारे बीमार लोगों की मदद की। सत्यशोधक समाज के लोग बिना किसी पंडित या पुजारी के शादियां करवाते थे। 1896 में महाराष्ट्र में दोबारा बहुत बड़ा अकाल पड़ा। इस दौरान सावित्रीबाई को पता चला कि उनके दोस्त पांडुरंग बाबाजी गायकवाड़ का बेटा बहुत बीमार है। सावित्रीबाई तुरंत उनके पास गईं और बीमार बच्चे को अपनी पीठ पर उठाकर डॉक्टर के पास ले गईं। इस दौरान खुद सावित्रीबाई भी बीमार हो गईं। उन्हें प्लेग नाम की बीमारी हो गई थी। इसी बीमारी की वजह से 10 मार्च, 1897 को सावित्रीबाई फुले का निधन हो गया। सावित्रीबाई फुले की यात्रा यह सिखाती है कि जब तक समाज में समानता और न्याय नहीं आता, तब तक निरंतर संघर्ष करना आवश्यक है। उनके द्वारा किए गए कार्यों ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में महिलाओं और उत्पीड़ित वर्गों के लिए एक नया रास्ता खोला। उनकी निडर भावना और यथास्थिति को चुनौती देने का दृढ़ संकल्प अविश्वसनीय है। हर तरह के दमन और भेदभाव के खिलाफ उनकी लड़ाई प्रशंसनीय है। फुले ने महिलाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता का जो अमूल्य उपहार दिया, उसकी बदौलत वह आज भी याद की जाती हैं। उनके जीवन ने यह साबित किया कि समर्पण, लगन और संघर्ष से समाज की हर बाधा को पार किया जा सकता है। महिला शिक्षा को लेकर उनका योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आपके भीतर है आनंद, इसे बाहर न खोजें



संकलित
**दर्शन**

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं। जहां जाएंगे, वहां ले जा सकते हैं।

# ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
**प्रेरणा**

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## जोश के साथ किया वॉकथान



**बीकानेर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान के बीकानेर में विशेष रूप से महिलाओं के लिए 'वाकथॉन' का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। महिलाएं गुलाबी रंग के परिधान पहनकर और हाथों में तिरंगा लेकर दौड़ीं।

## आज की पाती

### महिलाओं को विकास के समान अवसर दे

सृष्टि की जब से रचना हुई है, इस पूरे संसार को सजाने व संवारने का काम मात्र दो ही प्राणियों ने किया है और वे दो प्राणी हैं– पुरुष एवं स्त्री। परंतु समस्त संसार की रचना में दो प्राणियों में भी अगर सबसे अधिक महत्वपूर्ण योगदान है तो वह एक स्त्री का, एक औरत का, एक नारी का, क्योंकि वह समस्त संसार की जननी है, समस्त संसार की उत्पत्ति उसकी कोख से होती है, या यूं कह लें कि स्त्री के बिना सांसारिक रचना की कल्पना मात्र भी नहीं की जा सकती है। यह भी कहा जाता है कि हर एक कामयाब पुरुष के पीछे एक सफल औरत का हाथ होता है। संसार भर में औरतों के सम्मान के लिए एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के लिए समर्पित है। इस दिवस को मनाने का औचित्य तभी है, अगर महिलाओं को विकास के समान अवसर दे दिए जाएं। – *विनय कुमार साहू*

## करंट अफेयर

# ओडिशा के द्वीप पर 33 साल बाद दिखे ओलिव कछुए

ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य के एकाकुलानासी द्वीप पर लुप्तप्राय ओलिव रिडले कछुए फिर से दिखाई दिए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 33 वर्षों के अंतराल के बाद यह कछुए सामूहिक रूप से अंडे देने और उन्हें सेने के लिए आए हैं। सहायक वन संरक्षक मानस दास ने कहा, 'द्वीप का रमणीय समुद्र तट समुद्री कटाव से प्रभावित हुआ, जिसके कारण समुद्र तट का स्वरूप छोटा हो गया।



हालांकि, 2020 से इसमें वृद्धि शुरू हुई और अब समुद्र तट का पहले की तुलना में विस्तार हुआ है। यह कछुओं के लिए अंडे देने के लिए सामूहिक रूप से आने के लिए अनुकूल साबित हुआ है।' दास ने कहा कि कछुओं की यह समुद्री प्रजाति आखिरी बार 1992 में समुद्र तट पर दिखाई दी थी, जब तीन लाख कछुओं ने अंडे दिए थे। उन्होंने कहा, 'यह ओडिशा वन विभाग के नेतृत्व में चल रही कछुआ संरक्षण पहल में एक अत्यंत सकारात्मक प्रगति है।' हर साल ओडिशा तट पर लाखों की संख्या में ओलिव रिडले कछुए सामूहिक रूप से अंडे देने के लिए आते हैं।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है

अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है।



लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग–थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है।अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान–प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

## ट्रेंड

### वन्यजीवों की रक्षा



भारत वन्यजीव विविधता और वन्यजीवों का जश्न मनाने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा जानवरों की रक्षा करने और एक स्थायी ग्रह में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पुस्तकें विरासत की वाहक



पुस्तकें केवल ज्ञान की स्रोत ही नहीं, बल्कि परंपरा व विरासत की वाहक भी होती हैं। आज अहमदाबाद में सस्तु साहित्य मुद्रणालय द्वारा साल 2024-25 में पुनः प्रकाशित 24 पुस्तकों का विमोचन किया। सस्तु कम कीमतों में पुस्तकों का प्रकाशन कर आर्थिक बाधाओं को समाप्त करने में अहम योगदान दे रहा है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मिलकर खुशियां बांटें



होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है! आइए, इन रंगों के साथ मिलकर खुशियाँ बाँटें और प्रेम का यह सिलसिला यूं ही बना रहे !

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### दिल से जुड़ा रिश्ता



मैं अपने और दर्शकों के बीच एक दिल से जुड़ा रिश्ता बनाने की कोशिश करता हूँ। लेकिन अब उन्हें आँकड़ों की तरह देखा जाता है। उन लोगों द्वारा जो मेरे और मेरे चाहने वालों के बीच द्वारपाल बन गए हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 7 जुआरी पकड़ाए, 2100 रूपए नकदी किए जब्त

**कटनी।** झिंझरी चौकी पुलिस ने जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों से नकदी रूपए भी जब्त किये गए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मझौली टोला में सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग जुआ के फड लगाकर बैठे है एवं जुआड़ीयान तास के 52 पत्तो पर हार जीत का दाव पेच लगा रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ लेकर सूचना तस्दीक पर ग्राम मझोली टोला पहुँचे जहाँ पर जुआडियान फड़ में ताश के पत्ते पर पैसो का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुये मिले जिनको घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसमें आरोपी कृष्ण कुमार कोल निवासी भरौली, संदीप सिंह निवासी भरौली, मिलन कोल निवासी मझोली, सम्पत कोल निवासी भरौली, हनुमान कोल निवासी कछगवा, सचिन कोल निवासी कच्छगवा, रतन लाल भूमिया निवासी कछगवा जुआ मन्ना खेलते हुये मिले। सभी के पास से 2100 रुपये जप्त किया गया। कार्यवाही में चौकी प्रभारी झिंझरी प्रियंका राजपूत,प्रआर राजेश चौधरी, प्रआर पंकज त्रिपाठी, आर सुरेश ,आर जज ,आर.अजय, सैनिक अक्षय आदि की भूमिका रही।

### ग्राम सभा में महिलाओं को बचत करने पर चर्चा हुई

**सिलौंडी।** सिलौंडी ग्राम पंचायत भवन में महिला दिवस पर विशेष ग्राम सभा हुई ।जिसमें सरपंच पंचों संतोष करना,जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी ,सचिव शालिग्राम तिवारी ने ग्राम की महिलाओं का सम्मान करते हुए । महिला शास्त्रीकरण ,मासिक बचत पर स्व सहायता समूह से जोड़कर आय में वृद्धि पर चर्चा की । सचिव शालिग्राम तिवारी ने महिलाओ को छोटे छोटे निवेश करते हुए बचत करने के उपाय बताएं । सरपंच पंचों संतोष कुमार ने स्व सहायता समूह से जोड़कर आय में वृद्धि करने का जानकारी दी । इस दौरान पंच राजेश राय ,पंच श्यामदत्त राय,पंच फूला बाई ,पंच रघुवीर सिंह , सुधीर जैन ,अरुण राय , प्रमोद काछी , लाहोरे गाडरी ,आगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका सहित ग्राम की महिलाओं की मौजदूगी रही है ।

### अलग अलग ठिकानों से 20 हजार की शराब जब्त

**बरही।** पुलिस ने एक दर्जन ठिकानों में दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में आगामी त्योहार होली को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा टीम गठित कर थाना क्षेत्र में कस्बा बरही के अलग अलग ठिकानो करेला, कनौर, सूर्यसनातन, बम्हनगवां , करेंहा, बरही उबरा में दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले 13 व्यक्तियो के कब्जे से कुल 140 पाव देशी मदिरा प्लेन व 30 लीटर कच्ची महुआ शराब इस प्रकार कुल कीमती 20000 रूपये जप्त कर प्रभावी कार्यवाही की गई।

### बीते फरवरी माह में एक ही दिन बदमाशों ने लूट की दो वारदात को दिया था अंजाम

# लूट के मामले में रीठी के 5 युवकों को किया गिरफ्तार, लूट की बाइक व मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कटनी जिले के रीठी थाना अंतर्गत ग्राम बरहटा, हनुमानताल मोहल्ला एवं पटैल मोहल्ला निवासी 5 युवकों ने पड़ोसी शाहनगर थाना की पुलिस ने लूटपाट के मामले में गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों को कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से उनको भेज दिया गया। आरोपितों के पास से पुलिस ने लूट की रकम, मोटर साइकिल एवं मोबाइल भी बरामद किया है।

जानकारी के मुताबिक 11 फरवरी को फरियादी रामचन्द्र चौधरी पिता भागचन्द्र चौधरी निवासी खम्हरिया थाना रीठी द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 9 फरवरी को मैं एवं मेरे परिवार के लोग भतीजी के तिलक (लगन) कार्यक्रम में शामिल होने के लिये ग्राम बडेरा गये थे । घर के सभी सदस्य अन्य साधनो से आगे निकल गये थे, मैं और मेरा चचेरा भाई मोटर साइकिल से जा रहे थे तभी रास्ते में ठंड लगने के कारण हम दोनो सुडोर मोड में आग सेंकने लगे। तभी 02 मोटर साइकिल से 04 लड़के आये और हम लोगो को गाली गलौज करते हुये दोनो लोगो के पर्स में रखे 10 हजार रूपये एवं दोनो लोगो के 02 मोबाइल लूट ले गये थे । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 42/25 धारा 309 (4), 309 (6) BNS का कायम किया गया । इसी प्रकार एक अन्य फरियादी जगत पटेल पिता शिवलाल पटेल नवासी बडगाँव रीठी द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 09 फरवरी 2025 25 को मैं अपने दोस्त कृष्ण कुमार के साथ मोटरसाइकिल से अपने गाँव से अपनी मौसी के घर बीजाखेड़ा गया था । रात में करीब 09 बजे के मैं मौसी के घर से अपने घर वापस आ रहा था, रास्ते में अरथाई तिराहा के आगे खमरिया मोड के पास मैं पेशाब करने के लिये रूका। तभी 02 मोटरसाइकिलो से 5 लोग वहाँ आ गये और मुझे और मेरे दोस्त को पकड़कर हम लोगो को गाली देते जेब में रखे 500 रूपये, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन लूट कर ले गये हैं । फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना शाहनगर में अप.क्र. 43/25 धारा 309 (4), 309 (6) BNS का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी शाहनगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना के सहयोग से अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये । मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर मामले में पुलिस टीम द्वारा चिन्हित 05 व्यक्तियों को अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गई। पूछताछ पर संदेहियो द्वारा अपने अपने नाम एवं पता पुलिस टीम को बताये गये । पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर उक्त संदेहियो द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा दोनो मामलो में संलिप्त 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 01 मोटर साइकिल कीमती करीब 45 हजार रूपये, लूटे गये 03 मोबाइल कीमती करीब 25 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल कीमती करीब 90 हजार रूपये एवं 1300 रूपये नगद जप्त किये गये हैं । मामले में आरोपियों को पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाकर पूछताछ की जा रही है ।

#### इनको किया गया गिरफ्तार

अमित पिता बलीराम पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम छोटा बरहेंटा थाना रीठी, आनंद पिता जीवन लाल पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी छोटा बरहेंटा थाना रीठी कटनी, विक्की पिता बलराम पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी पटेल मोहल्ला रीठी, धर्मेन्द्र साहू पिता सन्तोष साहू उम्र 23 वर्ष निवासी हनुमानताल मोहल्ला रीठी, हितेन्द्र पिता आनंद सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रीठी थाना रीठी कटनी शामिल हैं।

### जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ आयोजन

**सिलौड़ी।** शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के तारतम्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन किया गया तथा मोहनी कुम्हार द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत अतिधियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से प्राचार्य रतिराम अहिरवार एवं डॉ रविता सिंह , डॉ नीता मिश्रा डॉ सुदीपा जाना, डॉ हेमंत कुमार चौरसिया द्वारा किया गया , कार्यक्रम का संचालन पंकज मिश्रा ने किया। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोहन सिंह जनजातीय चेतना मंच के प्रान्त अध्यक्ष जनजातीय आयोग जबलपुर म.प्र के द्वारा जनजातीय समाज के महापुरुषों के इतिहास एवं उनके वलिदान पर विस्तार से व्याखान प्रस्तुत किया गया । मुख्य अतिथि नरेश सिंह मार्को समाज सेवी , विशिष्ट अतिथि विजय बागरी सेवा निकृत शिक्षक कवि एवं साहित्कार ने संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं को उन्होंने बताया कि संस्कृति का विकास वनों से ही हुआ. हमारे पौराणिक ग्रंथ भी वनों में ही लिखे गए हैं. ब्रिटिश हुकूमत से संघर्ष करने वाले जननायकों में भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील, भीमा नायक रघुनाथ शाह शंकर शाह रानी दुर्गावती आदि जनजातीय क्रांतिकारियों के योगदान पर अपने विचार रखें।

**कलेक्टर जनता के बीच पहुंचकर सुनेंगे उनकी समस्याएं**

## लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का दूसरा आयोजन स्लीमनाबाद में 12 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल के अंतर्गत लोक सुनवाई सह जनसुनवाई कार्यक्रम का दूसरा आयोजन बुधवार 12 मार्च को बहोरीबंद जनपद पंचायत के स्लीमनाबाद में आयोजित होगा।

लोक सुनवाई का ज़लि का पहला कार्यक्रम गुरुवार 6 मार्च को शाम 4 बजे से ग्राम पंचायत कन्हवारा में आयोजित किया गया था। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होकर अधिकारयों का समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्सक दिश - निर्देश दिये थे।

जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी,एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी जारी कर दिया है।

#### लोक सुनवाई सह जन संवाद की तिथियां एवं स्थान

दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन बहोरीबंद जनपद पंचायत के स्लीमनाबाद में बुधवार 12 मार्च को आयोजित होगा। इसी प्रकार गुरूवार 20 मार्च को बडवारा के विलायतकला, बुधवार 26 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का आयोजन होगा।

#### यहां भी होगा आयोजन

इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़यि में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### बच्चे की प्रथम पाठशाल एवं शिक्षिका होती है मां



मां बच्चे की प्रथम पाठशाला एवं शिक्षिका होती है जिस घर में महिलाओं द्वारा बच्चों को अच्छे संस्कार दिया जाता है वह परिवार विचारवान संस्कारवान एवं समृद्धवान होता है नारी शक्ति, मातृ शक्ति का सम्मान व चेतना जागृत करने के लिए आज पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। उक्त आशय के विचार सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभकामना हाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 70 वर्ष से अधिक आयु वाली ऐसी वृद्ध महिलाएं जो परिवार के साथ आध्यात्म और समाज की सेवा कर रही के सम्मान अवसर पर राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने व्यक्त किए है । कार्यक्रम का शुभारंभ वयोवृद्ध सोशन ज्वेल, गौरा रैकवार, पुष्पलता पटेल, शिवदुलारी माता, लीला माता, रितु बजाज, अंजू बजाज, मितुलिया, सुखरानी, कमला माता, रजनी माता , कमलादेवी शर्मा का सम्मान रचना बहन, नीतू साहू, मीना चौधरी, रानी शर्मा, सविता बहन, सुमन बहन नेहा बहन द्वारा बिंदी लगाकर माला दुपट्टा पहनकर और ईश्वरीय सौगात भेटकर किया । मौके पर मंगला नैय्यर, उमा केवट, तारा माता, राजेश्वरी पांडे, ज्ञानू पांडे का भी स्वागत किया।

## रात से सुबह तक चली पुलिस की गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



होली/रंगपंचमी, रमजान पर्व के दौरान अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के मार्गदर्शन, एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया के दिशा निर्देशन में जिले के चारों अनुभाग के डीएसपी के नेतृत्व में गत दरमियानी रात से सुबह तक वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए सरप्राइज चैकिंग व कॉम्बिंग गश्त की गई।

इस दौरान कटनी पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए लगभग 183 बदमाशो को चेक करते हुए, उन पर उचित वैधानिक कार्यवाही की गई हैं जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित कुल 100 से ज्यादा वारंटों को कराया गया तामील, जिसमें लंबे समय से फरार 53 स्थाई वारंटी , 47-गिरफ्तारी वारंटी और जमानती वारंट भी किए तामील ।

अभियान के दौरान अवैध रूप से शराब विक्रय करने वाले एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 79 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक कार्यवाही।

जुआ खेलते पाये जाने पर जुआड़ियो के विरूद्ध 23 प्रकरण कायम किये गये। आदतन बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए- 170 BNSS में -12 व 129 BNSS में – 44 , 126B/135(3) BNSS में -139, असामाजिक तत्वों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही/समंस तामील कराया।

**सोने की मोहरों के लालच में राजस्थान से कटनी पहुंचे थे दोनो युवक**

## पैसों के लेन देन को लेकर हुई थी दो युवकों से मारपीट, झूठी निकली लूट की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सोने की मोहरो की लालच में राजस्थान के सवाई माधोपुर से कटनी पहुंचे दो लोगों के साथ बायपास मार्ग पर चाकू से हमला व लूटपाट की घटना हुई। पहले तो उक्त दोनो व्यक्ति अपने साथ लूट होने की बात कहते रहे लेकिन जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो वह सकपका गए और पूरा माजरा पुलिस को बताया। राजस्थान के सवाई माधोपुर निवासी हरिबाबू यादव एवं व रवीन्द्र सिंह नामक युवक चाका बायपास मार्ग पर चाकू से हमला कर लगभग 25 हजार रूपए की लूट का दावा किया था लेकिन जांच के दौरान यह पता चला कि पैसे के लेन देन को लेकर दोनों व्यक्तियों से मारपीट हुई थी अब पुलिस पुरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं।

कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने जानकारी में बताया कि हरिबाबू यादव पिता जगन सिह यादव 53 साल निवासी सवई माधवपुर राजस्थान एवं रविन्द्र राजपूत की मुलाक़ात कुंभ मेला प्रयागराज मे मौनी अमावस्या के दिन कुछ पारधी लोग मिले थे जिनके द्वारा सोने की मोहर दिखाकर लालच दिया गया था। लोगो का आपस मे सोने के मोहर का लेन देन को लेकर मोबाइल पर आपस में बातचीत होने लगी थी. जिसके बाद युवक एक हफ्ते पहले सोने की मोहर लेने के लिये कटनी बायपास आए थे। जहाँ 8 हजार रूपये मूल्य की सोने के दो मोहर बिना पैसा दिए सवाई माधवपुर राजस्थान वापस चले गए थे, दोनों असली सोने की लालच में आकर दयोदय एक्सप्रेस से 08.03.25 को कटनी पहुंचें जहाँ अपने साथी रविन्द्र राजपूत के साथ कटनी मुडवारा स्टेशन से आटो बुक करके कटनी द्वारा बायपास गये जहाँ दो लोग मिले जिनसे सोने की मोहर को लेकर लेन देन की बात हुई और 10 हजार रूपये दिये गये मोबाइल नंबर पर ट्रान्सफर किये और 75,000/- रूपये नगद दिए। सोने के मोहर की मोलभाव व पैसे की लेनदेन को लेकर दोनों राजस्थानी युवकों और अज्ञात पारधीयों के बीच कहाँ सुनी के साथ मारपीट की घटना हुई जिसमे दोनों युवक घायल हों गए। मारपीट में दोनों युवकों को गंभीर चोटे आई हैं जिन्हे इलाज के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया है।

### ढीमरखेड़ा के कोटी में किसान प्रशिक्षण और अश्वगंधा खेत का विजिट कार्यक्रम

## अश्वगंधा की खेती से किसानों की बढ़ती आय से आर्थिक स्थिति में सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मानव जीवन विकास समिति के कार्यक्रम समन्वयक रामकिशोर चौधरी द्वारा बताया गया कि ढीमरखेड़ा ब्लॉक में नाबार्ड की नानबाड़ी परियोजना के अंतर्गत 8 गांव में 100 किसानों के यहां 50 एकड़ में अश्वगंधा खेती का नवाचार किया गया है। इस फसल को मजबूती देने किसानों का आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में औषधीय विशेषज्ञ डाक्टर शांति स्वरूप सारस्वत ने किसानों से अश्वगंधा फसल की वर्तमान स्थिति को जाना समझा इसके बाद फसल को मजबूती प्रदान करने जैविक खाद का छिड़काव, समय समय में पानी देना, फसल की निदाई करना आदि सभी जानकारी उपलब्ध कराई। इसके बाद फसल को कैसे कटाई करना है एवं बाजार में बेचने के लिए कैसे तैयार करना है वह भी बताया गया।

कार्यक्रम समापन के बाद सभी किसानों को अश्वगंधा फसल वाले किसान के खेत में ले जाया गया जहां पर अच्छी क्वालिटी वाले पौधों की पहचान कैसे करेंगे यह सभी जानकारी दी गई।

#### अश्वगंधा खेत का विजिट

नीमच से आए औषधीय विशेषज्ञ डाक्टर शांति स्वरूप सारस्वत एवं डाबर इंडिया लिमिटेड से सुरेंद्र भगत, समिति कार्यकर्ता और किसान द्वारा अश्वगंधा फसल का अवलोकन किया गया।

कोठी गांव के 4 किसान कृष्णचंद सिंह, विसर्धन सिंह, श्रीलाल सिंह, राम मिलन सिंह और सगौना गांव के 3 किसान लौह सिंह, नरेश सिंह, अर्जुन सिंह के खेत में विजिट किया गया। अश्वगंधा की खेती एक नवाचार है लेकिन बहुत बढ़िया फसल है उत्पादन भी अच्छी होने की संभावना है।

#### जानकारी और सुझाव

कृषि क्षेत्र में अश्वगंधा की खेती किसानों के लिए कम लागत वाली अधिक मुनाफे की फसल है।

अश्वगंधा की खेती रवि और खरीफ दोनों सीजन में की जा सकती है। इसकी खेती ढलान वाली जमीन में किया जाता है जहां पानी का भराव नहीं हो तथा खेत की गहरी जुताई के बाद फसल की बोनी कर सकते हैं। अश्वगंधा की जड़, तना, और बीज को बेचा जा सकता है।

कृषकों को समय-समय पर अश्वगंधा की खेती हेतु लगातार तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। अश्वगंधा की खेती बुवाई के 140 से 160 दिनों में तैयार हो जाती है.

यदि फसल अच्छी होती है तो 1 एकड़ में 4 से 5 क्विंटल का उत्पादन होगा। अश्वगंधा फसल से प्रति एकड़ 50 से 60 हजार की आमदनी कमाई जा सकती है।

#### अश्वगंधा के स्वास्थ्य लाभ

तनाव में कमी अश्वगंधा तनाव के स्तर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। चिंता से राहत अश्वगंधा चिंता को कम करने में सहायक है। नींद की गुणवत्ता में सुधार अश्वगंधा ने अश्वगंधा अर्क लेने वाले लोगों में नींद की दक्षता, कुल नींद के समय और नींद की विलंबता में सुधार दिखाया है।

अश्वगंधा चिंता और तनाव की समस्याओं से छुटकारा पाने में मददगार है.

अश्वगंधा का इस्तेमाल आंखों की रोशनी, गले के रोग, टीवी रोग, छाती दर्द, पेट की समस्या-कमज़ोरी को दूर करने में किया जाता है।

## जिले की सभी पंचायतों में हुई महिला सभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में महिला सभाओं का आयोजन उत्साह और ऊर्जा से लबालब महिलाओं की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत तेवरी में आदर्श महिला हितैषी, महिला सभा का आयोजन ग्रामीण महिलाओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, ग्रामीण जनों, एवं अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित हुआ।

महिला सभाओं में महिला सशक्तिकरण, विविध क्षेत्रों में स्वावलंबन और आर्थिक समृद्धि की इबारत लिख रही महिलाओं का शाल,श्रीफल, साड़ी और पुष्प गुच्छों से सम्मान किया गया। यह जग जाहिर है कि महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। संस्कार और संस्कृति को पीढ़ी दर पीढ़ी उन्नत करने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। महिलाएं अपनी जिम्मेदारियां का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर अपनी सशक्त भूमिका निभाते हुए अपने गांव,शहर,जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। आयोजित महिला सभा में महिला सशक्तिकरण और महिला हितैषी मुद्दों पर विस्तार से चिंतन एवं मंथन हुआ। ग्राम पंचायत तेवरी में आयोजित महिला सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच सुश्री काजल रजक ने की। महिला सभा में उपसरपंच सुशील कुशवाहा, जनपद सदस्य कमलेश कुमार जैन,ग्राम सभा के नोडल अधिकारी आर के चतुर्वेदी प्रभारी एसएडीओ बहोरीबंद आदि की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्य शाला का आयोजन किया गया जिसमे शिक्षा, चिकित्सा, पशु, महिला एवं बाल विकास के अधिकारी एवं जिला पंचायत से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान से जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंकज कुमार नामदेव आदि उपस्थित रहीं।

## जमकर हुआ बवाल, गाड़ियों में तोड़फोड़

# प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप








हरिभूमि न्यूज : रायपुर

टाटीबंध स्थित एक मकान में चल रही प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने जमकर हंगामा किया। धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में तोड़फोड़ की। जब बवाल चल रहा था, इस दौरान होली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पुलिस अफसरों की बैठक ले रहे थे। इसी दौरान पुलिस को हंगामा होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस अफसर आनन-फानन में घटना स्थल पहुंचकर स्थिति संभालने में जुट गई। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। टाटीबंद स्थित एक कालोनी के मकान में सैकड़ों की संख्या में लोगों के प्रर्थना सभा में एकत्रित होने की जानकारी हिंदू संगठन से जुड़े लोगों को मिली। इसके बाद बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोग प्रार्थना सभा का विरोध करते हुए मौके पर पहुंचे। हिंदुओं का जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों के साथ हिंदू संगठनों के साथ बहस होने लगी। विवाद की दूसरी वजह भी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार प्रार्थना सभा के पास एक खाली प्लाट है। उसमें कुछ लोग चर्च निर्माण की बात कहे रहे थे। खबर है कि इससे भी विवाद ने उग्र रूप ले लिया।

### रविवार बना पुलिस के लिए चुनौती

प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराए जाने के लेकर पूर्व में भी मोवा, विधानसभा सहित कई अन्य थाना क्षेत्रों में प्रदर्शन की घटाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर घटनाएं रविवार को हुई है। ऐसे में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन के आरोप में प्रदर्शन रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

### हंगामे के बीच तोड़फोड़

धर्मांतरण को लेकर हंगामा के दौरान कुछ लोगों ने पथराव करने के साथ तोड़फोड़ करने लगे। तोड़फोड़ से मकान तथा गाड़ियों में नुकसान होने के साथ पथराव की घटना में कुछ लोगों को चोटें आई है। इसी दौरान पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई।

## खबर संक्षेप

### भू-माफिया और अफसरों के खिलाफ अपराध दर्ज कराएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जमीन घोटाले में संलिप्त सभी भूमाफिया, अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने के साथ ही घोटाले की राशि वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की। इसी दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि शासकीय जमीनों की बंदरबांट और जमीन मुआवजा घोटाले के सभी दोषियों के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध करने के साथ ही घोटाले की राशि वसूलने की कार्रवाई भी की जानी चाहिए, जमीन के मुआवजे का घोटाला तो अभी केवल 7 गांव का सामने आया है, जबकि इस मामले में 300 गांव की जमीन का अधिग्रहण किया गया है, सभी अधिग्रहित जमीनों की भी जांच की जानी चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि रायपुर जिले अभनपुर के सात गांव की ही अधिग्रहित जमीनों की जांच में ढाई सौ करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आ चुका है, 300 गांव की अधिग्रहित जमीनों की जांच में स्थिति क्या होगी, इसका आकलन भी किया जाना मुश्किल है।

### अस्पतालों को प्राधिकार प्राप्त करने की समयसीमा में वृद्धि

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) की पहल पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल (सीईसीबी ) ने अस्पतालों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत प्राधिकार प्राप्त करने अथवा नवीनीकरण की समयसीमा 30 जून तक बढ़ा दी है।



केंद्रीय पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड के आदेशानुसार बिना उक्त प्राधिकार के अस्पताल का संचालन करने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने का प्रावधान है। इसके तहत पूर्व में सीईसीबी ने सभी अस्पतालों को 31 दिसंबर 2023 तक प्राधिकार प्राप्त करने के निर्देश दिए थे। किन्हीं कारणवश कुछ अस्पतालों द्वारा उक्त अवधि में यह प्राधिकरण प्राप्त अथवा नवीनीकरण नहीं हो पाया था जिस वजह से उन अस्पतालों पर भारी भरकम क्षतिपूर्ति लगाई जा रही थी।

### 108 इमरजेंसी में कर रहे मिस्डकॉल, दे रहें गालियां

**रायपुर।** आपातकाल में मदद के




लिए उपयोग किए जाने वाले 108 के इमरजेंसी कॉल का लोग इंटरटेनमेंट के लिए उपयोग कर रहे हैं। कोई टाइमपास के लिए यहां फोन लगाता है, तो कोई गाली-गलौज कर अपनी भड़ास निकलता है। आंकड़ों की मानें, तो संजीवनी एंबुलेंस सेवा के कॉल सेंटर का स्टाफ हर महीने औसतन ऐसे 10 हजार फेक कॉल को झेल रहा है। इसमें बच्चों के फोन, फर्जी कॉल के साथ अपमानजक बातें करने वाले कम नहीं हैं। प्रदेश में किसी की आपात स्थिति होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए संजीवनी एंबुलेंस सेवा का संचालन किया जा रहा है।

## ढाई साल पहले वर्ग फीट के हिसाब से किया निर्धारण और अब हेक्टेयर का नियम लागू

# भारतमाला प्रोजेक्ट में दुर्ग जिले के 200 करोड़ का भुगतान संदेह के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**दुर्ग जिले के भारत माला प्रोजेक्ट में 200 किसानों का मुआवजा निर्धारण में स्थानीय प्रशासन ने दोहरा मापदंड अपनाया। ढ़ाई साल पहले यानी वर्ष दिसंबर 2022 में किसानों के मुआवजा का निर्धारण वर्ग फीट के हिसाब से किया। उसके बाद अब वर्ष 2024 में किसानों का मुआवजा प्रकरण हेक्टेयर दर के हिसाब से कर दिया गया है।**

अलग खबर

जिसकी वजह से किसी किसान को एक साइज की जमीन की लाखों रुपए का मुआवजा दिया जा रहा है तो दूसरे किसान को हजार रुपए। इस दोहरे मापदंड की वजह से किसान हाईकोर्ट और स्थानीय राजस्व अधिकारी के दफ्तर का चक्कर काट रहे हैं। पूरे मामले में करीब 200 करोड़ रुपए भुगतान संदेह के दायरे में है। भारतमाला प्रोजेक्ट में अफसरों ने ही बड़ा खेला कर दिया। अपनों को भूमि अर्जन की मुआवजा राशि का लाभ दिलाने के लिए सेंट्रल गर्वमेंट के नियम को ही बदला और उस हिसाब से करोड़ों रुपए का भुगतान हो गया। यह गफलत दुर्ग जिले के थनौद से उतई तक के किसानों का भू अर्जन मुआवजा भुगतान में किया गया।

### इस तरह हुआ खेला

भारत माला प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2017.18 में भू अर्जन पुरई के पटवारी हल्का नंबर 40 तहसील दुर्ग थनौद से उतई तक किसानों की जमीन भूअर्जित की गई। थ्री डी प्रकाशन के बाद कुछ नामांकित चहेतों को वर्ष 2019 में 500 वर्ग फुट से कम अर्जित भूमि का मुआवजा निर्धारण चार गुणा दर से किया गया। इसकी वजह अफसरों ने किसानों को यह बताया कि इनका नक्शा बटांकन हो चुका है। इस बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार ने रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत छूट दी। इसके आड़ में यह खेला कर दिया कि जिन किसानों की जमीन का नक्शा बटाकंन नहीं हुआ था, उन्हे हेक्टेयर के हिसाब से दो गुणांक में भुगतान कर दिया।

### किसानों के मुआवजा निर्धारण में चली दोहरी नीति



### इस तरह प्रकरणों को समझिए

ग्राम पुरई निवासी जयसिंह पिता तीर्थराज, हरन्दिर सिंह पिता रमाशंकर सिंह खसरा नंबर 203/2 के 0.036 हेक्टेयर यानी 360 वर्ग मीटर का मूल्यांकन 20 दिसंबर 2022 को किया गया है। उनकी राशि का मूल्यांकन 9 लाख 68 हजार 400 रुपए है। दो गुणांक के हिसाब कुल 44 लाख 29 हजार 074 रुपए बनाया। वहीं दूसरी ओर उसी गांव के किसान केसरी पवार पति कृष्णा पवार खसरा नंबर 209/2 के 022 हेक्टेयर यानी 220 वर्ग फीट का कुल मुआवजा राशि 1 लाख 36 हजार 842 रुपए बनाया गया है। खास बात यह है कि दोनों जमीन की खसरा नंबर लगी हुई है। औसत गणना जयसिंह की जमीन की 12 हजार 302 रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से और पवार की जमीन की गणना महज 622 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से की। इस तरह के कई मामले हैं।

अवैध संबंध के संदेह पर की हत्या

## ग्रामीण की हत्या कर खुद को बताया कल्कि का अवतार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

खुद को कल्कि का अवतार बताकर एक ग्रामीण की हत्या कर गांव के अन्य पांच लोगों को मौत के घाट उतारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारा युवक जांजगीर चांपा जिले के सिवनी गांव का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव पकरिया नवापारा निवासी रामसिंह कंवर उम्र 60 वर्ष की 23-24 फरवरी की दरमियानी रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी।1

### गुमराह करने कल्कि का अवतार वाला संदेश फैलाया

हत्यारे विकास यादव ने हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस को गुमराह करने गांव में दीवारों पर खुद को कल्कि का अवतार बताकर और कुछ ग्रामीणों की हत्या करने संबंधी संदेश लिख दिया। उसने गांव के श्मशान घाट में भी एक हथियार रख दिया था और वहां चिट्ठी भी छोड़ी थी।

## हाउसिंग बोर्ड के करोड़ों रुपए फंसे

# बिलासपुर डिविजन में 654 फ्लैट व स्वतंत्र आवास खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बिलासपुर सहित प्रदेशभर में मकान और दुकानें तो बना रहा है, लेकिन उन्हें बेचना मुश्किल हो रहा है। अकेले बिलासपुर में ही 230 से अधिक मकान और फ्लैट नहीं बिके हैं। कुल मिलाकर बिलासपुर डिविजन में करोड़ों रुपए के फ्लैट और स्वतंत्र आवास फंस गए हैं। 10 लाख से 45 लाख तक के साढ़े 6 सौ से अधिक मकान खाली पड़े हैं। मकान और फ्लैट नहीं बिकने के बाद हाउसिंग बोर्ड द्वारा उपभोक्ताओं को 10 वर्ष पुरानी कीमतों में मकान और दुकान बेचने का फैसला लिया गया। इसमें प्रदेशभर में वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत 10 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिससे खरीदारों को 10 लाख रुपए तक की छूट मिल रही है। इसके बाद भी लोगों ने रुचि नहीं ली है। हाल यह है कि हाउसिंग बोर्ड ने बोदरी में 473 मकानों को बनाने की नई योजना लांच की थी। इसमें भी लेकिन लोगों ने रुचि नहीं दिखाई और सिर्फ 76 बुकिंग ही हो सकी है। अब पहले चरण में इतने ही मकानों को बनाने का फैसला लिया गया है, ताकि पैसे की बरबादी नहीं हो और बुंकिग-शिफ्टिंग से पहले मकान कंडम न हो जाए। यहां का टेंडर भी तीन बार निरस्त हो चुका है। अब चौथी बार में टेंडर फाइनल करते हुए बड़ी मुश्किल से काम शुरू हो सका है।



### जो बिके वो आबाद नहीं हुए

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में सैकड़ों मकान ऐसे भी हैं जो बिक तो गए हैं, लेकिन आबाद नहीं हुए हैं। इन मकानों में ताले लटक रहे हैं। परसदा, सकरी, बहतराई, खमतराई में भी बने हाउसिंग बोर्ड के मकान खाली पड़े हैं। इन मकानों को खरीदने के बाद मकान मालिक जाने को तैयार नहीं है। वहीं लोकशन का सही चयन नहीं होने के कारण इन मकानों में रहने के लिए किराएदार नहीं मिल रहे हैं। हालांकि अभियान चलाकर हाउसिंग बोर्ड मकानों को सेल कर रहा है। सेल बढ़ाने के लिए मकानों की स्थिति और लोकेशन आनलाइन कर दिया गया है। मकानों का रेट फिक्स किया गया है। वहीं हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि जो मकान नहीं बिकेंगे, उनका इस्तेमाल रेंटल हाउसिंग के रूप में किया जाएगा।

### लांच की गई है नई योजना

हाउसिंग बोर्ड ने बोदरी में 473 मकान बनाने की नई योजना लांच की है। इसमें 76 लोगों ने बुकिंग की है और इन मकानों का निर्माण जारी है। बिलासपुर रीजन में हाउसिंग बोर्ड के मकान अधिक खाली नहीं हैं। अभिलाषा परिसर में कुछ फ्लैट खाली हैं तो चिल्हाटी में कुछ मकानों की बुकिंग नहीं हो सकी है। कुछ और मकान जरूर खाली हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि वे उपयोगहीन हैं। **- एमडी पनारिया**, उपायुक्त, हाउसिंग बोर्ड

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने किराए पर लिए जा रहे अकाउंट

**रायपुर।** ऑनलाइन ठगी की घटना से लेकर क्रिकेट सहित अन्य तरह का सट्टा संचालित करने इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल अकाउंट को रोकना साइबर पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। पुलिस ने हाल के दिनों में चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा म्यूल अकाउंट के माध्यम से सट्टे की रकम ट्रांसफर करने की बात सामने आई है। सट्टा में म्यूल अकाउंट इस्तेमाल करने की प्रथा महादेव सट्टा एप के बाद से शुरू हुई है। क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले बुकी पुलिस को झांसा देने के लिए किराए के बैंक अकाउंट लेकर उनमें पैसों का ट्रांजेक्शन कराने का काम कर रहे हैं। म्यूल अकाउंट बुकी पांच से दस हजार रुपए तक किराए पर ले रहे हैं। म्यूल अकाउंट होने की वजह से बुकी की जल्दी से पहचान नहीं हो पाती।

# चैंबर चुनाव : मतदाता सूची में किया त्रुटि सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के चैंबर भवन में शनिवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्वाचन अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मतदाता सूची में त्रुटि सुधार किया गया। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 मार्च को किया जायेगा।

चैंबर चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, और चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा ने बताया कि मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के लिए शनिवार को दोपहर 2 बजे तक अंतिम तिथि के दिन समय-सीमा में प्राप्त मतदाताओं के नाम में तकनीकी त्रुटि को सुधार किया गया।



आज प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

### जिलेवार मतदान केन्द्र इस तरह से

- 14 अप्रैल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर
- 15 अप्रैल मेनोनाइट हिन्दी हायर सेकंडरी स्कूल धमतरी, 16 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर रायगढ़
- 20 और 21 अप्रैल अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई
- 24 अप्रैल उदयाचल भवन राजनांदगांव, 27 अप्रैल झूलेलाल मंगल भवन बिलासपुर
- 3 मई गुजराती शाला भवन देवेन्द्र नगर रायपुर, 4 मई सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर में मतदान होगा।

## एक महीने से टमाटर की कीमत में आ रही लगातार गिरावट

# मंडी में बिक रहा एक रुपए किलो टमाटर

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ में टमाटर की खेती करने वाले किसान इन दिनों खासे परेशान है। प्रदेश सरकार ने अपनी घोषणा पत्र में टमाटर प्रोसेस यूनिट निर्माण की घोषणा की, अब सरकार बदल गई, लेकिन किसानों का हाल पहले जैसा ही है। हर साल टमाटर के भाव औंधे मुंह गिरती है और किसानों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। इस साल भी किसानों का दर्द ऐसा ही है। टमाटर मंडी में एक रुपए किलो बिक रहा है। किसानों का तुड़ाई और ट्रांसपोर्टिंग का खर्च तक नहीं निकल रहा। इसलिए किसान अपनी फसल उजाड़कर दूसरी फसल लेने लगे हैं। खेत के मेड़ों में इसे डाल रहे हैं।

### किसान उजाड़ रहे अपनी फसल



### प्रोसेस यूनिट के घोषणा पत्र में

हर साल टमाटर फसल के दाम इतने गिर जाते हैं कि किसानों को लाखों रुपए नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों की मांग पर पिछली कांग्रेस सरकार ने और इस बार भाजपा की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में टमाटर प्रोसेस यूनिट स्थापित करने का जिक्र किया, लेकिन अब तक यह केवल सपना है। यूनिट स्थापना से किसानों को टमाटर के दाम भी मिलेंगे और विकास भी होगा। - झबेंद्र भूषण वैष्णव, महासचिव, छग प्रगतिशील किसान संगठन

### इस प्रकरणों से समझिए किसानों की स्थिति

#### केस वन

डोमा पथरिया के किसान लिमन हर साल 10 से 15 एकड़ में टमाटर की फसल लगाते हैं। इस बार भी टमाटर फसल ली है। वे बताते हैं कि दो महीने पहले टमाटर की इतनी ज्यादा डिमांड थी कि इसकी पूर्ति नहीं कर पा रहे थे। दाम ज्यादा होने के बाद भी बाजार ज्यादा चढ़ा हुआ था। इन दिनों भाव इतना कम है कि न तुड़ाई करवा रहे हैं और नहीं इसे बेच पा रहे हैं। नए फसल लेने टमाटर को बाहर फिंकवा रहे हैं।

#### केस दो

धमधा के किसान संदीप सोलंकी टमाटर उत्पादक किसान हैं। इस साल 14 एकड़ में टमाटर फसल लगाया है। वे बताते हैं कि मंडी में बाहर से भी टमाटर की आवक शुरू हो गई है। लोकल सब्जी बाड़ी से उत्पादन ज्यादा है और खपत कम। इसलिए स्थानीय मंडी में टमाटर के भाव नहीं मिल रहे हैं। ट्रांसपोर्टिंग व मजदूरी हमें अपनी जेब से भरना पड़ रहा है। जिसकी वजह से टमाटर को फेंक रहे हैं। मवेशियों को खिला रहे।

# आंध्र प्रदेश के पहले व्यापक रक्त विकार संस्थान का उद्घाटन

**विशाखापट्नम।** आंध्र प्रदेश के रक्त विकारों के लिए समर्पित पहले व्यापक संस्थान के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हेल्थ सिटी, विशाखापत्तनम में यूनिक हॉस्पिटल परिसर में स्थित है। यह अत्याधुनिक सुविधा वैश्विक मानकों का पालन करते हुए सौम्य और घातक रक्त विकारों में सेवाओं की पूरी श्रृंखला की पेशकश करके हेमेटोलॉजी देखभाल में क्रांति लाने के लिए तैयार है। इस कार्यक्रम में पद्मश्री प्रोफेसर डॉ. मैमन चांडी, भारत में हेमटोलॉजी के जनक, ने भाग लिया, जिनके हेमटोलॉजी और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण में अभूतपूर्व योगदान ने पूरे देश में रोगी देखभाल को बदल दिया है और प्रोफेसर डॉ. सदाशिवुडू, प्रोफेसर और एचओडी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग, निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हैदराबाद उपस्थित रहे। रक्त विकार, सौम्य और घातक दोनों, सार्वजनिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। आंध्र प्रदेश में हीमोग्लोबिनोपैथी का एक बड़ा बोझ है, जिसमें लगभग 20 लाख व्यक्ति सिकल सेल रोग से प्रभावित हैं, मुख्य रूप से आदिवासी आबादी में। बीटा



थैलेसीमिया वाहक आबादी का 0.2 प्रतिशत से 21.8 प्रतिशत हिस्सा हैं, जिससे नियमित रक्त आदान एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन जाती है। इसके अतिरिक्त, ल्यूकेमिया, या रक्त कैंसर, भारत में 6वां सबसे आम कैंसर है, जिसमें हर पांच मिनट में एक नया निदान होता है। हालांकि, प्रारंभिक निदान और आधुनिक उपचार में प्रगति ने जीवित रहने की दर में काफी सुधार किया है, जो ल्यूकेमिया के प्रकार के आधार पर 30 प्रतिशत से 80प्रतिशत तक है। अब तक विशेष हेमेटोलॉजी देखभाल की बढ़ती आवश्यकता के बावजूद, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में रक्त विकारों के व्यापक प्रबंधन के लिए एक समर्पित संस्थान की कमी थी। हाल में ही शुरू किया गया महात्मा गांधी रक्त विकार संस्थान इस क्षेत्र में अपनी तरह की पहली सुविधा है, जो एक ही छत के नीचे अत्याधुनिक निदान, उन्नत उपचार और शोध-संचालित रोगी देखभाल की पेशकश करके इस अंतर को कम करता है। संस्थान में रक्त संबंधी स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संभालने के लिए सुसज्जित है, जिसमें पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी) जैसे नियमित रक्त परीक्षण से लेकर सीएआर टी-सेल थेरेपी, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण और लक्षित उपचार सहित सबसे उन्नत उपचार शामिल हैं।

## विकास कौशल एचपीसीएल के चेयरमैन नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने निजी क्षेत्र के सलाहकार श्री विकास कौशल को पांच साल के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम. कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। श्री विकास



कौशल ने इससे पहले प्रबंधन परामर्शदाता केर्नी में ऊर्जा और प्रक्रिया उद्योगों के लिए वैधिक गए के रूप में काम किया है। इन्होंने केर्नी इंडिया के प्रबंध निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में भी काम किया है।

## अमिताभ मुखर्जी ने एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला

**हैदराबाद।** अमिताभ मुखर्जी ने एनएमडीसी के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1996 बैच के अनुभवी अधिकारी श्री मुखर्जी ने भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुँचने से पहले भारत सरकार में विभिन्न पदों पर सेवाएं दी हैं। अपने दूरदर्शी नेतृत्व के साथ, श्री मुखर्जी मार्च 2023 से सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) और नवंबर 2018 से निदेशक (वित्त) के रूप में एनएमडीसी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वे एनएमडीसी स्टील लिमिटेड तथा लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व



में, एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2024 में 45 मिलियन टन उत्पादन को पार करने वाली भारत की पहली लौह अयस्क खनन कंपनी बनकर ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। उन्होंने एनएमडीसी को कंपनी के इतिहास में अब तक के सबसे अधिक टर्नओवर और नेटवर्थ तक पहुंचाया है। अत्याधुनिक डिजिटल और तकनीकी इंफ्रास्ट्रकचर को अपनाया और देश की एकमात्र मशीनीकृत हीरा खदान में प्रचालन फिर से प्रारंभ किया। श्री मुखर्जी ने एनएमडीसी स्टील प्लांट के चालू होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो अब बस्तर का गौरव बन चुका है। उनके नेतृत्व में कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया में स्वर्ण खनन में प्रगति की है और ग्लोबल खनन महाशक्ति बनने की दिशा में कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ चुकी है। श्री मुखर्जी ने प्रमुख निवेश रणनीतियों को क्रियान्वित करने, वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने तथा एनएमडीसी को जिम्मेदार खनन के भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**कांग्रेस नेता ने अपनों को सुनाया**

## राहुल ने कहा- आधे नेता भाजपा के साथ मिले

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। यहां उनका गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा है। उन्होंने अपनी ही पार्टी को निशाने पर लिया है। राहुल ने यहां तक कह दिया है कि 10 से 40 लोगों को निकालना पड़ेगा तो निकाल दो। उन्होंने यह भी कहा कि आधे लोग तो भाजपा से मिले हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं गुजरात के युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और अपनी बहनों के लिए आया हूं। मैंने खुद से पूछा कि मेरी और कांग्रेस पार्टी की क्या जिम्मेदारी है? पिछले 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं। जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनाएगी।



### दो गुटों में बंट चुकी है कांग्रेस

राहुल गांधी ने कहा कि इस समय कांग्रेस दो गुटों में बंट चुकी है। एक गुट पार्टी के साथ खड़ा है, उसमें कांग्रेस की विचारधारा है, लेकिन जो दूसरा गुट है वो जनता से दूर है, वहां भी आधे लोग तो भाजपा से मिले हुए हैं। जब तक इन लोगों को अलग नहीं कर देते, गुजरात की जनता विश्वास नहीं करेगी।

### कांग्रेस का गुजरात में प्रदर्शन

वैसे राहुल गांधी का ऐसा इसलिए बोलना पड़ा है क्योंकि पिछले कई विधानसभ चुनावों में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले चुनाव की बात करें तो भाजपा ने 156 सीटें जीतकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, वही कांग्रेस ने सबसे खराब करते हुए मात्र 17 सीटें जीती थीं। इसके ऊपर कई नेताओं का पार्टी छोड़ देना भी कांग्रेस को राज्य में कमजोर कर गया है। ऐसे में अब राहुल गांधी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि गुजरात कांग्रेस को फिर एकजुट किया जाए। वैसे अगर गुजरात में राहुल गरजे हैं, तो पीएम मोदी ने भी नवसारी में महिला शक्ति को सम्मानित किया है।

पड़ोसी प्रदेश में निजी उत्पादक कर रहे हैं 13 हजार मेगावाट से ज्यादा का उत्पादन

# निजी क्षेत्र में बिजली उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन, महाराष्ट्र-गुजरात भी छग से पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन के मामले में देश में नंबर वन है। हालांकि यह उत्पादन निजी कंपनियां कर रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता तीन हजार मेगावाट के आस-पास है, लेकिन निजी क्षेत्र में थर्मल संयंत्रों से छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा 13 हजार मेगावाट से भी ज्यादा बिजली पैदा होती है। अडानी ग्रुप भी अब करीब पांच हजार मेगावाट बिजली पैदा करने की तैयारी में है। उत्पादन क्षमता के आधार पर छत्तीसगढ़ निजी क्षेत्र में बिजली उत्पादन के मामले में देश में नंबर वन है। महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में भी निजी क्षेत्र में अपने राज्य से कम बिजली पैदा होती है।

खास खबर

छत्तीसगढ़ को देश में बिजली के मामले में अव्वल माना जाता है। यहां पर बिजली की कटौती बहुत कम होती है। उपभोक्ताओं को लगातार बिजली मिलती है। यहां पर उपभोक्ताओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इस समय प्रदेश में 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। यहां पर उद्योगों को भी लगातार बिजली मिलती है। बहुत कम मौकों पर उद्योगों की बिजली कट होती है।

### छत्तीसगढ़ में 65 लाख से अधिक उपभोक्ता, प्रदेशभर में लगातार मिल रही बिना कटौती की बिजली




आंकड़े मेगावाट में

### निजी क्षेत्र में और संभावना

*प्रदेश में इस समय भाजपा की सरकार है। इसके पहले भी प्रदेश में भाजपा सरकार के समय निजी उत्पादकों से यहां पर बिजली उत्पादन के लिए कई एमओयू हुए थे। अब भाजपा सरकार में एक बार फिर से निजी उत्पादकों के प्रदेश में बिजली संयंत्र लगाने की संभावना बढ़ गई है। अडानी ग्रुप के आने के बाद अब और कई ग्रुप यहां पर अपने संयंत्र लगा सकते हैं।*

### पॉवर कंपनी की क्षमता कम

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। वैसे बिजली की खपत प्रदेश में अब छह हजार मेगावाट से ज्यादा है। बिजली की पूर्ति करने के लिए पॉवर कंपनी सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेती है। इसी के साथ प्रदेश के निजी उत्पादक जो बिजली पैदा करते हैं, उसमें से पांच फीसदी बिजली लागत मूल्य पर भी देने का प्रावधान है। पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। करीब 14 हजार मेगावाट की नई योजनाओं पर काम चल रहा है। कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्रों लगने हैं। इस पर इसी साल से काम प्रारंभ हो जाएगा।

### छग में 24 हजार मेगावाट का उत्पादन

छत्तीसगढ़ थर्मल संयंत्रों से देश के कुल बिजली उत्पादन के मामले में दूसरा बड़ा राज्य है। यहां राज्य, निजी एवं सेंट्रल सेक्टर से कुल करीब 24 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इसमें राज्य सरकार के विद्युत संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है। सेंट्रल सेक्टर के संयंत्रों से 7680 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। जबकि निजी सेक्टर की बिजली उत्पादन क्षमता 13168 मेगावाट है।

### 16 सौ मेगावाट के तीन संयंत्र अडानी के

निजी क्षेत्र में अब अडानी ग्रुप भी करीब पांच हजार मेगावाट के प्लांट तैयार करने में लगा है। खरोरा, कोरबा और रायगढ़ में अडानी ग्रुप के प्लांट हैं। इनमें 16-16 सौ मेगावाट के प्लांट लगाए जा रहे हैं। इससे 48 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। खरोरा में पहले जो जीएमआर का प्लांट था, उसका अडानी ग्रुप ले लिया है।

## एफपीआई ने मार्च में अब तक निकाले 24,753 करोड़

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 24,753 करोड़ रुपये (2.8 अरब डॉलर) निकाले हैं। कंपनियों की कमजोर आय और वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव बढ़ने के बीच एफपीआई लगातार शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 में अबतक एफपीआई कुल 1.37 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने सात मार्च तक 24,753 करोड़ रुपये के शेयर बेचे है। यह उनकी शुद्ध निकासी का लगातार 13वां सप्ताह है। 13 दिसंबर, 2024 से एफपीआई 17.1 अरब अमेरिकी डॉलर के शेयर बेच चुके हैं। विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर बिक्री मुख्य रूप से वैश्विक और घरेलू कारकों के संयोजन के कारण है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका द्वारा मेक्सिको, कनाडा और चीन जैसे देशों पर ऊंचा शुल्क लगाए जाने तथा भारत सहित कई देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा से बाजार धारणा प्रभावित हुई है। उन्होंने श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर नतीजों ने नकारात्मक धारणा को और बढ़ा दिया है। इससे एफपीआई भारतीय शेयरों को लेकर सावधानी बरत रहे हैं।

## पिकअप पलटी, दो की मौत, 30 घायल

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के कवर्धा थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। 30 से अधिक लोग घायल हो गए जिनमें कई हालत गंभीर बताई जा रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को जिले सिंघनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी से करीब 50 की संख्या में महिला, पुरुष, युवा तथा बच्चे एक पिकअप वाहन में सवार होकर चौथिया लेने सहसपुर लोहारा जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्रामीणों से खचाखच भरी पिकअप वाहन, चालक की लापरवाही तथा तेज रफ्तार के चलते पलानीपाट नामक स्थान में अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर चींख पुकार मच गई।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

थनौद की दो नाबालिग मिलीं बिहार से अंजोरा पुलिस टीम लाने पहुंची बिहार

बेमेतरा के मारो में पहुंची टीम हरिभूमि, घर में ताला बंद, परिजन हुए गायब

रायपुर जिले की दो किशोरी बिलासपुर और भिलाई की भी नाबालिग पकड़ी गईं

**बिहार में पकड़ी गई 41 नाबालिग छत्तीसगढ़ के 14 जिलों की**

## किसी ने कहा आर्केस्ट्रा में डांस करने भेजी
# कोई बोला मजबूरी थी, क्या करते

भिलाई से जे.एम. तांडी/बेमेतरा से अमीन पप्पू
रवानी/जांजगीर-चांपा की रिपोर्ट

हरिभूमि को जो लिस्ट मिली उसके आधार पर उनके गांव तलाश किए। बेमेतरा के मारो, भिलाई के थनौद और जांजगीर में उन नाबालिगों के गांव तलाश किए जहां से वे गईं या ले जाई गईं। सभी जगह एक बात सामान्य थी, उनकी मजबूरी। थनौद की एक नाबालिग के पिता की मौत हो चुकी है। पूरा परिवार कबाड़ी का काम करता है। काम की तलाश में नाबालिगों को भेज दिया गया।

हरिभूमि खास

रोहतास पुलिस के अनुसार 41 लड़कियां छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों की रहने वाली हैं। इन्हें शादी समारोह में नाचने के लिए लाया गया था। एसपी रोशन कुमार का कहना है कि लड़कियों की उम्र का सत्यापन कराया जा रहा है। वे सभी आर्केस्ट्रा में नाचने का काम कर रही थीं। हरिभूमि की टीम ग्राम थनौद पहुंची।



### दीदी-जीजा के यहां बच्चा संभालने गई थी

पुष्पांजली (बदला नाम) के परिजनों ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के बाद बिहार में रहने वाले उसके दीदी जीजा के घर गई हुई थी। उसकी दीदी पहले बिहार में आर्केस्ट्रा में जाया करती थी। वहां लड़का पसंद आ गया और वहीं शादी कर ली। दीदी जीजा के बच्चे का जन्म के बाद उसे संभालने पुष्पांजलि वहां गई थी। पुष्पांजलि बिहार जाने के बाद परिवार से मोबाइल पर संपर्क पर रहती थी लेकिन जब से यह खबर मिली है उसके बाद से ज्यादा बात नहीं हो पाई है। पुष्पांजली के जीजा से हरिभूमि ने बातचीत करने पर उसने बताया कि वो काम पर गया था कुछ सामान लेने के लिए दुकान गई थी। जहां बिहार के रोहतास जिले के नटवार थाना क्षेत्र की पुलिस ने साली को लेकर गई। उसके साथ एक युवती और पकड़ाई है।

### मारो में हरिभूमि से ग्रामीणों ने कहा-बिहार आना-जाना लगा रहता है

बेमेतरा जिले के मारो नगर पंचायत क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की की बरामदगी बिहार में की गई है। हरिभूमि टीम मारो में बालिका के घर पहुंची, पता चला कि उसके माता-पिता बिहार बालिका को लाने गए हुए हैं। मारो थाना के प्रभारी एसआई जितेंद्र कश्यप ने करते हुए बताया कि लड़की के माता पिता को वहां की पुलिस ने जांच और जानकारी लेने बुलाया है। यहां भी उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में तहकीकात की जा रही है। आसपास के लोगों ने कहा कि परिवार के लोग बिहार आते जाते रहते हैं। उन्हें यह बताया गया है कि वे कलाकारी करने और नाचने जाते हैं। बालिका उसी के लिए गई होंगी। हालांकि गांव में कई तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं। ग्रामीण कुछ भी करने से बचते नजर आए। तफ्तीश में पाया कि जिस परिवार की किशोरियां बिहार गईं उनकी आर्थिक हालात ठीक नहीं थी। पूरा परिवार रोजी रोटी के लिए बाहर जाता रहा है।

## कॉलेज से घर जा रही बी कॉम की छात्रा का दिन दहाड़े अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शहर में अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे है और पुलिस का खौफ ही इन अपराधियों से खत्म हो गया है। यही वजह है कि अपराधी दिन दहाड़े अपहरण जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है। शनिवार को भी कॉलेज से निकलकर घर जा रही बी कॉम की छात्रा का अपहरण कर लिया गया है। गौरव पथ से अपहरण की इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मणिपुर थाना की पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। फिलहाल पुलिस को अपराधियों के सम्बन्ध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।बताया जा रहा है कि बौरीपारा में रहने वाली युवती शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। छात्रा प्रतिदिन की तरह कॉलेज समाप्त होने के बाद शाम को 5.30 बजे घर जाने के लिए निकली थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान कॉलेज के बाहर गौरवपथ पर कुछ अज्ञात युवकों ने छात्रा का अपहरण कर लिया। छात्रा के अपहरण की शिकायत परिजन ने पुलिस को दी।

■ गौरव पथ पर युवकों ने घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5802



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5801 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5812

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5811 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |



# दो पार्ट में रिलीज होगी नानी की 'द पैराडाइज

**मुंबई।** साउथ अभिनेता नानी इन दिनों अपनी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। माना जा रहा है कि यह फिल्म नानी की अब तक की सबसे बड़ी और महंगी फिल्म होगी। फिल्म को लेकर अब एक ताजा जानकारी सामने आई है कि 'द पैराडाइज' दो भागों में रिलीज की जाएगी, जिसे सुनने के बाद नानी के प्रशंसक 'द पैराडाइज' को लेकर बेहद खुश और उत्साहित हैं। 'द पैराडाइज' को श्रीकांत ओडेला निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म की पहली झलक ने ही प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता पैदा कर दी है। फिल्म के पोस्ट में नानी का लुक अभी तक की उनकी सभी फिल्मों से बिल्कुल अलग नजर आया।

लाइफ Style

# सामंथा

## सभी कलाकारों को दिया जाएगा समान वेतन

अभिनेत्री से निर्माता बनीं सामंथा रुथ प्रभु ने अपने प्रोडक्शन हाउस में सभी कलाकारों को लेकर एक ऐसा फैसला किया है, जिसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। इन दिनों अभिनेता-अभिनेत्रियों के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर बनने का सिलसिला लगातार जारी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले कुछ वक्त में कई कलाकारों ने अपने प्रोडक्शन हाउस खोले हैं। इन्हीं में से एक हैं साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु, जिन्होंने 2023 में ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स के नाम से अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया था। इसके बारे में अभिनेत्री का कहना था कि यह नए दौर के विचारों और अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करने वाली फिल्मों का निर्माण करेगा। अब तेलुगु फिल्म निर्देशक और लेखिका नंदिनी रेड्डी तीसरी बार सामंथा के साथ काम करने जा रही हैं। इस दौरान निर्देशक ने सामंथा के एक साहसिक फैसले के बारे में भी खुलासा किया। बेंगलुरू अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में महिलाओं पर एक पैनल चर्चा के दौरान निर्देशक नंदिनी रेड्डी ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि हां, मैं अपनी अगली फिल्म में सामंथा के साथ काम कर रही हूं। चर्चा के दौरान नंदिनी ने सिनेमा में लैंगिक आधार पर वेतन में अंतर पर बात करते हुए सामंथा द्वारा उठाए गए एक साहसिक कदम के बारे बताया कि सामंथा ने यह तय किया है कि उनके प्रोडक्शन हाउस ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स के तहत उनके पहले प्रोडक्शन 'बंगाराम' में काम करने वाले सभी लोगों को समान वेतन मिले। सामंथा 'बंगाराम' में भी मुख्य भूमिका भी निभा रही हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# मार्टिन के साथ की गाने की रिहर्सल

**मुंबई।** बॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर अरिजीत सिंह की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनके गाने रिलीज होते ही फैंस के बीच वायरल हो जाते हैं और उनकी सादगी के तो सभी वैसे ही कायल हैं। अरिजीत एक बार फिर चर्चा में हैं। उनकी वर्ल्ड फेमस डीजे मार्टिन गैरिक्स के साथ एक फोटो वायरल हुई है। ये तस्वीर देखकर फैंस का दिल जोरों से धड़क उठा है, क्योंकि सभी अनुमान लगा रहे हैं कि वे साथ में काम करने वाले हैं। इसका बीटीएस वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो गाने के लिए रिकॉर्डिंग और रिहर्सल कर रहे हैं।




# 21 मार्च को रिलीज होगी 'स्नो व्हाइट'

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी की अपकमिंग फिल्म 'स्नो व्हाइट' 21 मार्च को अंग्रेजी, हिंदी में रिलीज होगी। 'स्नो व्हाइट'की कहानी को पश्चिमी देशों के दर्शक जितना पसंद करते हैं, उतना ही पसंद इसे भारत में भी किया जाता है। इस कहानी पर बनी फिल्मों को भारतीय दर्शक भी चाव देखते हैं। फिल्म 'स्नो व्हाइट' एक लोककथा है जिस पर वर्षों से एनिमेटेड कॉर्टून, फिल्में बनती रही हैं। इसमें स्नो व्हाइट के रोल में रेचल जेलगर हैं। वहीं ,गैल गैडोट एक बुरी रानी का रोल कर रही हैं। हाल ही में इस फिल्म की कुछ झलकियां डिज्नी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की। फिल्म 'स्नो व्हाइट' की कहानी की बात की जाए तो इसमें अधिक बदलाव नहीं है। बस ट्रीटमेंट थोड़ा सा बदला गया है। फिल्म की कहानी में स्नो व्हाइट की सौतेली मां है, जो दुनिया की सबसे सुंदर औरत बने रहना चाहती है।



# 'कोई लड़का है' गाने पर बेहतरीन डांस...

**मुंबई।** शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित ने 'दिल तो पागल है' फिल्म के गाने 'कोई लड़का है' पर बेहतरीन डांस किया है। इससे 90 के दशक फैंस बहुत खुश हो गए हैं। इन लोगों के आईफा 2025 के स्टेज पर डांस किया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रविवार को माधुरी दीक्षित ने आईफा 2025 के स्टेज पर परफार्म किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान ने काले कपड़े पहने हैं। माधुरी दीक्षित ने काला सफेद कपड़ा पहना है। उन्होंने 'कोई लड़की है' गाने पर बेहतरीन डांस किया है। दोनों ने उसी तरह से डांस करने की कोशिश की है जैसे उन्होंने असली गाने में किया है। बैकग्राउंड में बच्चे हैं। इन लोगों ने पीले कपड़े पहने हैं। ये लोग भी शाहरुख और माधुरी का साथ दे रहे हैं। यह लोग परफॉर्मेंस को और बेहतर बना रहे हैं।



# आराध्या ने किया 'बी हैप्पी' के लिए प्रेरित...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन जल्द ही अपनी नई फिल्म 'बी हैप्पी' में नजर आने वाले हैं। अभिनेता 14 मार्च को रिलीज होने वाली इस फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। पिता-बेटी के बीच के रिश्ते को दिखाती इस फिल्म को लेकर एक्टर का कहना है कि उनकी बेटी आराध्या के साथ पिता के रूप में उनके अनुभवों ने उन्हें इस फिल्म में काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'मैंने इस प्रोजेक्ट को पिता-बेटी के रिश्ते पर इसके अनूठे फोकस के लिए चुना है। ये एक ऐसा पहलू है जिसे हिंदी सिनेमा में कम दिखाया गया है। अगर आप अपने जीवन में किसी भावना का अनुभव कर सकते हैं, तो फिल्म में वैसा किरदार निभाना बहुत आसान हो जाता है।' 'बी हैप्पी'एक परिवार में मां के चले जाने के बाद जीवन में आने वाली कठिनाइयों को दिखाती है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा फेम गौरव खन्ना ने जीता मास्टर शेफ...

**नई दिल्ली।** मास्टर शेफ के मेकर्स ने जब शो में सेलेब्रिटीज वाला तड़का लगाया तो टीआरपी का ग्राफ ऊपर जाता चला गया। फराह खान होस्टेड यह शो बीते कई हफ्तों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और अब हर कोई यह जानने को बेताब है कि फिनाले एपिसोड में किसने बाजी मारी? तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली, गौरव खन्ना और मिस्टर फैजू ने टॉप 5 में जगह बनाई है और अब इंडिया फोरम ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि गौरव खन्ना ने इस कॉम्पटिशन का फाइनल राउंड जीतकर ट्रॉफी और प्राइज मनी दोनों अपने नाम कर ली हैं। अनुपमा सीरियल में लंबे वक्त तक गौरव खन्ना ने अनुज कपाड़िया का किरदार निभाया था, जिसे काफी पसंद किया गया। गौरव की फैन फॉलोइंग का आलम यह था कि उनके शो छोड़ते ही इसकी टीआरपी का ग्राफ तेजी से नीचे आ गया था। लेकिन क्या गौरव खन्ना ने वाकई सेलेब्रिटी मास्टर शेफ का पहला सीजन जीत लिया है? इस सवाल का जवाब तो दर्शकों को एपिसोड की टेलिकास्ट के बाद ही मिलेगा। शुरू में गौरव कॉम्पटिशन में किसी तरह हाथ-पैर मारकर अपनी जगह बनाते नजर आए थे, लेकिन फिर शेफ रणवीर ब्रार की सीख पर चलते हुए उन्होंने शो में तगड़ा कमबैक किया। गौरव खन्ना ने शो में रणवीर ब्रार की सिगनेचर डिश को सबसे कमाल तरीके से कॉपी करके दिखाया था जिससे सभी शेफ उनसे इम्प्रेस हो गए थे।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में ग्लैमर का तड़का लगाने आ रही है मल्लिका शेरावत...

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हिस्सा लेने को लेकर एक बड़ा नाम सामने आ रहा है। रोहित के शो में अपने ग्लैमर का तड़का लगाने आ रही हैं बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बनने के लिए मल्लिका शेरावत को अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक मेकर्स और मल्लिका शेरावत की तरफ से इस बात की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आया है। लेकिन अगर वो शो का हिस्सा बनती हैं तो बाकी कंटेस्टेंट के पसीने जरूर छूटने वाले हैं। वहीं, दूसरी तरफ बिग बॉस 18 फेम ईशा सिंह के नाम को इस शो के लिए कंफर्म बताया जा रहा है। बीते कुछ समय से उनका नाम रोहित शेट्टी के शो से जुड़ रहा है।



# सिनेमा की दुनिया का एक सनकी निर्देशक

*के. आसिफ ने 80 के दशक में खर्च किए डेढ़ करोड़ रुपए, मधुबाला की एक हंसी पर सात दिनों तक चलाई शूटिंग*

**नई दिल्ली।** के. आसिफ ने अपने 49 साल के छोट से कॅरियर में सिर्फ दो फिल्मों का निर्देशन किया और दर्शकों की नजर में छा गए। 'मुगल-ए-आजम' फिल्म बनाने को लेकर कई किस्से हैं। जब दिलीप कुमार ने सच में मधुबाला को जड़ दिया था थप्पड़, फिर भी चलती रही फिल्म की शूटिंग। 14 जून 1922 में जन्में के आसिफ, जिनका पूरा नाम करीमुद्दीन आसिफ था। इन्होंने अपने पूरे करियर में सिर्फ दो फिल्में बनाई थी, जिसमें 'मुगल-ए-आजम' और 'फूल' शामिल है। 9 मार्च 1971 को के.आसिफ ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। निर्देशक ने 'मुगल-ए-आजम' फिल्म को बनाने में किसी भी चीज से समझौता नहीं किया था, यही कारण रहा कि फिल्म को बनाने में निर्देशक ने 14 साल का लंबा समय ले लिया था। फिल्म को लेकर के आसिफ के अंदर एक अलग ही सनक और जूनून सवार था। इतिहास में पहली बार किसी फिल्म में असली सेना का प्रयोग किया गया था, जिसका इंतजाम भारत सरकार द्वारा किया गया था। इस सीन की शूटिंग देखने खुद तत्कालीन रक्षा मंत्री आए थे। यही नहीं, असली इत्रों की खूशबू वाले तालाब के लिए किया था तीन दिन इंतजार।

***क्यों कहा जाता था के. आसिफ को सनकी डायरेक्टर :*** दिलीप कुमार और मधुबाला अभिनीत फिल्म 'मुगल-ए-आजम' साल 1980 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बनाने में उस दौर में 1.5 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इस फिल्म के निर्देशक के आसिफ को शूटिंग के दौरान सभी सीन्स में परफेक्शन चाहिए था। निर्देशक थोड़ा जिद्दी स्वभाव के थे, एकबार तो मधुबाला को एक सीन में लाचारी के भाव लाने थे, लेकिन एक्ट्रेस बार-बार हंस पड़ती थी। इस वजह से के आसिफ फिल्म की शूटिंग का पैकअप करवा देत थे और यही नहीं इस सीन की शूटिंग 7 दिनों तक चली थी। एक सीन के लिए निर्देशक ने नकली मोतियों की जगह असली मोतियों के लिए किया लंबा इंतजार।



***बिजली के खंबे के कारण कई दिनों तक रोक दी शूटिंग :*** फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में निर्देशक को एक सीन में सलीम यानी दिलीप कुमार को घर जाते दिखाना था। इस सीन के दौरान मुख्य द्वार पर बिजली का खंभा था, जिसे प्रशासन ने कई दिनों तक नहीं हटाया था। इस कारण से के आसिफ ने फिल्म की शूटिंग कई दिनों तक रोक दी थी।

# कैलेंडर हो या चंदा मामा, फैंस की यादों में आज भी जिंदा हैं सतीश कौशिक के ये 10 किरदार...

**नई दिल्ली।** दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक बॉलीवुड के उन कलाकारों में से हैं, जो अपने किरदारों के माध्यम से हर दिल अजीज हो गए। उनके किरदारों की छाप आज भी लोगों के दिलो-दिमाग में है। सतीश कौशिक ने 9 मार्च 2023 में इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इस अवसर पर हम जानेंगे उनके दस यादगार किरदारों के बारे में।

**कैलेंडर :** साल 1987 में आई फिल्म 'मिस्टर इंडिया' में सतीश कौशिक ने 'कैलेंडर' का यादगार किरदार निभाया था। उनके इस किरदार ने उन्हें लोगों के दिल में बसा दिया और वह घर-घर मशहूर हो गए।

**पप्पू पेजर :** साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'दीवाना मस्ताना' मे गोविंदा, अनिल कपूर और जूही चावला के साथ सतीश कौशिक नजर आए। इस फिल्म में उन्होंने पप्पू पेजर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके बोले गए डायलॉग काफी मजेदार थे।

**चंदा मामा :** अक्षय कुमार की 'मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी' में सतीश ने 'चंदा मामा' का किरदार निभाया था। इस फिल्म में वह ज्योतिष के किरदार में आए हैं। फिल्म में उनके कई सारे यादगार और मजेदार डायलॉग थे।



**मुत्थू स्वामी :** गोविंदा के साथ फिल्म 'साजन चले ससुराल' में सतीश गोविंदा के साथी 'मुत्थू स्वामी' के किरदार में दिखें। इस फिल्म में वह एक साउथ इंडियन सिंगर के लुक में नजर आए। उनकी कॉमेडी और लुक की बदौलत यह किरदार हमेशा के लिए लोगों के बीच फेमस हो गया।

**हैप्पी हरपाल सिंह :** बड़े पर्दे पर सतीश कौशिक और गोविंदा की जोड़ी खूब जमी है। फिल्म 'परदेसी बाबू' में सतीश एक बार फिर गोविंदा के साथ नजर आए। इस फिल्म में उन्होंने 'हैप्पी हरपाल सिंह' का किरदार निभाया है। उनके इस अतरंगी और मजेदार किरदार को भुलाया नहीं जा सकता।

***काशीराम :*** *फिल्म 'राम लखन' में भी सतीश कौशिक ने अपने अभिनय से अमिट छाप छोड़ी है। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता अनुपम खेर के साथ गजब का काम किया। फिल्म से उनका डायलॉग 'काशीराम, जय-जय राम' आज भी लोगों को याद है।*

***शराफत अली :*** *सतीश कौशिक ने फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में अमिताभ और गोविंदा के साथ अपनी जोड़ी बनाई। फिल्म में उन्होंने शराफत अली का किरदार निभाया। दोनों सुपरस्टार्स को उन्होंने कड़ी टक्कर दी। इस फिल्म का डायलॉग 'कसम उड़ान छ्ल्ले की' काफी फेमस हुआ था।*

***कुंज बिहारी लाल :*** *फिल्म 'हसीना मान जाएगी' में अभिनेता 'कुंज बिहारी लाल' के किरदार में नजर आएं। अपनी कॉमिक टाइमिंग से उन्होंने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। फिल्म में गोविंदा, संजय दत्त और कादर खान जैसे दिग्गज अभिनेता भी थे।*

***शादीलाल :*** *गोविंदा की फिल्म 'राजाजी' में सतीश कौशिक ने 'शादीलाल' की भूमिका से महफिल लूटी। कई सीन में तो वह गोविंदा के ऊपर भी भारी पड़े।*

***मनु मुंद्रा :*** *अभिनेता सतीश कौशिक ने ना सिर्फ फिल्मों में बल्कि वेब सीरीज में भी अभिनय का लोहा मनवाया है। वह 'स्कैम 1992' में 'मनु मुंद्रा' के गंभीर रोल में भी नजर आए। उनके इस किरदार को भी काफी पसंद किया गया।*

# अमर सिंह चमकीला और पंचायत का आईफा में दबदबा

*नई दिल्ली। जयपुर में आयोजित 25वें आईफा अवार्ड्स में बॉलीवुड सितारों का मेला लगा है। इस वर्ष आईफा अपनी सिल्वर जुबली भी मना रहा है। शनिवार की रात डिजिटल अवार्ड्स सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान कई विजेताओं की घोषणा की गई और उन्हें पुरस्कार दिए गए। इस समारोह में 'अमर सिंह चमकीला' और वेब सीरीज 'पंचायत'को सबसे ज्यादा पुरस्कार मिले।*

**बेस्ट फिल्म :** 'अमर सिंह चमकीला'को बेस्ट फिल्म के अवार्ड से नवाजा गया। पंजाबी गायक पर आधारित बायोपिक में दिलजीत दोसांझ ने अभिनय किया है।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (मेल) :** अभिनेता विक्रांत मैसी को नेटफ्लिक्स की फिल्म 'सेक्टर 36' के लिए बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (मेल)का पुरस्कार मिला ।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (फीमेल) :** कृति सेनन को नेटफ्लिक्स की मिस्ट्री थ्रिलर 'दो पत्ती' के लिए बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (फीमेल) का अवॉर्ड मिला।

**बेस्ट डायरेक्टर :** 'अमर सिंह चमकीला'के लिए ही इसके निर्देशक इम्तियाज अली को बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार मिला।

**बेस्ट स्टोरी (ओरिजिनल) :** कनिका ढिल्लन ने 'दो पत्ती'के लिए सर्वश्रेष्ठ कहानी (ओरिजिनल) का पुरस्कार जीता।

**बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल) :** सेक्टर 36' के लिए ही विक्रांत मैसी के को-स्टार दीपक डोबरियाल ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल)का अवॉर्ड अपने नाम किया।

**बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (फीमेल) :** बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (फीमेल) का अवॉर्ड अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका को 'बर्लिन' में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया।

## वेब सीरीज सेगमेंट में किसे क्या मिला

**बेस्ट सीरीज अवार्ड :** वेब सीरीज सेगमेंट में 'पंचायत 3' को बेस्ट सीरीज का अवार्ड मिला।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (मेल) :** अभिनेता जितेंद्र कुमार ने बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (मेल) का पुरस्कार अपने नाम कर लिया।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (फीमेल) :** 'बंदिश बैंडिट्स' के सीजन 2 के लिए अभिनेत्री 'श्रेया चौधरी' को बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (फीमेल) के लिए पुरस्कार मिला।

**बेस्ट डायरेक्टर :** 'पंचायत 3' के लिए ही दीपक कुमार मिश्रा ने बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार झटका है।

**बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल) :** 'पंचायत' में प्रहलाद चा की भूमिका निभाने वाले फैसल मलिक को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल)कैटेगरी में सम्मानित किया गया है।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन सपोर्टिंग रोल (फीमेल) :** अभिनेत्री संजीदा शेख को संजय लीला भंसाली की पहली ओटीटी सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में उनके प्रदर्शन के लिए बेस्ट परफॉर्मेंस इन सपोर्टिंग रोल (फीमेल) से सम्मानित किया गया।



**बेस्ट स्टोरी (ओरिजिनल) :** सीरीज सेगमेंट में बेस्ट स्टोरी (ओरिजिनल) का पुरस्कार 'कोटा फैक्टरी' सीजन 3' को मिला।

**बेस्ट रियलीटी शो :** बेस्ट रियलीटी शो का पुरस्कार 'फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स' को मिला है।

**बेस्ट डॉक्यूसीरीज :** बेस्ट डॉक्यूसीरीज का अवॉर्ड 'यो यो हनी सिंह: फेमस' ने हासिल किया है।

**बेस्ट टाइटल ट्रैक :** बेस्ट टाइटल ट्रैक का अवॉर्ड संगीतकार अनुराग सैकिया को 'मिसमैच्ड' के 'इश्क है' के लिए मिला।

## खबर संक्षेप



### गुजरात जाइंट्स से भिड़ेंगे इंडियंस, शीर्ष पर नजर

**मुंबई।** लीग चरण में अब जब सिर्फ दो मैच बचे हैं तब मुंबई इंडियन्स की नजरें सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी होंगी। यूपी वारियर्स ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को 12 रन से हराकर इस गत चैंपियन टीम को प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर किया। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियन्स और गुजरात जाइंट्स का प्ले ऑफ में जगह बनाना तय हो गया। हालांकि अब भी अंक तालिका में टीमों का स्थान तय नहीं है।

### गुजरात के सहयोगी स्टाफ से जुड़े वेड



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को टीम को सहायक कोच नियुक्त किया है। वेड 2022 और 2024 में खिलाड़ी के रूप में दो सत्र के लिए टाइटंस के साथ थे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल की बड़ी नीलामी का हिस्सा नहीं बने। गुजरात टाइटंस ने 'एक्स' पर लिखा, 'चैंपियन। फाइटर। अब हमारे सहायक कोच! जीटी के डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड।'
वेड ने आईपीएल में कुल 15 मैच खेले जिसमें से 12 में उन्होंने टाइटंस का प्रतिनिधित्व किया।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत उतारेगा 145 खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** भारत 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 में 145 प्रतियोगियों को मैदान में उतारेगा। अन्य 19 देशों के 105 पैरा एथलीट इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। सऊदी अरब, जर्मनी, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, फिलीपींस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, नेपाल, भूटान और श्रीलंका सहित कई अंतरराष्ट्रीय टीमें पहले ही पहुंच चुकी हैं और उन्होंने अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी है और जल्द ही और देशों के शामिल होने की उम्मीद है।

### भारतीय सेना ने पहले दिन जीते सात पदक



**गुलमर्ग।** गत चैंपियन भारतीय सेना ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज करते हुए रविवार को दो स्वर्ण समेत सात पदक जीत लिए। भारतीय सेना ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते। हिमाचल प्रदेश ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य अपने नाम किया। मेजबान जम्मू कश्मीर ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के पहले दिन सेना ने नोर्डिक स्कीइंग पुरुषों के दस किलोमीटर वर्ग में तीनों पदक जीते। सन्नी सिंह ने स्वर्ण, मनजीत ने रजत और राज डिन ने कांस्य जीता। महिलाओं की नोर्डिक स्कीइंग पांच किलोमीटर वर्ग में कर्नाटक की भवानी टी ने स्वर्ण जीता। आईटीबीपी की सेलमा सोरेंग को रजत और कुसुम राणा को कांस्य पदक मिला। स्की पर्वतारोहण पुरुषों के स्प्रिंट वर्ग में सेना के राजेश्वर सिंह ने स्वर्ण, महाराष्ट्र के सिद्धार्थ गाडेकर ने रजत और उत्तराखंड के मयंक डिमरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।







## चैंपियंस ट्रॉफी

# रोहित ब्रिगेड की शानदार जीत





**रोहित ने धांसू पारी खेलते हुए 76 रन अपनी जीत में जोडे, अय्यर, अक्षर, हार्दिक और जेडेजा के प्रयासों ने इस मुकाबले में भारत को विजयी बनाये रखा।**

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 252 रन का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में टीम इंडिया ने ओवर में रन बनाकर मैच को हासिल कर लिया।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया। मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड की टीम ने 50 ओवर में 252 रनों का लक्ष्य दिया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ताबड़तोड़ शुरुआत की। रोहित शतक के करीब पहुंचकर आउट हुए।

### वनडे में बनाए 14180 रन

कोहली के वनडे करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक 58.11 के औसत से 14180 रन बनाए हैं जिसमें 51 शतक शामिल हैं। कोहली के अलावा इस प्रारूप में दुनिया के किसी भी बल्लेबाज ने 50 शतक नहीं लगाए हैं।




### कोहली टूर्नामेंट के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर

कोहली इस चैंपियंस ट्रॉफी में लय में नजर आ रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन, पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100, न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में 84 रनों की पारियां खेली हैं। कोहली इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में फिलहाल न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र आगे चल रहे हैं जिन्होंने चार मैचों में 263 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली 217 रन बनाकर फिलहाल चौथे स्थान पर मौजूद हैं।

### सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच

| बल्लेबाज | मैच |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 664 |
| विराट कोहली | 550* |
| महेंद्र सिंह धोनी | 538 |
| राहुल द्रविड़ | 509 |
| रोहित शर्मा | 499* |

### रोहित-कोहली ने खेला रिकॉर्ड 9वां फाइनल

कोहली के नाम इसके साथ ही सबसे ज्यादा आईसीसी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेलने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। कोहली के अलावा रोहित भी आईसीसी टूर्नामेंट का सबसे ज्यादा फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली और रोहित का यह नौवां आईसीसी टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला है। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने करियर में वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले खेले हैं। रोहित और कोहली के अलावा युवराज और जडेजा ने अपने करियर में आठ-आठ आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेले हैं। वहीं, श्रीलंका के कुमार संगाकारा और माहेला जयवर्धने ने सात-सात बार आईसीसी के खिताबी मैच में हिस्सा लिया है।

**क्वार्टर फाइनल मैच में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया**

# झारखंड, महाराष्ट्र, मिजोरम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| पंचकुला

झारखंड, महाराष्ट्र और मिजोरम ने रविवार को अपने अपने मैच जीतकर हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिन के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में झारखंड ने डिवीजन ए मैच में मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया।



झारखंड के लिए कप्तान अलबेला रानी टोप्पो (चौथे मिनट), रजनी केरकेट्टा (41वें) और प्रमोदनी लाकड़ा (59वें) ने गोल दागे जबकि मध्य प्रदेश के लिए एकमात्र गोल करिश्मा यादव (55वें) ने किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 5-0 से हरा दिया जिसमें आकांक्षा सिंह (41वें और 54वें) ने दो गोल किए। प्रियंका वानखेड़े (30वें), काजल सदाशिव अटपडकर (44वें) और योगिता बोरा (59वें) ने भी एक-एक गोल किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में मिजोरम ने करीबी मुकाबले में बंगाल को 1-0 से हराया। दीपिका ने 50वें मिनट में गोल किया।

# एचेमपोंग की हैट्रिक, ईस्ट बंगाल ने ओडिशा को 3-1 से दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

**भुवनेश्वर।** घाना की स्ट्राइकर एल्शादाई एचेमपोंग की हैट्रिक की बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने रविवार को इंडियन वुमैन्स लीग में ओडिशा एफसी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इस समय तालिका में शीर्ष पर चल रही कोलकाता की टीम के अब सात मैच में 18 अंक हो गए हैं। ओडिशा एफसी सात मैच में 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। ईस्ट बंगाल की एल्शादाई ने हैट्रिक बनाकर ओडिशा एफसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

एल्शादाई ने अभी तक इस आईडब्ल्यूएल में छह गोल कर लिए हैं। घाना की एक अन्य खिलाड़ी जेनिफर कंकम येबोआ ने 74वें मिनट में ओडिशा एफसी के लिए गोल करके हार का अंतर कम किया। दिन के एक अन्य मैच में गोकुलम केरला एफसी ने नीता फुटबॉल अकदामी पर 2-0 की जीत से तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। इस जीत से गोकुलम केरला के सात मैच में 17 अंक हो गए हैं जिससे वह ईस्ट बंगाल से महज एक अंक पीछे है।चौथा आईडब्ल्यूएल खिताब हासिल करने की कोशिश में जुटी गोकुलम केरला के लिए शुभांगी सिंह (दूसरे मिनट) और शिल्की देवी (90+2वें मिनट) ने गोल किए।

# रियल कश्मीर ने आइजोल को 2-1 से दी मात

**श्रीनगर।** रियल कश्मीर एफसी रविवार को यहां आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में आइजोल एफसी पर 2-1 की जीत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। रियल कश्मीर की घरेलू मैदान पर यह लगातार पांचवीं जीत है और पिछले पांच मैच में चौथी जीत है।

## लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट

# पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन में बनाई 4-1 की बढ़त



एजेंसी ▶▶| पेरिस

स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे ऑसमेन डेम्बेले के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट में रेनेस को 4-1 से हराकर लीग में अपना अजेय अभियान जारी रखा।

डेम्बेले ने अपने दोनों गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पहले और चौथे मिनट में दागे। ब्रेडले बार्सोला (27वें मिनट) और गोंजेलो रामोस (50वें मिनट) ने भी टीम की ओर से एक-एक गोल किया। रेनेस की ओर से एकमात्र गोल लिलियन ब्रेसियर ने 53वें मिनट में किया। लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय पीएसजी के इस जीत से 25 मैच में 65 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सिले पर 16 अंक की बढ़त बना ली है। शनिवार को लेन्स के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलने वाले मार्सिले के 25 मैच में 49 अंक हैं।



### केन विलियमसन चोटिल, फील्डिंग करने नहीं उतरे

**दुबई।** न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन की जांघ की मांसपेशियों में बल्लेबाजी के दौरान खिंचाव आ गया और वह भारत के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में क्षेत्ररक्षण नहीं कर सकेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक मीडिया विज्ञप्ति के दौरान यह जानकारी दी। मार्क चैपमैन उनकी जगह फील्डिंग करने उतरे। विलियमसन 11 रन बनाकर कुलदीप यादव को रिटर्न कैच देकर आउट हुए। अभी यह पता नहीं चला है कि वह कितने समय तक बाहर रहेंगे।

### इशप्रीत और आडवाणी के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**मुंबई।** इशप्रीत सिंह चड्ढा और एशियाई चैंपियन पंकज आडवाणी यहां 13.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले अखिल भारतीय सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगे। यह दोनों खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में पीएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आडवाणी यहां जीत हासिल करके खिताब की हैट्रिक पूरी करना चाहेंगे। आडवाणी ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में रेलवे के फैसल खान को 6−1 (88-8, 70-49, 74-42, 63-14, 31-71, 74-0, 71-22) से जबकि चड्ढा ने रेलवे के ही कमल चावला को 6-3 (68-75, 87-46, 64-58, 67-8, 64-57, 41-82, 78-19, 33-72, 54-40) से हराया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:**एन-49-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत: **(1)** स्टाफ क्वार्टरों में शौचालय, रसोईघर, मार्ग, प्लिंथ सुरक्षा में सुधार, जीर्ण-शीर्ण दरवाजे और खिड़कियों तथा एसी शीट छत आदि का प्रतिस्थापन। **(2)** विभिन्न कॉलोनियों की कॉलोनी सड़कों व जल निकासी प्रणाली तथा क्लोरीनेशन पंप में सुधार। **अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 4,27,73,864/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 3,63,900/-

**2. निविदा क्र.:**एन-50-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** **(1)** नागपुर मंडल में क्रू लॉबी, नैनपुर और रनिंग रूम, नैनपुर का विस्तार और नवीनीकरण। **(2)** नागपुर मंडल के जबलपुर में क्रू लॉबी JESG और रनिंग रूम JESG का विस्तार और नवीनीकरण। **अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 1,06,08,396/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 2,03,100/-

**3. निविदा क्र.:**एन-51-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत: **(1) लोको कॉलोनी**, छिंदवाड़ा में 2,25,000 लीटर क्षमता के RCC ओवर-हेड टैंक का प्रावधान। **(2) ट्रैफिक कॉलोनी**, छिंदवाड़ा में 2,25,000 लीटर क्षमता के RCC ओवरहेड टैंक का प्रावधान। **अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 2,17,38,095/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 2,58,700/-

**4. निविदा क्र.:**एन-52-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** मंडल अभियंता, उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 52 Kg./60 Kg. 90 UTS/60 E1 R260 ग्रेड रेल के लिए रेल जोड़ों की वेल्डिंग के लिए एटी वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति और पर्यवेक्षण। **अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 77,95,112/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 1,55,900/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दि. **27.03.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (उत्तर), द.पू.म. रेलवे, नागपुर**

ML/34-230

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 26/ व0ले0लि0/2024–25 **निविदा आमंत्रण–सूचना** बालाघाट, दिनांक 04.03.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं क्र. | टेण्डर क्र0 | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_406825 | बालाघाट | बिरवा हवाई पट्टी में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 424.56 | 424560.00 | 15000.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | | कुल योग | 424.56 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25/03/2025 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

G-24042/24 **कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट**

**कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.) 481661**
**ई-मेल: fdknp.mdl@mp.gov.in, दूरभाष: 07642-250760**

क्रमांक/का.टा.रि./वाहन/915 **निविदा विज्ञप्ति** मण्डला, दिनांक 07/03/2025

कान्हा टाईगर रिजर्व मण्डला के अंतर्गत शासकीय वाहनों में उपयोग किये गये पुराने, अनुपयोगी एवं कटे-फटे टायर / ट्यूब "जहां है जिस स्थिति में है" के आधार पर विक्रय हेतु मुहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | पुराने एवं अनुपयोगी टायर/ट्यूब की साईज/प्रकार | संख्या | धरोहर राशि | स्थान जहां सामग्री उपलब्ध है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 235/75 R 15 | 69 | 1000.00 | कार्यालय वनपरिक्षेत्र अधिकारी, खटिया (ईकोसेन्टर खटिया) ग्राम खटिया नारंगी, तह. बिछिया, जिला मण्डला (म. प्र.) |
| 2 | 215/75 R 15 | 06 | | |
| 3 | 185/85 R 16 | 04 | | |
| 4 | F78/15R15HT85 | 06 | | |
| 5 | 6-16 | 05 | | |
| 6 | 6.00-16 | 02 | | |
| 7 | 7.50-16 | 07 | | |
| 8 | 7.00R15LT | 05 | | |
| 9 | 7.15/16LTFM | 01 | | |
| 10 | 9.00-20 | 04 | | |
| 11 | 10.00-20 | 02 | | |
| 12 | Big Siz | 04 | | |
| | | 115 Nos | | |

**निविदा की शर्ते:** (1) पुराने, अनुपयोगी एवं कटे-फटे टायर / ट्यूब की मुहरबंद निविदा दिनांक **20.03.2025** (गुरूवार) को सांय **04.00** बजे आयोजित की जावेगी। (2) निर्धारित निविदा फार्म रु.100/- का पोस्टल ऑर्डर जो "उप संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला के नाम से देय होगा। निविदा हेतु निविदा फार्म दिनांक **10.03.2025** से कार्यालयीन समय में दिनांक **20.03.2025** (गुरूवार) को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा केवल निर्धारित निविदा प्रपत्र में ही स्वीकार की जाएगी। निविदाकर्ता अपनी सीलबंद निविदा दिनांक 20.03.2025 को अपरांह 02.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त समस्त निविदाएं उसी दिन सायंकाल 04.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष / प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। (3) निविदा प्रपत्र विक्रय एवं प्राप्ति स्थल - **कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला** में कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता। (4) पुराने, अनुपयोगी एवं कटे-फटे टायर / ट्यूब हेतु धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैक के डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) के रुप में, **उप संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला** के नाम से देय होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के साथ कान्हा टाईगर रिजर्व मण्डला में दिनांक **20/03/2025** समय दोपहर **02.00** तक जमा करना होगा। निर्धारित समय के पश्चात धरोहर निविदा राशि मान्य नहीं की जावेगी। (5) मुहरबंद निविदा में स्वीकृति योग्य दरें प्राप्त न होने की स्थिति में मुहरबंद निविदा दिनांक **24-03-2025** (सोमवार) को सायं **04.00** बजे आयोजित की जावेगी। पुराने, अनुपयोगी एवं कटे-फटे टायर / ट्यूब हेतु धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैक के डिमाण्ड ड्राफ्ट के रुप में, **उप संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला** के नाम से देय होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र सहित कान्हा टाईगर रिजर्व मण्डला में समय दोपहर **02.00** तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के पश्चात धरोहर राशि निविदा मान्य नहीं की जावेगी। प्राप्त समस्त निविदाए उसी दिन सायंकाल **04.00** बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष / प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। द्वितीय निविदा का फार्म दिनांक **21.03.2025** से **24.03.2025** समय 12 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। (6) पुराने, अनुपयोगी एवं कटे-फटे टायर / ट्यूब का निरीक्षण एवं शेष अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस / समय पर दर्शाए गये स्थान पर ली जा सकती है। (7) असफल निविदा पाये जाने पर धरोहर की राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदाकार को उसी दिन वापस लौटा दिया जावेगा। सफल निविदाकार की धरोहर राशि जमा रहेगी। (8) सफल निविदा पाये जाने पर धरोहर की राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदा में स्वीकृत सम्पूर्ण राशि जमा करने पर लौटा दी जायेगी। (9) सक्षम अधिकारी द्वारा निविदा स्वीकृत करने के पश्चात निविदा खुलने के दिनांक से 7 दिवस के अंदर पुराने, अनुपयोगी एवं कटे-फटे टायर / ट्यूब के विक्रिय मूल्य की राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। अन्यथा समय सीमा के उपरांत धरोहर की राशि बतौर जमा सत्यंकार की राशि शासन के पक्ष में राजसात कर ली जावेगी। (10) क्रय किये गये पुराने, अनुपयोगी एवं कटे-फटे टायर / ट्यूब का परिवहन जहां है जैसी स्थिति में है उसी स्थल से किया जावेगा। (11) इस कार्यालय के सक्षम / प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय ही अंतिम एवं मान्य होगा। (12) नीलामी में किसी भी प्रकार का विवाद होने पर प्रथम अपील क्षेत्र संचालक कान्हा टाईगर रिजर्व के समक्ष की जा सकती है। पश्चात विवाद की स्थिति में न्यायालयीन कार्यवाही मण्डला न्यायालय के अंतर्गत मान्य होगी।

**उप संचालक**
G-24066/24 **कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला**

### पश्चिमी हवाओं ने तापमान को दी शह

# अब दिन में धूप तेज रात में गुलाबी ठंड



**जबलपुर।** मौसम शुष्क होते ही पश्चिमी हवाओं ने असर दिखाना शुरू कर दिया है, जिसकी वजह से दिन का तापमान जो अभी सामान्य से नीचे चल रहा था, अब सामान्य पर आ गया है। दिन में धूप तो तेज लग रही है, लेकिन सूर्यास्त के बाद ठंडक घुल जाती है। अब धीरे धीरे गर्मी रफ्तार पकड़ेगी। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पश्चिमी हवाओं की वजह से मौसम के मिजाज में बदलाव शुरु हो गया है। पिछले दिनों के मुकाबले रविवार गर्म रहा। पिछले २४ घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 49 प्रतिशत और सायंकाल 18 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.23 मिनिट पर वहीं सूर्यास्त शाम ६.17 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 37.8 डिग्री तापमान बड़वानी में दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम 10.0 डिग्री शहडोल में दर्ज किया गया. उत्तर पश्चिमी हवायें १ से २ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले २४ घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### *अस्पताल में ऑनलाईन बुकिंग के नाम पर 47 हजार की ठगी*

**जबलपुर।** आधारताल थानान्तर्गत एक युवक को अपनी मामी को एक निजी अस्पताल में दिखाने के लिए ऑनलाईन अपाईमेंट लगाना भारी पड़ गया। गूगल से अस्पताल का ऑनलाईन फोन नंबर सर्च करते समय किसी जालसाज ने युवक को कॉल कर एक लिंक भेजकर उसे डाउन लोड करने का झांसा देकर खाते से 47 हजार रूपए निकाल लिए। अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आधारताल पुलिस ने बताया कि गलगला चौक निवासी आशीष गुप्ता ने अपनी मामी को दिखाने के लिए जबलपुर अस्पताल का गूगल के माध्यम से ऑनलाईन फोन नंबर सर्च किया था। इसके बाद उसे एक मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ जिसकर सम्पर्क करने से पता चला कि अपाइमेंट बुक करने के लिए दस रूपए का ट्रांसजेक्शन करना होता है उसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने उसे टैक्स मैजेस कर एक लिंक भेजी जब आशीष ने लिंक को डाउनलोड कर ऑनलाईन दस रूपए ट्रांसफर करने का प्रयास किया तो सर्वर बफरिंग करने लगा।

### राशन दुकानों में वजन कम मिलने का आरोप

# गेहूं, चावल और शक्कर की बोरियों में हो रही है चोरी

हरिभूमि जबलपुर।

विगत कुछ महीनों में मध्यप्रदेश के पनागर, सिहोरा, शहपुरा और पाटन के शासकीय राशन दुकानों से जुड़ी एक गंभीर शिकायत सामने आई है, जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि वेयर हाउस से राशन दुकान में भेजे जाने वाले अनाज की प्रत्येक बोरी में 2 से 3 किलो अनाज कम निकल रहा है। इस मुद्दे को लेकर सेल्समेन और समिति प्रबंधकों ने कई बार शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि 2023 और 2024 में हुई गेहूं की खरीदी की बोरियों में वजन कम था, और इस कमी को पूरा करने के लिए उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वेयर हाउस द्वारा भेजी जा रही चावल, गेहूं और शक्कर की बोरियों में औसतन 2 से 3 किलो की कमी पाई जा रही है। यह कमी बोरियों की तौल करते समय स्पष्ट रूप से दिख रही है, और बावजूद इसके, लीड सोसायटी और वेयर हाउस प्रबंधन 50 किलो प्रति बोरी का बिल भेज रहे हैं, जो कि निर्धारित वजन से कहीं कम है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वेयर हाउस में रखे गेहूं, चावल और चना की बोरियों में कर्मचारी आपस में सांठगांठ कर अनाज की चोरी कर रहे हैं। बोरियों का वजन हमेशा 47 किलो 500 ग्राम से लेकर 48 किलो तक ही निकलता है, जबकि इन बोरियों का वजन बारदाना सहित 50 किलो होना चाहिए। यही नहीं, इस चोरी की वजह से राशन दुकानों में सेल्समेन को नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि जब बिक्री के बाद माल कम हो जाता है, तो उन्हें इसकी भरपाई अपने निजी खर्च से करनी पड़ती है।



इन घटनाओं को लेकर क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है कि शासकीय वेयर हाउस से भेजी जाने वाली अनाज की बोरियों में 'परखी' यानी बोरियों में किसी तरह की छेड़छाड़ करके अनाज की चोरी की जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मशीन से सिलाई की गई बोरियों में जस की तस सिलाई रहती है, जिससे बोरियों से 2 से 3 किलो अनाज बाहर गिर जाता है। इस चोरी की वजह से गेहूं, चावल और शक्कर की बोरियों में निर्धारित वजन की कमी देखी जा रही है। चावल की बोरी कभी 47 किलो तक ही मिलती है, जबकि गेहूं की बोरी में 50 किलो का वजन कभी नहीं आता।

यह मामला स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। अब देखना होगा कि इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन कब सख्त कार्रवाई करेगा और अनाज चोरी की इस कड़ी को कब तक रोका जा सकेगा।

# होली के पहले बदल जाएगी भाजपा

### प्रदेश अध्यक्ष चुनाव अंतिम चरण में

**जबलपुर।** जबलपुर संगठन चुनाव की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है, जिसमें मंडल अध्यक्षों के चुनाव और जिला/नगर अध्यक्षों का निर्वाचन शामिल था। अब केवल प्रदेश अध्यक्ष का चयन बाकी है. मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। यदि आंचलिक समीकरण बने तो प्रदेश अध्यक्ष का पद जबलपुर आने की संभावना है. जिस तरह से केन्द्रीय संगठन ने प्रदेश शासन के मुखिया के चयन में चौंकाया था और बिलकुल नया नाम डॉ मोहन यादव का सामने आया था. उसी तरह से प्रदेश में संगठन के मुखिया में भी भाजपा बिलकुल नया चेहरा प्रोजेक्ट करने की तैयारी में है. जानकारी मान रहे हैं भविष्य की भाजपा तैयार करने की रणनीति पर अमल हुआ, तो अंडर 50 का फार्मूला लगे और बिलकुल नया चेहरा सामने लाया जाएगा. यदि ऐसा हुआ और इसमें आंचलिक समीकरण जुड़े, तो जबलपुर की लाटरी खुल सकती है।

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने के बाद से हलचल का माहौल बन गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व अब और देरी करने के मूड में नहीं है, क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव पूरी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू होनी है, जिस कारण यह निर्णय अब जल्दी लेना जरूरी हो गया है।

हालांकि, अब स्थिति बदल चुकी है और प्रतीत होता है कि यदि सब कुछ सही रहा तो होली के पहले ही नए प्रदेश अध्यक्ष का नाम घोषित किया जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए आधा दर्जन से अधिक दावेदार मैदान में हैं, जिनमें संगठन से लेकर विधायक, मंत्री और सांसद तक शामिल हैं।

## संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जबलपुर।** आगामी होली एवं रमजान पर्व को देखते हुए शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू होकर घंटाकर छोटी ओमती, गुरंदी, बेलबाग, घमापुर चौक, कांचघर, शीतला माई, प्रेम सागर चौकी, भान तलैया, व्यौवहार बाग, चार खम्बा, गोहलपुर, दमोहनाका, दीनदयाल चौक, विजय नगर, उखरी चौकी, कछपुरा ब्रिज, पंण्डा बाबा की मंढिया, त्रिपुरी चौक, सूपाताल, मदन महल, छोटी लाई, ब्लूम चौक, तीन पत्ती नौदरा ब्रिज, तैयब अली चौक होते हुए कंट्रोल रूम में वापिस सम्पन्न हुआ। इस दौरान ओमती थाना बेलवाग, हनुमानताल, गोहलपुर, माढ़ोताल, विजय नगर, कोतवाली, संजीवनी नगर, गढ़ा, मदन महल, गोरखपुर थाना क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों ने पुलिस बल के दस्तों ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर रमजान पर्व शुरू होने के साथ ही शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है जिसका मकसद आमजनों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रखना वहीं विघ्न संतोषी तत्वों के बीच पुलिस का भय पैदा करना है। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्रीमती सोनाली दुबे समेत थाना प्रभारी पुलिस राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।

### जवाब न देने पर रुकेगी 2 वेतन वृद्धि

# शोकाज नोटिस से राजस्व अधिकारियों में हड़कंप

**जबलपुर।** सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे के प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं होने और किसानों की फारमर रजिस्ट्री के लक्ष्य में कम प्रगति होने के मामले में कलेक्टर ने संज्ञान लेकर सख्त रुख अपनाते हुये. 25 राजस्व अधिकारियों को नोटिस जारी कर दो दिन के अंदर जवाब मांगा है. संतोषजनक जवाब न होने की स्थिति में संचयी प्रभाव से दो वेतनवृध्दि रोकने की चेतावनी दी गई. कलेक्टर के शोकाज नोटिस से अधिकारियों के हड़कंप का माहौल है. बताया जाता है कि इनमे से अधिकांश अफसरों को कलेक्टर पहले भी फटकार लगा चुके हैं।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत 25 राजस्व अधिकारियों को शोकाज नोटिस जारी किया है. नोटिस में यह भी कहा गया है कि दो दिन के भीतर यदि संतोषजनक जवाब नहीं जाता है, तो एक पक्षीय कार्यवाही के लिये वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाएगा। कलेक्टर ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि प्रमुख सचिव द्वारा फार्मर आईडी जनरेट करने संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया गया है और निर्धारित लक्ष्य भी पूरा नहीं किया गया। शनिवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि, राजस्व वसूली के लक्ष्यों की साप्ताहिक समीक्षा प्रत्येक शनिवार एवं समय-सीमा बैठकों में की जाती है। लेकिन लक्ष्य के मुकाबले न्यायालय में प्रकरणों के निराकरण और वसूली की प्रगति अत्यधिक कम है। लगातार की जा रही समीक्षा में यह पाया गया कि राजस्व वसूली और फार्मर रजिस्ट्री की कार्रवाई निर्देशानुसार नहीं हो रही, जो अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही को दर्शाता है। शनिवार को ली गई राजस्व अधिकारियों की बैठक मे कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत 25 राजस्व अधिकारियों की 2 वेतन वृद्धि रोके जाने के प्रस्ताव को वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा है।

**इन अधिकारियों को मिला नोटिस**

पूर्णिमा खण्डायत अतिरिक्त तहसीलदार कटंगी, निधि शर्मा, नायब तहसीलदार कटंगी, सरफराज अली, नायब तहसीलदार- पाटन, अनिल सिंह, प्रभारी नायब तहसीलदार-रांझी, कल्याण सिंह, प्रभारी नायब तहसीलदार शहपुरा,आदर्श जैन, नायब तहसीलदार, बरेला, प्रजीत बंसोड, नायब तहसीलदार पनागर, जय सिंह धुर्वे,अतिरिक्त तहसीलदार, सृष्टि शाह इनवाती, नायब तहसीलदार, शशांक दुबे, प्रभारी तहसीलदार , सिहोरा, रविंद्र पटेल, प्रभारी तहसीलदार, शहपुरा, आदि शामिल हैं।




72198 21111 | BAJAJ SECURE | BAJAJ CREDIT

*Terms and conditions apply. *Offer available on Pulsar 125 Carbon Fibre and Pulsar 150 models. *Ex Showroom price for N160 Twin Disc variant. *Down payment for Pulsar 125 Carbon Fibre. Bajaj Auto reserves the right to withdraw any or all offers without prior notice. Stunts have been performed by experts, under professional supervision, in a controlled and enclosed environment, in isolation from general public or public roads. Do not attempt to replicate these stunts and always follow traffic and safety rules. AMC available on specific models and in specific states. Check with Bajaj dealer for more details. Roadside Assistance is provided by third parties and is subject to their terms and conditions.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.:** Jabalpur : Nagrath Chowk FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • Wright Town FRONTIER BAJAJ 77710 11280 • Damoh Naka SELECT BAJAJ 7880097791 • Balaghat SAI BAJAJ 9425822517• Damoh MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • Shahdol JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Katni TARA BAJAJ 9111407700. Authorised Service Centre : Adhartal 9479999997, Anuppur 9826688221, Bahoriband 8602598363, Barghat 9303455660, Baihar 9555367761, Barhi 9179202547 Bichiya 9424340254, Bijuri 8827988201 Birsinghpur Pali 6264386139, Chhapara 9713908909, Chichli, 9425419598, Dhanpuri 7489650025, Dindori 9425854910, Gadarwara 9617873963, Gadasarai 9522711045 Gotegaon 9424631001, Hatta 9425094139, Jaisingh Nagar 9425472262, Kareli 9926349292, Katangi 9302930389 Keolari 7879822080 Keswahi 9669691764 Kirnapur 9009464748, Kotma 9329404241, Kundam 9981874048, Lakhnadon 7999593709, Madan Mahal 7880097793, Majholi 7898404020, Mandla 077710 03238, Manpur 9993009143, Nainpur 9595929353, Nowrozabad 7697487999, Palari 9165621818, Panagar 9302893617, Papaundh 9754290155 Patharia 9893678714, Rampur 9827246605, Saleemanabad 8823822886, 9691093624 Shahpura bhitoni 9755453839, Shahpura Dindori 7987250082, Sihora 9826439447, Umaria 9302281902, Waraseoni 9425822517. Saikheda 9893108022, Lanji 9424906995, Ghansore 7566551504, Majhagawan 9399249831 Rithi 9179891917, 7587524410 Badwara 9098307441,8462995655 Chandangaon 7771003685, Adegaon 9926964389, Vijayraghogarh 8225880280, 769200280, Tendukheda 9424994577, Gokalpur 8109090222.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240